नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 15

अंक : 07

सोमवार, 17 से 23 मार्च 2025

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक

सीएम रेखा गुप्ता ने मालवीय नगर में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण 03

इजराइल ने गाजा में टैंक उतारे, जमीनी हमले शुरू 08

# NCR समाचार

विराट कोहली ने पहनी 2.50 करोड़ रुपए की घड़ी 10

2 से 5 साल के बच्चों को डिसिप्लिन सिखाने का ये है बेस्ट तरीका 11



इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in BY C.R.O. TEAM twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

मां बनने के बाद काम पर लौटने की तैयारी... 12

# दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू

## बजट सत्र में वित्तीय और नीतिगत मुद्दों पर होगी चर्चा

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का आठवां बजट सत्र सोमवार पूर्वाह्न 11:00 बजे पुराना सचिवालय स्थित विधानसभा भवन में प्रारंभ होगा।

विधान सभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह सत्र वित्तीय नीतियों और आगामी वित्तीय वर्ष के विकास रोडमैप को निर्धारित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि यह सत्र 24 से 28 मार्च 2025 तक चलेगा, और आवश्यकता पड़ने पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है। बजट सत्र में दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के कामकाज पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (कैग) रिपोर्ट सदन में पेश की जाएगी। यह तीसरी कैग रिपोर्ट होगी, जो कल सदन में प्रस्तुत की जाएगी।

बजट सत्र के प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं:- 25 मार्च (मंगलवार) को वित्त वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा। 26 मार्च (बुधवार) को बजट पर चर्चा होगी, 27 मार्च (गुरुवार) को विधानसभा में बजट को मंजूरी दी जाएगी, 28 मार्च (शुक्रवार) को निजी विधेयकों और संकल्पों पर चर्चा होगी। सदन में प्रश्नकाल और विधानसभा की प्रत्येक दिन कार्यवाही पूर्वाह्न 11:00 बजे शुरू होगी, अपराह्न एक बजे से दो बजे तक भोजन अवकाश रहेगा। इसके अलावा प्रश्नकाल 24, 26, 27 और 28 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जिसमें मंत्रीगण सदस्यों के प्रश्नों के उत्तर देंगे।

विज्ञप्ति में बताया गया है कि कोई भी सदस्य लोक महत्व के मुद्दे उठाने के लिए कार्यवाही से एक दिन पहले शाम 5:00 बजे तक नोटिस दे सकता है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन बैलेट प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए 10 विषयों पर चर्चा होगी। शुक्रवार को निजी संकल्पों पर चर्चा होगी, जिसके लिए 12 दिन पहले नोटिस देना आवश्यक होगा। श्री गुप्ता ने सभी सदस्यों से सदन की गरिमा बनाए रखने और नियमों का पालन करने का अनुरोध किया है। प्रत्येक दिन कार्यवाही शुरू होने से पहले सुबह 10:55 बजे क्वोरम बेल बजाई जाएगी।



### कैट को पीएम मोदी के विकसित दिल्ली विजन के लिए प्रगतिशील बजट की उम्मीद

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) को दिल्ली के लिए एक दूरदर्शी बजट की उम्मीद है, जो दिल्लीवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित दिल्ली विजन में महत्वपूर्ण योगदान देगा। एक मजबूत और समावेशी बजट राष्ट्रीय राजधानी में बुनियादी ढांचे, व्यापार और आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने की नींव रख सकता है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक सांसद श्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि, ह्लदिल्ली के पास आर्थिक और आधारभूत विकास के लिए एक आदर्श शहर बनने की अपार संभावनाएं हैं। हम उम्मीद करते हैं कि बजट में बेहतर नागरिक सुविधाओं, आधुनिक बाजारों, उन्नत लॉजिस्टिक्स और व्यापार के डिजिटलीकरण पर ध्यान दिया जाएगा, जो दिल्ली को एक वैश्विक व्यापार केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।ह्व इसके अलावा, उन्होंने उम्मीद जताई कि बजट में शहरी परिवहन, प्रदूषण नियंत्रण और स्मार्ट सिटी पहल के लिए आवश्यक प्रावधान किए जाएंगे, जिससे दिल्लीवासियों के जीवन स्तर में सुधार होगा। विकसित भारत 2047 मिशन के अनुरूप एक विकासोन्मुखी बजट आत्मनिर्भर और समृद्ध दिल्ली के निर्माण में सहायक होगा।

### आने वाला बजट दिल्ली की जनता को समर्पित बजट होगा : वीरेन्द्र सचदेवा

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के लिए पेश होने वाले आगामी बजट को लेकर कहा है कि आने वाला बजट दिल्ली की जनता को समर्पित बजट होगा और हमने अपने संकल्प पत्र में जो कुछ भी कहा है उसको समर्थित बजट होगा। श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की हमारा पहला संकल्प है दिल्ली का सर्वांगिण विकास और उसके लिए हर क्षेत्र और समाज वर्ग के लिए बजट में प्रावधान होगा चाहे वह युवा हो, महिला हो, किसान हो या फिर व्यापारी वर्ग हो। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता के सुझावों पर तैयार किया गया यह बजट होगा। दिल्ली को पिछले 10 सालों से विकास की गति को रोकने का जो काम किया गया है, उसको पीछे छोड़ते हुए भाजपा सरकार अब विकसित दिल्ली की संकल्प के साथ आगे काम करेगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री जो खुद दिल्ली की छात्रा रही हैं ने शिक्षा के साथ-साथ अन्य विभागों पर विशेष ध्यान दिया है। सभी विभागों के पदाधिकारियों और समाज के हर वर्ग से संवाद करने का काम किया है, आने वाला बजट दिल्ली के विकास को एक नई दिशा देने का काम करने वाला है।

# बिहार नई करवट ले रहा है, इसलिए वहां एनडीए की सरकार होना जरूरी: यादव

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि आज बिहार नई करवट ले रहा है। ऐसे में देश में और बिहार में एनडीए की सरकार होना जरूरी है।

डॉ यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, बिहार शासन के मंत्री राजू कुमार सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद ने आज यहां भाजपा प्रदेश कार्यालय में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब बिहार में एनडीए की सरकार बनी, तो उस सरकार ने वहां के ऐतिहासिक स्थलों, नालंदा जैसे विश्वविख्यात विश्वविद्यालय और धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का जीर्णोद्धार कराया। सड़कें और हाइवे बनाए, आईआईटी और आईआईएम जैसे शैक्षणिक संस्थान खोले और बिहार को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया। आज बिहार नई करवट ले रहा है। ऐसे में देश में और बिहार में एनडीए की सरकार होना जरूरी है।





मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मिलन समारोह में उपस्थित सभी भोजपुरी भाई-बहनें ये संकल्प लें कि आने वाले चुनाव में बिहार में एनडीए की सरकार बनाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के सपूत पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने पं. जवाहरलाल नेहरू के मना करने के बावजूद सरदार वल्लभ भाई पटेल के आमंत्रण पर सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन किया था। सनातन संस्कृति के संरक्षण में उनके इस योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। डॉ राजेंद्र प्रसाद की स्मृति में भोपाल में पॉर्क भी बनेगा और उनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।

डॉ यादव ने कहा कि बिहार एक स्वतंत्र राज्य के रूप में भले ही 1912 में अस्तित्व में आया हो, लेकिन मध्यप्रदेश से उसके ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। मौर्य काल में जब सम्राट पाटलिपुत्र में बैठते थे, तो भावी सम्राट अवंतिका में बैठकर शासन व्यवस्था संभालते थे। उस काल में सम्राट अशोक ने भी अपने जीवन के 10 वर्ष अवंतिका में बिताए थे। विधर्मियों ने जब राजा भोज के साम्राज्य पर आक्रमण किया, तो यहां के लोगों ने अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए बिहार में ही शरण ली थी। हमें यह बताते हुए गर्व की अनुभूति होती है कि भोजपुरी बोली भी राजा भोज से संबंधित है। बिहार के क्षत्रियों में उज्जैनिया ठाकुर के नाम वाली भी एक शाखा है, जो उज्जैन से बिहार के घनिष्ठ संबंधों को प्रदर्शित करती है।


उन्होंने कहा कि बिहार देश का इकलौता राज्य है जिसका नाम वृंदावन बिहारी यानी भगवान कृष्ण के नाम पर है। नरकासुर के वध के लिए भगवान कृष्ण द्वारका से बिहार होते हुए ही असम गए थे। भगवान राम और कृष्ण के नाम से ही हमारी संस्कृति चलती है, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी हमेशा भगवान राम और कृष्ण का रास्ता रोकते रहे हैं। इन्हीं लोगों ने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान लालकृष्ण आडवाणी की रथयात्रा को रोका था। आप सभी को यह याद रखना है कि जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं।

# मीडिया गलतियां उजागर करे, गलत मिले तो मेरे मंत्रालय को भी न बख्शे: नितिन गडकरी

- अगर कोई ठेकेदार अनियमितता में लिप्त पाया गया तो ब्लैक लिस्ट में डाल देंगे : गडकरी

**नागपुर, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि समाज में बदलाव लाना सभी की जिम्मेदारी है, जिसमें समाचार पत्रों और मीडिया भी शामिल है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मीडिया को गलत चीजों की निंदा करनी चाहिए और सकारात्मक चीजों की सराहना करनी चाहिए। एक मीडिया समूह की ओर से आयोजित नागपुर हीरोज कार्यक्रम को उन्होंने संबोधित किया। इस दौरान भाजपा के सीनियर नेता ने मीडिया से कहा कि अगर उन्हें उनके मंत्रालय में कोई गड़बड़ी नजर आए तो वे उसकी कड़ी निंदा करें।

नितिन गडकरी ने कहा, मान्यता और सम्मान आपके व्यक्तित्व से नहीं, बल्कि आपके चरित्र और गुणों से मिलता है। आजकल अच्छा काम करने के बाद आपको कोई नहीं पूछता। कई बार अच्छी खबरें प्रकाशित नहीं होतीं और गलत चीजें प्रमुखता से जगह बना लेती हैं। उन्होंने नायकों को सम्मानित करने के लिए सराहना करते हुए कहा, ह्यसमाज का परिवर्तन समाचार पत्रों और मीडिया सहित सभी की जिम्मेदारी है। अच्छी चीजों को समाज के सामने लाया जाना चाहिए। साथ ही जो गलत है उसके बारे में जागरूकता भी होनी चाहिए।



बीजेपी लीडर गडकरी ने कहा कि अगर कोई ठेकेदार अनियमितता में लिप्त पाया गया तो उसे काली सूची में डाल दिया जाएगा। अगर कोई टोल ऑपरेटर इस तरह संलिप्त मिला तो उन्हें जेल भेज दिया जाएगा। नितिन गडकरी ने बीते दिनों कहा था कि देश में 6 महीनों के भीतर पेट्रोल और इलेक्ट्रिक वाहनों के दाम एकसमान हो जाएंगे। गडकरी ने 32वें कन्वर्जेंस इंडिया और 10वें स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 212 किलोमीटर लंबे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य अगले तीन माह में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा, छह महीने के भीतर ईवी की कीमत पेट्रोल वाहनों के बराबर हो जाएगी। मंत्री ने कहा कि सरकार की नीति आयात विकल्प, लागत दक्षता, प्रदूषण मुक्त और स्वदेशी उत्पादन की है। देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार जरूरी है।

### सकारात्मक चीजों की सराहना करनी चाहिए

गडकरी इस बात पर जोर दिया कि मीडिया को गलत चीजों की निंदा करनी चाहिए और सकारात्मक चीजों की सराहना करनी चाहिए। गडकरी ने कहा, मान्यता और सम्मान आपके व्यक्तित्व से नहीं, बल्कि आपके चरित्र और गुणों से मिलता है। आजकल अच्छा काम करने के बाद आपको कोई नहीं पूछता। कई बार अच्छी खबरें प्रकाशित नहीं होतीं और गलत चीजें प्रमुखता से जगह बना लेती हैं। उन्होंने कहा, समाज का परिवर्तन समाचार पत्रों और मीडिया सहित सभी की जिम्मेदारी है। अच्छी चीजों को समाज के सामने लाया जाना चाहिए, साथ ही जो गलत है उसके बारे में जागरूकता भी होनी चाहिए। गडकरी ने कहा कि अगर कोई ठेकेदार अनियमितता में लिप्त पाया गया तो उसे काली सूची में डाल दिया जाएगा और अगर कोई 'टोल ऑपरेटर' इस तरह संलिप्त मिला तो उन्हें जेल भेज दिया जाएगा।

### सड़क दुर्घटनाओं पर जताई चिंता

उधर, नई दिल्ली में ही गडकरी ने "विजन जीरोः सस्टेनेबल इंफ्राटेक और सुरक्षित सड़कों के लिए नीति" विषय पर दो दिवसीय ग्लोबल रोड इंफ्राटेक समिट और एक्सपो (जीआरआईएस) का उद्घाटन किया। यहां उन्होंने कहा कि देश में होने वाली अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं सड़क डिजाइन, निर्माण और प्रबंधन में खराब सिविल इंजीनियरिंग प्रथाओं और अनुचित सड़क संकेत और चिह्न की वजह से होती हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि स्पेन, ऑस्ट्रिया और स्विट्जरलैंड जैसे देशों में जो किया जा रहा है, उसका पालन करके इसमें सुधार किया जा सकता है।

### सामाजिक असमानता को खत्म करने की जरूरत

उन्होंने कहा, 'लोग जातिवादी नहीं होते, बल्कि नेता अपने स्वार्थ के लिए जातिवादी होते हैं।' उन्होंने कहा कि सामाजिक असमानता को खत्म करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जातिगत भेदभाव खत्म होना चाहिए और इसकी प्रक्रिया खुद से शुरू होनी चाहिए।

### 'भले ही मुझे वोट मिले या न मिले, मैं अपने हिसाब से चलता हूं'

केंद्रीय मंत्री ने 15 मार्च को नागपुर में सेंट्रल इंडिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के दीक्षांत समारोह में शिरकत की थी। उन्होंने कहा था कि किसी व्यक्ति का मूल्य जाति, धर्म, भाषा या लिंग के बजाय उसके गुणों से निर्धारित होना चाहिए। किसी व्यक्ति को उसकी जाति, संप्रदाय, धर्म, भाषा या लिंग से नहीं, बल्कि उसके गुणों से जाना जाता है। इसलिए हम जाति, संप्रदाय, धर्म, भाषा या लिंग के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं करेंगे। गडकरी ने याद किया था कि कैसे कई लोग अपनी जातिगत पहचान के आधार पर उनसे संपर्क करते थे, लेकिन वह अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे। मैं राजनीति में हूं और यहां यह सब चलता रहता है, लेकिन मैं इससे इनकार करता हूं, भले ही इससे मुझे वोट मिले या न मिले। मैं अपने हिसाब से चलता हूं।

# विधायक नंदकिशोर गुर्जर को भाजपा ने दिया 'कारण बताओ नोटिस'

**लखनऊ, एजेंसी।** अपने विवादित बयानों के कारण लगातार सुर्खियों में रहने वाले भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंद किशोर गुर्जर को पार्टी ने कारण बताओ नोटिस जारी कर सरकार की आलोचना के लिए जवाब मांगा है और पूछा है कि उनके खिलाफ अनुशासनहीनता की कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। भाजपा प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने बताया कि नोटिस में गाजियाबाद के लोनी से विधायक नंद किशोर गुर्जर से पिछले कुछ समय से उनके द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर सरकार की आलोचना और पार्टी हितों को नुकसान पहुंचाने के लिए स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की ओर से यह नोटिस दिया गया है। नोटिस में कहा गया है, पिछले कुछ समय से आपके द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर सरकार की आलोचना की जा रही है एवं आपके वक्तव्यों तथा कृत्यों से पार्टी की प्रतिष्ठा को आघात पहुंच रहा है, जो कि अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निदेशार्नुसार आपको सूचित किया जाता है कि इस पत्र की प्राप्ति के सात दिन के भीतर स्पष्टीकरण दें, कि क्यों न आपके विरुद्ध अनुशासनहीनता की कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि नंदकिशोर गुर्जर द्वारा आयोजित राम कथा से पहले निकाली जा रही कलश यात्रा में हंगामा हो गया था। यात्रा से जुड़ा विवाद शुरू होने के बाद विधायक और लोनी पुलिस आमने-सामने आ गए। पुलिस और यात्रा निकाल रहे लोगों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। पुलिस प्रशासन ने इस यात्रा को बिना अनुमति के निकाले जाने की बात कहते हुए रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान पुलिस और विधायक समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की में विधायक के कपड़े फट गए। इसके बाद विधायक के कई बयान सरकार के अधिकारियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। पार्टी ने उन्हीं बयानों का संज्ञान लिया है।

# फंसाने, बदनाम करने की साजिश: न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने अपने आधिकारिक आवास पर मारी मात्रा में नकदी बरामदगी से इनकार किया है। उच्चतम न्यायालय की ओर से जारी दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय की रिपोर्ट में न्यायमूर्ति वर्मा अपने आधिकारिक आवास पर कथित तौर पर भारी मात्रा में रुपए बरामदगी की सूचनाओं को (न्यायमूर्ति वर्मा को) फंसाने और बदनाम करने की साजिश की तरह होने का दावा किया।

शीर्ष अदालत की बेवसाइट पर जारी 25 पन्नों की रिपोर्ट (जिसके कुछ हिस्से पर काली स्याही लगी होने की वजह से अस्पष्ट हैं) में न्यायमूर्ति वर्मा ने कहा, न तो मैंने और न ही मेरे परिवार के किसी सदस्य ने कभी भी उस स्टोररूम (जहां 14 मार्च 2025 की रात आग लग ने की घटना हुई) में कोई नकदी या मुद्रा जमा कर रखी थी।



उन्होंने दावा किया कि पूरी घटना हाल ही में हुई घटनाओं के एक क्रम का हिस्सा है, जिसमें दिसंबर 2024 में सोशल मीडिया पर प्रसारित निराधार आरोप भी शामिल हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के वरियता क्रम में द्वितीय न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा ने अपनी ओर से किसी भी नकदी की बरामदगी से इनकार करते हुए कहा, मैं स्पष्ट रूप से कहता हूं कि मेरे या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा उस स्टोररूम में कभी भी कोई नकदी नहीं रखी गई थी और इस बात की कड़ी निंदा करता हूं कि कथित नकदी हमारी थी।

शीर्ष अदालत वेबसाइट पर शनिवार देर रात उपलब्ध रिपोर्ट में मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय के प्रश्नों के उत्तर के अनुसार, न्यायमूर्ति वर्मा ने स्टोररूम के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले स्थान से नकदी की कोई बोरी बरामद होने से इनकार किया है, जहां सभी निजी और सीपीडब्ल्यूडी कर्मचारी आसानी से पहुंच सकते हैं और पीछली गेट से भी नकदी की कोई बोरी बरामद होने से इनकार किया है।

जांच के दौरान न्यायाधीश वर्मा ने अपने आवास पर हुई आग की घटना के दृश्य होने दावा करने वाले वीडियो दिखाए जाने पर कहा, मैं वीडियो की सामग्री देखकर पूरी तरह से हैरान रह गया, क्योंकि उसमें कुछ ऐसा दिखाया गया था जो मौके पर नहीं मिला था, जैसा कि मैंने देखा था....यह स्पष्ट रूप से मुझे फंसाने और बदनाम करने की साजिश लग रही थी। न्यायमूर्ति वर्मा ने कहा, यह विचार या सुझाव कि यह नकदी हमारे द्वारा रखी गई थी या संग्रहीत की गई थी, पूरी तरह से बेतुका है। उन्होंने कहा कि यह बताया जाना कि कोई व्यक्ति स्टाफ क्वार्टर के पास या 'आउटहाउस' में खुले, आसानी से सुलभ और आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले स्टोररूम में नकदी जमा करेगा, अविश्वसनीय और अविश्वसनीय है। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय के समक्ष रखे अपने पक्ष में उन्होंने यह भी कहा कि यह एक कमरा (स्टोर रूम) है, जो उनके रहने के स्थान से पूरी तरह से अलग है और एक चारदीवारी उनके रहने के क्षेत्र को उस बाहरी घर (स्टोर रूम) से अलग करती है।

नकदी बरामद होने के आरोप के संबंध में उन्होंने कहा, मैं एक बार फिर स्पष्ट करना चाहता हूं कि मेरे घर के किसी भी व्यक्ति ने कमरे में जली हुई मुद्रा देखने की सूचना नहीं दी है।

# वक़्फ विधेयक संविधान पर हमला: कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार वक़्फ विधेयक के जरिए संविधान पर एक और सोचा समझा हमला किया है और कहा कि इससे देश के सामाजिक ताने-बाने को नुकशान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां जारी एक बयान में कहा कि सरकार का उद्देश्य बहु-धार्मिक समाज के सामाजिक सद्भाव तोड़कर अल्पसंख्यक समुदाय की परंपराओं और संस्थाओं को बदनाम कर चुनावी लाभ के लिए ध्रुवीकरण की स्थिति पैदा करना है।

एनसीआर समचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**कार्यालय :**
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली- 62

**फोन :**
8888883968
9811111715

### एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार पत्र के समस्त पाठकों तथा समाचार पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टर जी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृव में हो रहा है।

**अतः** भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नए कार्यालय जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली- 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 सम्पर्क करें।

# लाल की जगह गुलाबी रिबन देख भड़के विधायक समसुल, कर्मचारी को केले के पेड़ से खूब कूटा

**बिलासिपारा, एजेंसी।**
बिलासीपारा की सड़कों पर इन दिनों एक ही चर्चा है- एआईयूडीएफ के विधायक समसुल हुदा और उनका वह गुस्सा, जो अब सुर्खियों का हिस्सा बन चुका है। एक छोटा-सा समारोह, एक गुलाबी रिबन और कुछ गायब ईंटें- ये वो चिंगारियां थीं, जिन्होंने विधायक साहब के गुस्से को भड़का दिया। नतीजा- एक कर्मचारी को गाली देना, हाथ उठाना, केले का पौधा उखाड़कर खूब पिटाई करना। यह घटना 18 मार्च को बिलासिपारा के सुवापाटा में एक शिलान्यास समारोह के दौरान हुई, जिससे धुबरी जिले में भारी आक्रोश फैल गया है।

गुलाबी रिबन और भड़का गुस्सा

यहां दैखोवा मार्केट में एक पुल की आधारशिला रखने का समारोह चल रहा था। विधायक समसुल हुदा वहां मुख्य अतिथि थे। मिली जानकारी के अनुसार, विधायक हुदा दोपहर 3 बजे अपने विधानसभा क्षेत्र में सड़क और पक्का पुल निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे। शुरुआत में समारोह सामान्य रूप से चल रहा था,



लेकिन तभी उनकी नजर पड़ी उस गुलाबी रिबन पर, जिसे लाल रिबन की जगह इस्तेमाल किया गया था। नारियल तोड़ने के लिए ईंटें भी नहीं थीं। नींव पत्थर के पास रखे केले के पेड़ की ऊंचाई से भी विधायक साहब को दिक्कत हुई। बस, यहीं से शुरू हुआ तमाशा। लोगों की मानें तो विधायक साहब का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। गुस्से में उन्होंने ठेकेदार के कर्मचारी सहिदुर रहमान को कॉलर से पकड़ा, थप्पड़ जड़ा और पास में लगा वही छोटा सा केला का पौधा उखाड़कर उससे हमला कर दिया। यह सब कुछ सेकंड में हुआ, लेकिन इसका असर अब तक गूंज रहा है।

यह घटना किसी सस्ते फिल्मी ड्रामे से कम नहीं थी। और जैसे ही इसका वीडियो सोशल मीडिया पर पहुंचा, लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। कोई इसे कुर्सी का अहंकार बता रहा है, तो कोई विधायक की मानसिक स्थिति पर सवाल उठा रहा है। एक यूजर ने लिखा, जनता के सेवक ऐसे व्यवहार करेंगे, तो भरोसा किस पर करें? पीड़ित सहिदुर रहमान की आवाज में दर्द साफ झलक रहा था। उसने कहा, मैं तो अपना काम कर रहा था। विधायक साहब को इतना गुस्सा क्यों आया, समझ नहीं आता। यह सवाल सिर्फ सहिदुर का नहीं, बल्कि पूरे बिलासिपारा के लोगों का है।

घटना के बाद पीड़ित रहमान ने उसी रात गौरीपुर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई, जिसे बाद में बिलासिपारा पुलिस स्टेशन ट्रांसफर किया गया। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 115(2), 8296, 352 और 351(2) के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आरोपों की गंभीरता को देखते हुए कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। जब मामला तूल पकड़ने लगा और एफआईआर दर्ज हो गई, तो विधायक साहब का रुख बदल गया। उन्होंने माफी मांगते हुए कहा, मैं मानता हूं कि मुझसे गलती हुई। परिस्थितियों ने मुझे ऐसा करने को मजबूर किया। मैं असम की जनता से माफी मांगता हूं। लेकिन यह माफी कितनी सच्ची है, इस पर सवाल उठ रहे हैं। क्या यह जनता का गुस्सा शांत करने की कोशिश थी, या सचमुच पछतावा? लोगों का कहना है कि अगर माफी मांगनी ही थी, तो पहले अपनी गलती क्यों नहीं मानी? और फिर, एक जनप्रतिनिधि को ऐसी परिस्थितियां क्यों बेकाबू कर रही हैं? यह पहली बार नहीं है जब कोई जनप्रतिनिधि अपने व्यवहार की वजह से चर्चा में आया हो। लेकिन समसुल हुदा की यह हरकत कई सवाल खड़े करती है। क्या पावर की कुर्सी इतनी भारी हो जाती है कि छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा फूट पड़ता है? या फिर यहि व्यक्तिगत अहंकार है, जो जनता की सेवा के वादों पर भारी पड़ रहा है? पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एआईयूडीएफ पहले से ही विवादों में घिरी है, और यह घटना पार्टी के लिए एक और झटका साबित हो सकती है। जनता की नजर अब इस बात पर है कि क्या विधायक साहब को अपनी हरकत की कीमत चुकानी पड़ेगी,

## संक्षिप्त समाचार

### बुजुर्गों के लिए आयोग बनाने वाला पहला राज्य बना केरल

**केरल, एजेंसी।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने गुरुवार को राज्य विधानसभा में केरल राज्य वरिष्ठ नागरिक आयोग विधेयक पारित होने पर खुशी जताई। उन्होंने इसे सामाजिक कल्याण में अग्रणी बताते हुए कहा कि केरल भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया है जिसने बुजुर्गों के कल्याण के लिए एक समर्पित आयोग की स्थापना करने वाला कानून पारित किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, केरल देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जिसने बुजुर्गों के अधिकार, कल्याण और पुनर्वास को सुनिश्चित करते हुए बुजुर्गों के लिए एक आयोग की स्थापना करने वाला कानून पारित किया है। उन्होंने आगे कहा, सामाजिक कल्याण में अग्रणी, त्तकेरल एक बार फिर अपने बुजुर्गों को समाज में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए सशक्त बनाकर आगे बढ़ा है - अपने जन-केंद्रित विकास मॉडल को मजबूत कर रहा है। बुधवार को पारित यह विधेयक, केरल में बुजुर्गों के कल्याण के लिए एलडीएफ सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है और राज्य में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक नए युग की शुरुआत करता है। आयोग का मुख्य उद्देश्य 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के कल्याण, संरक्षण और पुनर्वास को सुनिश्चित करना है। यह आयोग उनके अनुभव, नवीन विचारों और समस्या-समाधान क्षमताओं के माध्यम से समाज में योगदान करने की उनकी क्षमता को भी मान्यता देगा। आजकल बुजुर्गों की उपेक्षा, शोषण और परित्याग से संबंधित चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। यह आयोग इन चुनौतियों को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करने की दिशा में काम करेगा। इसके अलावा, यह वरिष्ठ नागरिकों के पुनर्वास की सुविधा के लिए सक्रिय कदम उठाएगा, उनके कौशल को व्यापक समाज में एकीकृत करेगा और उनके अधिकारों की रक्षा करेगा। इतना ही नहीं, आयोग वरिष्ठ नागरिक कल्याण और सुरक्षा से संबंधित मामलों पर नीतिगत दिशा-निर्देश प्रदान करने के लिए भी जिम्मेदार होगा।

### दिवाली पर बोनस ना मिलना और सैलरी कटने से नाराज ड्राइवर ने गाड़ी में लगाई आग, 4 की मौत

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र में पुणे के हिंजेवड़ी में एक गुस्साए टेंपो ड्राइवर ने वाहन में आग लगा दी। आग लगने से एक ग्राफिक्स कंपनी के चार कर्मियों का मौत हो गई। पहले इसे एक हादसा माना जा रहा था, लेकिन पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। टेंपो ड्राइवर कर्मियों से विवाद और सैलरी में वृद्धि ने होने के चलते वह नाराज था और गुस्से में आकर उसने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ड्राइवर ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी टेंपो ड्राइवर का नाम जनार्दन हंबार्डिकर है, जो पुणे के कोथरूड का निवासी है। डीसीपी विशाल गायकवाड़ ने बताया कि आरोपी ड्राइवर हिंजेवड़ी में स्थित एक ग्राफिक्स कंपनी में ड्राइवर है और उसने बुधवार सुबह टेंपो में आग लगाई थी। इस हादसे में कंपनी के चार कर्मचारियों की मौत हो गई है। इसके अलावा 6 मजदूर गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। वहीं, कुछ लोगों ने किसी तरह वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। पुलिस पहले इस शॉट सर्किट के चलते आग लगने की घटना मान रही थी, लेकिन जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी जनार्दन हंबार्डिकर ने रंजिशन इस वारदात को अंजाम दिया है। बता दें, आरोपी ड्राइवर जनार्दन का कंपनी के स्टाफ से विवाद हो गया था। इसके बाद उसे दीवाली पर बोनस नहीं दिया गया और उसकी सैलरी भी काट ली गई थी, इससे वह बेहद नाराज था। पुलिस उपायुक्त विशाल गायकवाड़ ने बताया कि ड्राइवर ने गाड़ी में पहले केमिकल रखा और उसके बाद सीट के नीचे कपड़ा रख दिया।

# आरबीआई के पूर्व अफसर को सीबीआई और ईडी का डर दिखा डिजिटल अरेस्ट कर 3 करोड़ ठगे



**नोएडा, एजेंसी।**
नोएडा में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के रिटायर्ड अधिकारी और उनकी पत्नी को 15 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रख 3 करोड़ रुपये ठगने का मामला सामने आया है। जालसाजों ने बुजुर्ग दंपती को सीबीआई का डर दिखाकर झांसे में लिया था। इतना ही नहीं, रकम ऐंठने के बाद आरोप मुक्त करने का फर्जी आदेश भी भेजा। इसमें कहा गया था कि उनके सभी फंड वैध हैं।

साइबर अपराधियों ने सेक्टर-75 स्थित गार्डेनिया गेटवे सोसाइटी निवासी 78 वर्षीय बिरज कुमार सरकार और उनकी पत्नी को 15 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रखा। इस दौरान दंपती को सिर्फ खाने और दैनिक प्रक्रिया करने और ऑनलाइन घरेलू सामान मंगाने की छूट दी गई। इस अलावा आरोपियों ने दंपती को मनी लॉन्ड्रिंग और निवेश के नाम पर धोखाधड़ी के आरोप में लिप्त होने का डर दिखाया। किसी व्यक्ति से जानकारी साझा करने पर तत्काल गिरफ्तारी करने की धमकी दी गई। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनके जीवन का लंबा समय नौकरी में व्यतीत हुआ है। उन्हें खुद विश्वास नहीं है कि वह डिजिटल अरेस्ट कैसे हो गए। जालसाजों ने सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों के साथ-साथ देश के सर्वोच्च न्यायिक संस्थान के नाम का भी दुरुपयोग किया और उनके जीवनभर की कमाई को धोखे से हड़प लिया।

जालसाजों ने पीड़ित बुजुर्ग और उनकी पत्नी को झांसे में लेने के लिए 3 मार्च को सुप्रीम कोर्ट के नाम से एक फर्जी आदेश (स्पष्टीकरण पत्र) भेजा। इसमें कहा गया था कि उनके सभी फंड वैध हैं। न्यायालय को नरेश गोयल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनके धन की कोई संलिप्तता नहीं मिली, इसलिए 6 से 7 दिन के भीतर रुपये वापस आ जाएंगे। उस समय तक जालसाज उनसे रकम ऐंठ चुके थे। हालांकि, बुजुर्ग दंपती मामले की किसी को जानकारी न दे पाएं, इसलिए उन्हें डिजिटल अरेस्ट रखना जारी रखा। एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी रुपये नहीं आए तो पीड़ित को ठगी होने का अहसास हुआ और उसके बाद उन्होंने साइबर अपराध थाने में केस दर्ज करवाया।

# केंद्रीय मंत्री राजभूषण निषाद के रिश्तेदार पर हमला, बेगूसराय में ताबड़तोड़ फायरिंग से हड़कंप

**बेगूसराय, एजेंसी।**
केंद्रीय मंत्री राजभूषण चौधरी निषाद के रिश्तेदार पर बिहार के बेगूसराय में हमला हुआ है। जिले के कुंभी गांव में गुरुवार रात को एक दुकान पर बेखौफ अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस वारदात से हड़कंप मच गया। दुकानदार मालिक सहनी (55) गोली लगने से घायल हो गए। वे केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री एवं मुजफ्फरपुर से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद राजभूषण चौधरी निषाद के चचेरे मामा हैं। उनका बेगूसराय के सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक दिन पहले ही भागलपुर जिले के नवगछिया में केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय के भांजे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

जानकारी के अनुसार मंत्री राजभूषण



चौधरी निषाद का ननिहाल बेगूसराय जिले में है। कुंभी गांव के भगवती चौक पर उनके चचेरे मामा मालिक सहनी दूध डेयरी की दुकान चलाते हैं। दो दिन पहले कुछ लोग बाइक पर सवार होकर एक शख्स दुकान पर आया था। उस वक्त मालिक का बेटा विकास दुकान पर था। उधार में कोल्डड्रिंक नहीं देने पर उसने जान से मारने की धमकी दी थी। मालिक सहनी ने बताया कि गुरुवार रात को जब वह दुकान पर थे, तब दोनों बदमाश दोबारा आए और फायरिंग करने लगे। 3 गोलियां दुकान में जा घुसी। इसमें से एक गोली उनके दाहिने पैर में लगी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

दूसरी ओर, नवगछिया के परबत्ता थाना क्षेत्र में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के दो भांजों के बीच नल का पानी भरने को लेकर विवाद हो गया था। गुरुवार अहले सुबह दोनों ओर से की गई गोलीबारी में एक भांजे की मौत हो गई। बीच-बचाव करने आई मंत्री की बहन भी घायल हो गई।

# नासा अपने एस्ट्रोनॉट्स को टॉयलेट कराने पर हर साल खर्च कर देता है 35 करोड़

**वाशिंगटन, एजेंसी।** जब हम अंतरिक्ष यात्रा के बारे में सोचते हैं, तो अक्सर हमें रोमांचक दृश्य और तकनीकी अचंभों की याद आती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि अंतरिक्ष में एस्ट्रोनॉट्स की सामान्य ज़िंदगी की सुविधाओं पर कितना खर्च आता है? नासा, जो अंतरिक्ष यात्रा की सबसे प्रमुख एजेंसियों में से एक है, अपने एस्ट्रोनॉट्स की जीवन प्रणाली और जरूरतों पर भारी खर्च करता है। हाल ही में एक रिपोर्ट ने यह खुलासा किया है कि नासा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर एस्ट्रोनॉट्स के लिए टॉयलेट और अन्य जीवन प्रणाली पर हर साल लगभग 35 करोड़ रुपये खर्च करता है। नासा का यह खर्च सिर्फ टॉयलेट तक सीमित नहीं है। आइएसएस में एस्ट्रोनॉट्स के जीवन को सुविधाजनक बनाने के लिए कई उन्नत तकनीकों का उपयोग किया जाता है। इनमें से एक प्रमुख तकनीक है यूरिन (पेशाब) को रिसाइकिल करके उसे पीने योग्य पानी में बदलना। यह तकनीक न सिर्फ पानी की बचत करती है, बल्कि अंतरिक्ष यात्रियों को ताजे पानी की आपूर्ति भी करती है। इसके अलावा, पानी के अणुओं को बिजली की मदद से अलग करके ऑक्सीजन और हाइड्रोजन बनाने का भी प्रबंध किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पानी का सबसे बड़ा स्रोत एस्ट्रोनॉट्स का यूरिन है। इस यूरिन को विशेष प्रक्रिया से रिसायकल किया जाता है ताकि इसे पीने योग्य बनाया जा सके। यह प्रक्रिया बेहद जटिल होती है, और इसमें कई फिल्टर और तकनीकी उपकरणों का इस्तेमाल किया जाता है, ताकि यूरिन को साफ करके ताजे पानी में बदला जा सके। इस प्रक्रिया से न केवल पानी की बचत होती है, बल्कि अंतरिक्ष में रहने वालों के लिए पानी की कोई कमी नहीं होती। अंतरिक्ष स्टेशन में ऑक्सीजन का निर्माण एक अत्याधुनिक तकनीक के द्वारा किया जाता है। यहां पानी के अणुओं को विद्युत ऊर्जा के माध्यम से अलग किया जाता है, जिससे ऑक्सीजन और हाइड्रोजन उत्पन्न होते हैं। यह प्रक्रिया न केवल एस्ट्रोनॉट्स के लिए सांस लेने योग्य हवा का निर्माण करती है, बल्कि हाइड्रोजन को अन्य उद्देश्यों के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है। आइएसएस पर एक और महत्वपूर्ण तकनीक का इस्तेमाल होता है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरों में 3.53 लाख मकान बनाने को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 (पीएमएवाई-यू 2.0) के अंतर्गत 20 मार्च 2025 को केंद्रीय मंजूरी और निगरानी समिति (सीएसएमसी) की बैठक में 3.53 लाख से अधिक घरों के निर्माण के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। यह जानकारी शुक्रवार को आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की एक विज्ञापन में दी गई।

विज्ञप्ति के अनुसार आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला ने 20 मार्च को पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत सीएसएमसी की पहली बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पीएमएवाई-यू 2.0 के बीएलसी और साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी) घटकों के अंतर्गत 10 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों अर्थात आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, ओडिशा, पुडुचेरी, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश में कुल 3,52,915 घरों के निर्माण के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। स्वीकृत घरों में से महिलाओं के लिए 2.67 लाख से अधिक घर स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें एकल महिलाएं और विधवाएं



शामिल हैं, साथ ही 90 घर ट्रांसजेंडरों को आवंटित किए गए हैं। कुल स्वीकृत घरों में से, अनुसूचित जाति (एससी) लाभार्थियों के लिए 80,850 घर,अनुसूचित जनजाति ( एसटी) के लिए 15,928 और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के लिए 2,12,603 ??घर स्वीकृत किए गए हैं, जो विभिन्न वंचित समूहों के बीच समावेशिता और समानता को बढ़ावा देते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत राज्य के हिस्से के अलावा, उत्तर प्रदेश सरकार प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक लाभार्थी (जो 70 वर्ष से अधिक उम्र के हैं) को 30,000 रुपये और प्रत्येक अविवाहित महिला (40 वर्ष से अधिक उम्र), विधवा और अलग रह रही महिला लाभार्थी को 20,000 रुपये प्रदान कर रही है।

पीएमएवाई-यू 2.0 वर्तमान में कार्यान्वयन चरण में है, जिसके लिए मंत्रालय और 31 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के बीच सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। योजना के कार्यान्वयन के लिए मंत्रालय और केंद्रीय नोडल एजेंसियों (सीएनए) के बीच भी सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके अलावा, 200 से अधिक प्राथमिक ऋण संस्थानों के साथ सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। लाभार्थियों को योजना के लिए सीधे आवेदन करने में मदद करने के लिए मंत्रालय द्वारा एक वेब पोर्टल विकसित किया गया है।

आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने पहली सितम्बर 2024 से देश भर के शहरी क्षेत्रों में 1 करोड़ अतिरिक्त पात्र लाभार्थियों के लिए कार्यान्वयन हेतु पीएमएवाई-यू 2.0 'सभी के लिए आवास' मिशन शुरू किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी के लिए आवास के दृष्टिकोण के अनुसरण में, पीएमएवाई-यू 2.0, 5 वर्षों में 01 करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की आवास आवश्यकताओं को पूरा करेगा, जिससे प्रत्येक नागरिक बेहतर जीवन स्तर प्राप्त कर सके।

पीएमएवाई-यू 2.0 को चार वर्टिकल के माध्यम से लागू किया जा रहा है झ बीएलसी, भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी), किफायती किराया आवास (एआरएच) और ब्याज सब्सिडी योजना (आईएसएस)। पात्र लाभार्थी अपनी पसंद और पात्रता के अनुसार किसी भी एक वर्टिकल के अंतर्गत लाभ उठा सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश के साथ 2.30 लाख करोड़ रुपए की सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी।

# जम्मू कश्मीर में विकास का नया युग, अगले वर्ष नक्सलवाद जड़ से खत्म : शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार ने शांति और सुरक्षा की नींव पर जम्मू कश्मीर में विकास और लोकतंत्र का नया युग शुरू किया है, सरकार ने संवाद, सुरक्षा तथा समन्वय को अपना कर नक्सलवाद की समस्या पर जीत हासिल की है और अगले वर्ष 31 मार्च तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो जायेगा।

श्री शाह ने सदन में गृह मंत्रालय के कामकाज पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने विभिन्न अलगावादी संगठनों के साथ अनेक समझौते किये हैं जिससे पूवोत्तर की समस्या भी कमोबेश खत्म करने की कगार पर है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में शांति है और विवाद के लिए जिम्मेदार दोनों समुदायों में बातचीत हुई है तथा उम्मीद है कि इस समस्या का जल्द समाधान हो जायेगा।

गृह मंत्री ने तमिलनाडु पर हिन्दी भाषा थोपने के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनकी सरकार देश की हर भाषा के प्रचार प्रसार की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी



सरकार भाषा के नाम पर जहर घोलने तथा भाषा की आड में घोटाले और भ्रष्टाचार का पदार्फाश करने के लिए तमिल भाषा में संवाद करेगी। उन्होंने कहा कि वह स्वयं आगामी दिसम्बर से तमिलनाडु सरकार के साथ तमिल भाषा में ही संवाद करेंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार ने वोट बैंक की परवाह किये बिना देश हित में कड़े और कठोर निर्णय लिये हैं जिससे आतंकवाद की कमर तोड़ दी गयी है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर से धारा 35 ए और अनुच्छेद 370 को हटाये जाने के बाद आमूलचूल परिवर्तन आया है।

श्री शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाकर को एक संविधान और निशान के मूलमंत्र को ध्यान में रखकर देश की मुख्यधारा में शामिल किया गया है। विपक्षी सदस्यों के अनुच्छेद 370 को हटाये जाने से संबंधित सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि इससे केन्द्र शासित प्रदेश में एक नया दौर आया और एक नये अध्याय की शुरूआत हुई। इस शुरूआत का परिणाम है कि 34 वर्ष के बाद मोहर्रम का ताजिया निकल रहा है, जी 20 की बैठक का आयोजन किया गया , अब कश्मीर में हिन्दुओं के सभी उत्सव धमूधाम से मनाये जाते हैं।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने ऐसे कदम उठाये गये हैं जिनसे भटके हुए युवा आतंकवादियों से दूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने आतंकवादियों के रिश्तेदारों को निर्ममता से सरकारी नौकरी से निकाल कर कठोर संदेश दिया है। सरकार की नीतियों से आतंकवाद की घटनाओं में बहुत कमी आयी है, नागरिकों की मृत्यु में 81 प्रतिशत और सैनिकों की मृत्यु की घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी आयी है। कश्मीर में पत्थराव की घटनाएं इतिहास हो गयी है। उन्होंने कहा कि जब शांति और सुरक्षा होती है तो विकास अपने आप होता है। उन्होंने कहा कि राज्य में 65 में से 53 परियोजनाओं का कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में युवाओं और महिलाओं को रोजगार के अवसर दिये जा रहे हैं और बड़ी मात्रा में निवेश आ रहा है। पिछले कुछ समय में दो करोड से अधिक पर्यटक कश्मीर घाटी पहुंचे हैं। ढाई सौ करोड रुपए का निजी निवेश हुआ है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में संसद सदस्य से लेकर पंचायत के सदस्य तक लोकतंत्र की नींव मजबूत कर रहे हैं। वहां 30 हजार से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधि हैं और 98 प्रतिशत लोग चुनावों में वोट डालते हैं।

# सीएम रेखा गुप्ता ने मालवीय नगर में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण



एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शहीदी दिवस के अवसर पर मालवीय नगर स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में शहीद भगत सिंह की नई प्रतिमा का अनावरण किया। इस कार्यक्रम में बीजेपी के स्थानीय विधायक सतीश उपाध्याय और सांसद बांसुरी स्वराज भी उपस्थित रहीं। पूर्व में पार्क में लगी भगत सिंह की मूर्ति खंडित हो चुकी थी और कई वर्षों से यह



स्थिति बनी हुई थी। इस मुद्दे को स्थानीय विधायक सतीश उपाध्याय ने विधानसभा में उठाया था। उपाध्याय ने आरोप लगाया था कि पूर्व विधायक सोमनाथ भारती के कार्यकाल में शहीद भगत सिंह की मूर्ति की देखभाल नहीं की गई और इसे खंडित अवस्था में छोड़ दिया गया था। सतीश उपाध्याय के प्रयासों के बाद, पार्क में एक नई प्रतिमा स्थापित की गई, जिसका अनावरण मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह के पोते यादवेंद्र भी मौजूद रहे, जिन्होंने भगत सिंह की शौर्य गाथा सुनाई और उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जनता को संबोधित करते हुए कहा, आम आदमी पार्टी (आप) केवल शहीद भगत सिंह के नाम पर राजनीति करती है, जबकि कई सालों तक भगत सिंह की मूर्ति की स्थिति पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

उन्होंने आगे कहा, आज से पहले इस मुद्दे पर किसी ने ध्यान नहीं दिया, लेकिन बीजेपी ने इसे सुधारने की पहल की है। सतीश उपाध्याय ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, हम सबके लिए बहुत गौरव की बात है कि हमारे शहीद भगत सिंह की प्रतिमा जो पिछले डेढ़ साल से टूटी पड़ी थी, उसे आज फिर से सम्मानित किया गया। आम आदमी पार्टी ने इस मुद्दे पर केवल राजनीति की, लेकिन बीजेपी ने इसे सुधारने का काम किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शहीदों के सम्मान की दिशा में उठाए गए कदमों की सराहना भी की।

# दिल्ली में धूमधाम से मनाया गया बिहार दिवस , दिल्ली हाट में लगा भव्य मेला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार दिवस के अवसर पर राजधानी दिल्ली के आईएनए स्थित दिल्ली हाट में बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और हस्तशिल्प के रंगारंग कार्यक्रमों के साथ भव्य आयोजन किया गया।गौरतलब है कि 22 मार्च 1912 को बिहार को बंगाल प्रांत से अलग कर नया प्रांत बनाए जाने की स्मृति में हर वर्ष बिहार दिवस मनाया जाता है। बिहार उत्सव के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार के कला, शिल्प और सांस्कृतिक परंपरा की भव्य झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में बिहार सरकार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री मिश्रा ने कहा, मैं इतिहास का विद्यार्थी रहा हूं और एक समय था जब विश्व का इतिहास बिहार के आस पास ही घूमता था। अगर आप बिहार के हैं तो अपने दोस्तों से जरूर कहे कि एक बार बिहार जरूर आए, बिहार जरूर घूमे, बिहार में बहुत कुछ हैं जो देश भर के लोगो को देखना चाहिए। उद्योग के क्षेत्र में अब बिहार अपनी जिम्मेदारी को समझ रहा हैं। जो बिहार से बाहर रह रहे वो भी देख रहे की बिहार लगातार आगे बढ़ रहा हैं। नए नीति के मार्ग पर हमलोग चल कर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। आज बिहार में सब कुछ हैं इंफ्रास्ट्रक्चर, गुड गवर्नेंस। बिहार एक ऊंची उड़ान लेने के लिए तैयार है। उद्योग विभाग की सचिव बन्दना प्रेयशी ने वर्ष पहले बिहार राज्य की स्थापना की गई थीं। तब से हम ये उत्सव मना रहे हैं। हम सब मिल कर बिहार की एक नई तस्वीर पेश करना चाह रहे हैं। बिहार बस मधुबनी पेंटिंग नहीं है, भागलपुर का सिल्क नहीं है, लीची नहीं है, बल्कि बिहार अब निवेश का भी केंद्र बनता जा रहा है।

बिहार सरकार के रेजिडेंट कमिश्नर कुंदन कुमार ने प्रवासी बिहारवासियों से आह्वान किया कि वे बिहार से जुड़ें और राज्य के विकास में भागीदार बनें।

## एक नजर

### दिल्ली के विकास को नई दिशा देगा आगामी बजट : वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को कहा कि आगामी बजट दिल्ली की जनता को समर्पित होगा। इसमें भाजपा अपने संकल्प पत्र में किए गए वादों का समर्थन देगी। आने वाला बजट दिल्ली के विकास को एक नई दिशा देने का काम करेगा। वीरेंद्र सचदेवा ने आज एक पत्रकार वार्ता कर कहा कि हमारा पहला संकल्प दिल्ली का सर्वांगिण विकास है। बजट में हर क्षेत्र और समाज वर्ग जैसे महिला, युवा, किसान और व्यापारी के लिए प्रावधान किए जायेंगे। बजट को दिल्ली की जनता से मिले सुझावों पर तैयार किया गया है। दिल्ली में पिछले 10 सालों से विकास की गति को रोकने का काम किया गया है। उसको पीछे छोड़ते हुए भाजपा सरकार अब विकसित दिल्ली के संकल्प के साथ आगे काम करेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री ने शिक्षा के साथ-साथ अन्य विभागों पर विशेष ध्यान दिया है। सभी विभागों के पदाधिकारियों और समाज के हर वर्ग से संवाद करने का काम किया है। आने वाला बजट दिल्ली के विकास को एक नई दिशा देने का काम करने वाला है।

### दाखिले को लेकर दलालों से सावधान रहे अभिभावक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी के निजी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के तहत ईडब्ल्यूएस श्रेणी में नर्सरी, केजी और पहली कक्षा में दाखिला चल रहे हैं। ऐसे में दाखिले कराने का दावा करने वाले दलाल भी सक्रिय हो गए हैं। इसे लेकर शिक्षा निदेशालय सतर्क हो गया है। निदेशालय ने कहा कि यह देखा जा रहा है कि कुछ व्यक्ति व संगठन स्कूलों में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों को प्रभावित करने या गारंटी देने का झूठा दावा कर रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि ऐसे दावे भ्रामक हैं। ऐसी अवैध संस्थाओं से जुड़ने या उनकी सेवाएं लेने के प्रति सावधान किया जाता है। सभी निजी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के प्रबंधन और प्रमुखों को भी सावधान किया जाता है कि वे ऐसे प्रवेश ऐप व व्यक्तिगत एजेंटों के साथ कोई आधिकारिक और अनौपचारिक संबंध न रखें। शिक्षा निदेशालय के संज्ञान में ऐसी कोई मिलीभगत आती है तो कार्रवाई की जाएगी। निदेशालय ने एक परिपत्र जारी कर दलालों से सावधान रहने की अपील की है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाहरी उत्तरी जिले के अलीपुर इलाके में परिवार के साथ हरिद्वार जाने के लिए निकले एक शख्स की सड़क हादसे में मौत हो गई। सड़क पार करने के दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने से हुई मौत का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान वेद कुमार वर्मा के रूप में हुई है।

वह परिवार के साथ टिकरी खुर्द इलाके में रहते थे। उनकी पत्नी गिरजा ने पुलिस को बताया कि 19 मार्च को वह अपने पति और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ हरिद्वार जाने के लिए निकले थे। करनाल रोड हाईवे पर बस स्टैंड दूसरी तरफ होने की वजह से सभी सड़क पार कर रहे थे। तभी सोनीपत की तरफ से एक बुलेट बाइक तेज रफ्तार से आई और वेद कुमार वर्मा को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार भी दूर जा गिरा। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने वेद कुमार वर्मा को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल बाइक सवार का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी पहचान सोनीपत निवासी साहिल के रूप में हुई है।

### निदेशालय ने नए सत्र को लेकर स्कूलों को तैयारी करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिक्षा निदेशालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्कूलों को तैयारी करने को कहा है। राजधानी में एक अप्रैल से स्कूलों में नया सत्र शुरू होगा है। ऐसे में निदेशालय ने स्कूल प्रमुखों को अभी से तैयारी करने के लिए कहा है। हालांकि, इसके लिए अलग से परिपत्र जारी नहीं किया है। निदेशालय में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि सभी स्कूल प्रमुखों को इसे लेकर सूचित किया गया है। पाठ्यपुस्तकें समय पर पहुंचाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उनका कहना है कि इसे लेकर शिक्षा विभाग सतर्क है। अगर शिक्षण सामग्री देर से पहुंची तो सख्त कार्रवाई हो सकती है। वहीं, स्कूल खुलने पर अब कुछ दिन बाकी हैं। ऐसे में स्कूल प्रबंधन ने बच्चों के स्वागत के लिए तैयारी तेज कर दी है। निदेशालय का भी जोर छात्रों के स्वागत पर रहेगा। जामा मस्जिद स्थित एक सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि उन्होंने नए सत्र के लिए विशेष तैयारी के लिए विचार किया है। इस दौरान पहले दिन छात्रों के लिए खेल गतिविधियों पर फोकस रहेगा। साथ ही, छात्रों का स्वागत गुलाब का फूल देकर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छात्रों को पुस्तक वितरण प्रक्रिया शुरू होने वाली है।ऐसे में छात्रों को पुस्तक लेने में परेशानी नहीं आएगी।

### स्वतंत्रता आंदोलन में वीर शहीदों के योगदान को याद किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा परिसर में रविवार को शहीदी दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने स्वतंत्रता आंदोलन में वीर शहीदों के योगदान को याद किया। गुप्ता ने कहा कि इन वीर सपूतों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका सर्वोच्च बलिदान आज भी हमें न्याय, स्वतंत्रता और देशभक्ति के मूल्यों को बनाए रखने की प्रेरणा देता है। देश के लिए फांसी के फंदे को हंसते-हंसते चूम लेना किसी महामानव का ही कार्य हो सकता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन बताता है कि लोकतंत्र का जो भव्य मंदिर इस देश में बना हुआ है, उसकी नींव में शहीदों का बलिदान है। हमें सदैव ही इन आदर्शों को ध्यान में रखना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत को हर संघर्ष से लड़ने की प्रेरणा देने वाला बताया। कहा कि संघर्ष कितना भी बड़ा हो, अगर ठान लिया जाए तो इस देश में लोगों ने पहाड़ भी उखाड़े हैं। जब देश के तीन युवा एक दमनकारी शासन को हिला सकते हैं तो पूरी युवा पीढ़ी जो इनसे प्रेरित हो, बहुत ही ऊंचाइयों तक ले सकती है। हमें बस संघर्षों के सामने डटे रहना है। अंत में जीत हमारी ही होगी। इस मौके पर विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, अभय वर्मा व अन्य लोगों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

### लूट का विरोध करने पर भरे बाजार चाकुओं से गोद डाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लूटपाट का विरोध करने पर एक युवक की सरेबाजार इलाके में रहने वाले नशेड़ी और उनके दो नाबालिग साथियों ने मिलकर एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। ये घटना निहाल विहार के एक बाजार में सरेआम हुआ। बताया जाता है कि मृतक शुभम कुमार दत्त ने बदमाशों का लूटपाट करने का विरोध किया था। शुभम ने जब अपने भाई नीरज कुमार दत्त को बुलाया। उसके भी चाकू से कई वार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने हत्या और हत्या की कोशिश का मामला दर्ज कर लिया है। वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पांच नाबालिगों के साथ पकड़ा है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है।

# प्रयोगशाला सहायकों ने वेतन विसंगति को लेकर जीएसटीए के साथ की बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी के सरकारी स्कूलों में कार्यरत प्रयोगशाला सहायकों ने वेतन विसंगति को लेकर आवाज उठाई है। इसे लेकर उन्होंने राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ (जीएसटीए) के साथ बैठक की। सहायकों का आरोप है कि वेतन में असमानता हैं। कनिष्ठ सहायकों को वरिष्ठ सहायकों से अधिक वेतन मिलता है। इससे वरिष्ठ कर्मचारियों को आर्थिक उठाना पड़ रहा है।संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने बताया कि प्रयोगशाला सहायकों के कैडर रिस्ट्रक्चर का प्रस्ताव तैयार किया है, लेकिन अंतिम अनुमोदन की प्रतीक्षा में लंबित है। उन्होंने बताया कि संघ ने इन दोनों प्रमुख मुद्दों पर लगातार संघर्ष किया है और हाल ही में शिक्षा निदेशक को ज्ञापन सौंपा है।

# हौज खास में युवक-युवती के शव पेड़ से लटके मिले



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण दिल्ली में हौज खास इलाके के डियर पार्क में रविवार तड़के 21 वर्षीय युवक और 18 वर्षीय युवती के शव पेड़ से लटके मिले। पुलिस को आत्महत्या का संदेह है। पुलिस को संदेह है कि दोनों के बीच प्रेम संबंध था तथा उनके रिश्ते को परिवारों द्वारा अस्वीकार किये जाने के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। हालांकि कुछ स्थानीय लोगों ने इस घटना में साजिश की आशंका जताई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उसने पहले कहा था कि दोनों 17 साल के थे। पुलिस के अनुसार, डियर पार्क के एक सुरक्षा गार्ड ने सुबह छह बजकर 31 मिनट पर पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन कर शव मिलने की सूचना दी। युवक ने काले रंग की टी-शर्ट और नीले रंगे की जींस पहनी हुई थी तथा युवती ने हरे रंग के कपड़े पहने थे। एक अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि पिलंजी गांव का निवासी यह युवक लोधी कॉलोनी में पिज्जा की एक दुकान पर काम करता था। उसके परिवार ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार दोपहर करीब दो बजे घर से निकला था। पुलिस ने बताया कि छतरपुर की रहने वाली युवती पिछले तीन दिनों से हुमायूंपुर गांव में अपने रिश्तेदार के पास रह रही थी। वह शनिवार को लगभग उसी समय किसी काम से अपने घर लौटने के लिए रिश्तेदार के घर से निकली थी। सूत्रों के अनुसार डियर पार्क में सीसीटीवी कैमरे की अनुपस्थिति से जांच में बाधा तो आ रही है लेकिन आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है।

# भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव

## दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता हुई शामिल, बोलीं- गुरु का आशीर्वाद सम्मान की बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक महोत्सव 2025 में हिस्सा लिया। इस दौरान जैन गुरुओं के दिल्ली आगमन को गर्व और सौभाग्य का विषय बताया। उन्होंने कहा कि गुरु के चरण दिल्ली में पड़ना सभी के लिए सम्मान की बात है। रेखा गुप्ता ने गुरु को समाज का मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद से दिल्ली को सही दिशा मिलती रहेगी। उन्होंने इस अवसर को और खास बताते हुए कहा कि 5084 महान व्यक्तियों की मौजूदगी ने इसे और भी यादगार बना दिया। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि आज के समय में समाज को इन मूल्यों की सख्त जरूरत है।



रेखा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि दिल्ली सरकार समाज के विजन के अनुसार काम करेगी। उन्होंने आध्यात्मिक विकास और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने गुरु से कहा, मैं जो भी कर रही हूं, वह प्रभु की कृपा और उनके हाथों से हो रहा है। मैं सिर्फ समाज की बेटी के रूप में यहां खड़ी हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और गुरुओं के आशीर्वाद का जिक्र करते हुए कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें दिल्ली की सेवा का मौका मिला।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली की सांस्कृतिक विविधता और आध्यात्मिक धरोहर की तारीफ की। उन्होंने कहा, दिल्ली हमेशा से सामाजिक सौहार्द का केंद्र रही है। यह भूमि सहिष्णुता, करुणा और समरसता की प्रेरणा देती है। विभिन्न धर्मों और विचारधाराओं को साथ लेकर चलने वाली यह संस्कृति दिल्ली को वैश्विक मंच पर खास बनाती है। उन्होंने मंच पर विराजे जैन गुरु का आभार जताते हुए कहा कि उनका आशीर्वाद दिल्ली के हर निवासी के लिए है। रेखा गुप्ता ने दिल्ली को सही दिशा में ले जाने का संकल्प दोहराया और कहा कि समाज की सोच के मुताबिक काम करना उनका लक्ष्य रहेगा। उन्होंने गुरु से मार्गदर्शन और आशीर्वाद की कामना की। इस दौरान मौजूद लोगों ने जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन भगवान के जन्म कल्याण के उपलक्ष्य में है और गुरु की उपस्थिति से सभी उत्साहित हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस सकारात्मक ऊर्जा को आगे बढ़ाएं। वायरल हो रहे वीडियो में रेखा गुप्ता को गुरु के प्रति सम्मान व्यक्त करते देखा जा सकता है।

इस मौके पर उन्होंने समय निकालकर दिल्ली के कार्यों को आगे बढ़ाने की बात भी कही।

# दिल्ली में एक ऐसी सरकार को उखाड़ने में हम कामयाब हो पाए जिसने दिल्ली में लूट और भ्रष्टाचार करने का कोई मौका नहीं छोड़ा : वीरेन्द्र सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने अध्यक्ष के रुप में अपने दो साल पूरे होने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और दिल्ली के सभी भाजपा कार्यकताओं को धन्यवाद दिया जिन्होंने इन दो साल में संघर्ष में हमेशा साथ दिया।

श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि पार्टी की ओर से हम सभी कार्यकताओं को कोई ना कोई दायित्व मिलता है। आज से ठीक दो साल पहले शहीदी दिवस के दिन ही प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व मिलने के बाद आज मुझे संतोष है कि कार्यकताओं के साथ हमने जो मेहनत की है उसका परिणाम है कि पहले लोकसभा चुनाव में दिल्ली



के सातों सीट जीतने के अलावा दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने तक का सफर इन दो सालों में पूरा किया है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री श्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी के बताए हुए निदेर्शों पर अमल कर दिल्ली में एक ऐसी सरकार को उखाड़ने में हम कामयाब हो पाए जिसने दिल्ली में लूट और भ्रष्टाचार करने का कोई मौका नहीं छोड़ा।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने काम की गति पकड़ी है, अब सभी कार्यकताओं का यह दायित्व बनता है कि उसमें सहभागी बने और विकास की गति को आगे बढ़ाए।

श्री सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता से हमने जो वायदे किए हैं और नई सरकार से दिल्लीवालों की जो अपेक्षाएं हैं, उसको पूरा करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। आने वाले समय में दिल्ली में कामों की गति तेज होगी जिसे देखकर दिल्लीवाले भी कहेंगे कि सुखद बदलाव हुआ है।

# दाखिला की दौड़ : एक विषय में सीयूईटी देना अनिवार्य, तभी डीयू में मिलेगा दाखिला

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए केवल सीयूईटी परीक्षा पास करना काफी नहीं है, बल्कि एक भाषा में सीयूईटी उत्तीर्ण होना जरूरी है। चाहे वह भाषा हिंदी हो या अंग्रेजी या कोई अन्य, जो छात्रों ने 12वीं में पढ़ी है। डीयू के अधिकारियों का कहना है कि बेस्ट ऑफ फोर या थ्री में एक भाषा का अंक भी जुड़ता है।

इस बार पिछले वर्ष के 63 विषयों की तुलना में ये संख्या घटाकर 37 कर दी गई है। इनमें 13 भाषाएं, 23 डोमेन-विशेष विषय और 1 जनरल एप्टीट्यूड टेस्ट शामिल हैं। हटाए गए विषयों के लिए प्रवेश सामान्य योग्यता परीक्षा (जीएटी) के अंकों के आधार पर दिया जाएगा। देश में परीक्षा शहरों की संख्या 354 से घटाकर 285 कर दी गई है, जबकि विदेशों में यह संख्या 26 से घटाकर 15 कर दी गई है। उम्मीदवार अब अधिकतम पांच विषयों में परीक्षा दे सकते हैं, जबकि पिछले वर्ष यह सीमा 6 थी। सीयूईटी यूजी 2025 के माध्यम से देश की 260 से अधिक विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में लिया जा सकता है, जिसमें दिल्ली विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय और जामिया मिलिया इस्लामिया जैसे प्रमुख संस्थान शामिल हैं।

**ये हैं 13 भाषाएं**

अंग्रेजी, हिंदी, असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, उर्दू

**आज आवेदन की अंतिम तिथि**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-यूजी) 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 24 मार्च तक रात 11:50 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा आठ मई से एक जून के बीच कंप्यूटर आधारित होगी। शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 25 मार्च और आवेदन में संशोधन करने की अवधि 26 से 28 मार्च रात 11:50 बजे तक है।

**ऐसे आवेदन करें**

उम्मीदवार केवल ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। एक अभ्यर्थी केवल एक बार आवेदन कर सकता है। उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह अपनी ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर सही तरीके से भरें। परीक्षा संबंधी किसी तरह की जानकारी इसी माध्यम से आएगी। परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट https://cuet.nta.nic.in/ पर उपलब्ध है। सीयूईटी परीक्षा परिणाम आने के बाद डीयू अपने यहां कॉमन सीट अलोकेशन सिस्टम की प्रक्रिया शुरू करेगा। सहायता और संपर्क यदि आवेदन प्रक्रिया में किसी उम्मीदवार को कठिनाई का सामना करना पड़ता है तो वे एनटीए हेल्पलाइन नंबर 011-40759000 पर संपर्क कर सकते हैं या ईमेल के माध्यम से cuet-ug@nta.ac.in पर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

**60 मिनट की होगी प्रवेश**

परीक्षा सीयूईटी स्नातक स्तर पर जहां पिछले वर्ष वैकल्पिक प्रश्नों का प्रावधान था, इस वर्ष सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे। प्रत्येक टेस्ट पेपर में 50 प्रश्न होंगे, जिनके लिए 60 मिनट का समय निर्धारित है। सही उत्तर के लिए 5 अंक मिलेंगे, जबकि गलत उत्तर पर 1 अंक की कटौती होगी।

**सीईटी से भी दाखिला लेगा आईपीयू**

गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) सीयूईटी के अलावा अपने यहां आयोजित प्रवेश परीक्षा सीईटी से भी स्नातक के कुछ विषयों में दाखिला लेगा। संस्थान कुल 52 सामान्य प्रवेश परीक्षाएं (सीईटी) 26 अप्रैल से 18 मई के बीच आयोजित की जाएंगी। दिल्ली से बाहर भी प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा।

# जेएनयूएसयू का विरोध-प्रदर्शन जारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने अपने चल रहे आंदोलन को और तेज करने का ऐलान किया है। जेएनयूएसयू अध्यक्ष धनंजय द्वारा जारी एक बयान में प्रशासन से छात्रों की प्रमुख मांगों को तत्काल पूरा करने की मांग की गई है। छात्रसंघ अध्यक्ष धनंजय कुमार ने कहा है कि लंबे समय से हमारी मांग है कि बाराक छात्रावास के आवंटन की प्रक्रिया को तत्काल शुरू की जाए जो अब तक नहीं शुरू हुई है। हमें विरोध करते हुए 15 दिन से अधिक हो गए हैं लेकिन हमारी मांगों की अनदेखी की जा रही है। हमारी मांगों में छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक जांच वापस लेना भी शामिल है। विशेष रूप से जेएनयूएसयू संयुक्त सचिव साजिद के खिलाफ चल रही जांच को खत्म करना शामिल है। इसके अलावा, जेएनयूएसयू ने प्रशासन से श्रेणीवार छात्रावास आवंटन का विवरण जारी करने की मांग की है। छात्रसंघ का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन इस मुद्दे पर टालमटोल कर रहा है, जिससे छात्रों में भारी असंतोष है। छात्रसंघ और छात्र संगठनों का यह प्रदर्शन डीन कार्यालय घेरो' आंदोलन के तहत चल रहा है, जिसमें छात्र 16 दिनों से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होतीं, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। उधर, जेएनयू प्रशासन ने डीन ऑफ स्टूडेंट्स के कार्यालय और इंटर हॉल एडमिनिस्ट्रेशन के परिसर में किए गए घेराव और विरोध प्रदर्शन को अवैध बताया है।

# महाराष्ट्रा: मुंबई में सफल हार्ट सर्जरी के बाद 5 माह की नन्ही तृषा घर लौटी

## शुजालपुर में परिवार को मिली 1.10 लाख की सरकारी मदद

बृज कुमार राठौर



**महाराष्ट्रा:** 5 माह की नन्ही तृषा पुष्पद, जो जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित थी, अब स्वस्थ होकर अपने घर वापस लौट आई है। मुंबई में सफल हार्ट सर्जरी के बाद तृषा के चेहरे पर फिर से मुस्कान लौट आई है। शुजालपुर के वार्ड 2 की रहने वाली तृषा को मेडिकल मदद मिलने से पहले ही परिवार के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक थी, लेकिन प्रशासन और चिकित्सा विभाग की तत्परता ने उसकी जिंदगी को बचा लिया। तृषा के हृदय रोग का पता चलने के बाद उसे पहले इंदौर भेजा गया था, लेकिन वजन कम होने के कारण सर्जरी संभव नहीं हो पाई थी। फिर 4 फरवरी को बच्ची की स्थिति और बिगड़ने पर परिजनों ने उसे भोपाल के एम्स हॉस्पिटल में दिखाया, जहां से उसे दिल्ली या अन्य बड़े शहरों में इलाज की सलाह दी गई थी। शुजालपुर विधायक और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने तत्परता से मदद की अपील की, जिसके बाद जिला प्रशासन और चिकित्सा विभाग ने बच्ची के इलाज के लिए मदद का हाथ बढ़ाया। 7 फरवरी को शुजालपुर में दिव्यांग परीक्षण शिविर के दौरान जिला चिकित्सा अधिकारियों ने तृषा को मुंबई के एसआरसीसी चिल्ड्रन हॉस्पिटल भेजने का पत्र सौंपा। 13 फरवरी को, मुंबई के अस्पताल से इस्टीमेट ईमेल के माध्यम से भेजा गया था, जिस पर जिला चिकित्सा अधिकारी ने 1.10 लाख रुपये की सहायता राशि की स्वीकृति दी। इस राशि से तृषा का इलाज संभव हुआ और अब बच्ची पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर अपने घर लौट आई है। चिकित्सा विभाग और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वयक हिमांशी काले के सहयोग से तृषा का इलाज समय पर और सफलतापूर्वक हुआ। जिला मुख्यालय के अधिकारियों के सहयोग से, अब बच्ची के परिवार को सरकारी सहायता प्राप्त हो गई है और बच्ची सामान्य जीवन जी रही है। सीएमएचओ डॉक्टर अजय सालविया और डीएचओ डॉक्टर तेजपाल सिंह जादौन ने बताया कि "राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत 18 वर्ष तक के बच्चों को जन्मजात हृदय रोग, क्लब फुट, आंखों की समस्याएं और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज सरकारी खर्च पर किया जाता है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसी भी मरीज या उनके परिजन को नजदीकी सरकारी अस्पताल या जिला अस्पताल में आवश्यक दस्तावेज के साथ संपर्क करना होगा।

# उत्तर प्रदेश: सेवा भारतीय समिति ने काव्य गोष्ठी के माध्यम से खेली पुष्पों की होली, सम्मानित हुए कवि और अतिथि

अनूप कुमार







उत्तर प्रदेश: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला इकाई चुनार के अहरौरा नगर में सेवा भारती समिति द्वारा श्री राधा कृष्ण सेवा स्थल समिति प्रांगण में एक अनूठा आयोजन किया गया, जहां वृंदावन की तरह पुष्पों की होली खेली गई। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की झांकी के संग उपस्थित समाज के सभी लोगों ने एक-दूसरे को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में हास्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग के प्रदेश महामंत्री संजय भाई पटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और उपस्थित सभी को होली की बधाई दी।

काव्य गोष्ठी में प्रमुख कवियों में धर्मदेव चंचल, नरसिंह साहसी, छांगुर प्रसाद मयंक, और सुरेश गाफिल ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी, जिससे काव्य प्रेमी मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों और कवियों का अंग वस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राकेश जी, पवन जी, जितेंद्र कुमार अग्रहरी, प्रहलाद मौर्य, हनुमान जायसवाल, संजय मौर्य, दीपक, शिखर सिंह, और अन्य प्रमुख लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र अग्रहरी ने किया।

# राजस्थान: सरकार द्वारा बेहद ही अजीबो गरीब बजट पेश किया गया



**हरविंदर सिंह/राजस्थान:** उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री, श्रीमती दीया कुमारी ने 19 फरवरी 2025 को राज्य का बजट प्रस्तुत किया, जिसमें विभिन्न वर्गों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। बजट में सड़कों के विकास, किसानों के लिए गेहूं की फसल पर 150 रुपये बोनस, बिजली की 150 यूनिट मुफ्त, नए ट्यूबवेल कनेक्शन, आंगनवाड़ी में बच्चों को सप्ताह में 5 दिन दूध, और अन्य कई योजनाओं का समावेश किया गया है। बजट में किसानों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिनमें सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने, और किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई योजनाएं शामिल हैं। सके अतिरिक्त, बजट में 1 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में माइक्रो इरिगेशन योजना, 3.50 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई के लिए 1250 करोड़ रुपये का बजट, 50 हजार फार्म पौंड और 10,000 डिग्गी बनाने, 50 हजार सौर पंप संयंत्र और 20 हजार किमी सिंचाई पाइपलाइन के लिए 900 करोड़ रुपये का अनुदान, और पीएम किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाकर 9,000 रुपये प्रति वर्ष करने की घोषणा की गई है। इस बजट के माध्यम से राज्य सरकार ने विभिन्न वर्गों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास और समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। बजट की विस्तृत जानकारी और विश्लेषण के लिए आप नीचे दिए गए वीडियो देख सकते हैंयुवा नेता हरविंदर सिंह पन्नू ने इस बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट हर वर्ग का ध्यान रखते हुए प्रस्तुत किया गया है।

# उत्तर प्रदेश: अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने शहीद भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि, उनके विचारों को अपनाने का लिया संकल्प

अल्ताफ राजपूत



**उत्तर प्रदेश:** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने आज ग्राम मनसा कोट कादर, नगीना देहात में शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस पर एक बैठक आयोजित की। बैठक में सभा के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद हुसैन ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए शमशाद हुसैन ने कहा कि शासक वर्ग की पार्टी वीर शहीदों के शहादत दिवस को सही तरीके से नहीं मानती, जैसे उन्हें मानना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार वोट की राजनीति और धर्म के नाम पर जनता को बांटकर सत्ता में काबिज है। हुसैन ने कहा, "भगत सिंह हमेशा साम्राज्यवाद, पूंजीवाद और फासीवाद के खिलाफ थे। आज देश में शासक वर्ग की पार्टी विभाजनकारी नीतियों के जरिए देश की अर्थव्यवस्था और भाईचारे को खत्म कर सत्ता पर काबिज है। उन्होंने यह भी कहा कि शहीद भगत सिंह के विचारों को अपनाकर ही देश को बचाया जा सकता है। साथ ही, उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी और शिक्षा में गिरावट पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हमें एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। बैठक में शहीदों के सम्मान में 2 मिनट का मौन धारण किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर मोहम्मद तकी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, शौकत मलिक, अकील अहमद, कुद्रतुल्लाह, नफीस अहमद, मोहम्मद शफीक, नईम अहमद समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### उत्तर प्रदेश: गाजीपुर मंडी में जाम की समस्या, व्यापारियों और राहगीरों को हो रही परेशानी



रामकेश विश्वकर्मा

उत्तर प्रदेश: गाजीपुर जिले के जंगीपुर मंडी में व्यापारियों के द्वारा अपने सामान की लोडिंग और डिलीवरी के दौरान जाम की समस्या बढ़ गई है। मंडी में व्यापारियों की बड़ी गाड़ियाँ जैसे पिकअप, बड़ी और छोटी मैजिक, ट्रैक्टर, बैलगाड़ी, हाथ गाड़ी, रिक्शा, बैटरी रिक्शा, आदि का आवागमन दिनभर जारी रहता है। इनमें चावल, गेहूं, मटर, चना, अरहर की दाल, मसूर की दाल, आलू, प्याज, टमाटर और हरि सब्जियां जैसी आवश्यक सामग्रियाँ लायी जाती हैं। यादव मोड़ से गल्ला मंडी तक इन सभी गाड़ियों का आना-जाना बहुत बढ़ चुका है, जिससे गाजीपुर मऊ रोड, जो वाराणसी, मऊ, बलिया और गोरखपुर को जोड़ता है, पर जाम की समस्या उत्पन्न हो गई है। इन जामों की वजह से मोटरसाइकिल, साइकिल और पैदल चलने वाले राहगीरों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जाम के कारण यह रास्ता यातायात के लिए एक बड़ी समस्या बन गया है, जिससे जनता को आने-जाने में कठिनाई हो रही है। स्थानीय प्रशासन को इस समस्या को जल्द से जल्द हल करने की आवश्यकता है, ताकि व्यापारियों और राहगीरों दोनों के लिए यात्रा को सुगम बनाया जा सके।

### राजस्थान: नागौर पुलिस की त्वरित कार्रवाई चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**मनोज कुमार चोर्डिया/राजस्थान:** नागौर पुलिस ने चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रामप्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। जिला पुलिस अधीक्षक श्री नारायण टोगस (आई.पी.एस.) के निर्देश पर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुमित कुमार तथा वृताधिकारी खेमाराम बिजाणिया के मार्गदर्शन में पुलिस ने चोरी के प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही की। घटना 22 मार्च 2025 को उस समय घटित हुई, जब प्रार्थी श्री कालुराम पुत्र भगवानाराम, निवासी फरडोद, ने थाना रोल में रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि आरोपी रामप्रसाद पुत्र सुखराम, निवासी फरडोद, ने उनके घर में घुसकर उनकी वृद्ध और अंधी माताजी के गले से तीन सोने की फुलडिया चुरा लीं। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रकरण संख्या 38/2025 धारा 305 (ए) बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज किया और अनुसंधान प्रारंभ किया। पुलिस ने आरोपी रामप्रसाद को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से तीन सोने की फुलडिया बरामद की। साथ ही, घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाईकिल भी जब्त की गई। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से चोरी का मामला सुलझा और पीड़ित परिवार को न्याय मिला।

### राजस्थान: शीतला माता का मेला धूमधाम से संपन्न, श्रद्धालुओं की रही भारी भीड़



**मनोज कुमार चोर्डिया/राजस्थान:** जोधपुर बीकानेर बायपास रोड पर स्थित प्रसिद्ध शीतला माता के मंदिर पर आज शीतला अष्टमी का मेला धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक उत्सव में हजारों श्रद्धालुओं ने शीतला माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक उत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष पुखराज सांखला ने बताया कि मेला सुबह 3:30 बजे से ही शुरू हो गया था और रात 9 बजे तक श्रद्धालुओं का तांता निरंतर लगा रहा। शीतला माता का यह ऐतिहासिक मंदिर करीब 100 साल पुराना है और यह मेला पूरे हिंदू समाज के लिए विशेष महत्व रखता है। धार्मिक उत्सव आयोजन समिति के सदस्य नागरचंद भार्गव ने बताया कि मेले के आयोजन में विश्व हिंदू परिषद और धार्मिक उत्सव आयोजन समिति के कार्यकताओं ने प्रमुख भूमिका निभाई। श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थित दर्शन, पीने के पानी की व्यवस्था, ठंडे शरबत की व्यवस्था और छांव के लिए टेंट लगाकर सभी सुविधाएं प्रदान की गई। समिति के सदस्य संजय सोनी, नरेंद्र सोनी, कपिल शर्मा, मनोहर, रामकुमार भाटी, रामावतार चांडक, मोहित अग्रवाल, मनीष सोनी, रामेश्वर जांगू, मेघराज राव, पुरुषोत्तम राजवंशी, रामेश्वर सारस्वत, राधेश्याम टोगसिया, विशाल, सत्यनारायण पारीक, नंद कुमार शर्मा, माया सांखला सहित अन्य कार्यकताओं ने आयोजन में सहयोग किया। इस धार्मिक आयोजन में पुलिस प्रशासन का भी पूरा सहयोग रहा, जिससे मेले के आयोजन में कोई असुविधा नहीं हुई और श्रद्धालुओं ने शांति से पूजा-अर्चना की।

# हरियाणा: जमुवाय माता मंदिर सतनाली में दूसरा रक्तदान शिविर, 42 यूनिट रक्त संग्रहित

मेनपाल



**हरियाणा:** विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल प्रखण्ड के सानिध्य में जमुवाय माता मंदिर सतनाली में आयोजित दूसरे रक्तदान शिविर में क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस शिविर में 42 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो कई जरूरतमंदों की जान बचाने में मदद करेगा। रक्तदान शिविर का शुभारंभ सुबह 9:30 बजे जमुवाय माता मंदिर में महाराज मायानाथ महाराज द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान के महत्व पर बल देते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई धर्म नहीं है, यह मनुष्य की जान बचाने में मुख्य भूमिका निभाता है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मायानाथ महाराज को जिला सह मंत्री प्रवीण कुमार ने शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला सह मंत्री प्रवीण कुमार ने रक्तदान के स्वास्थ्य लाभ पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "रक्तदान से बिमारियों से निजात मिलती है और शरीर स्वस्थ रहता है। डॉ. रीना ने भी रक्तदान के फायदे बताते हुए कहा कि रक्तदान दिल से जुड़ी समस्याओं जैसे दिल का दौरा पड़ने के खतरे को कम कर सकता है।

कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि शहीदी दिवस के अवसर पर स्थानीय लोगों का सहयोग अत्यधिक सराहनीय रहा। इस रक्तदान शिविर में बजरंग दल के सह संयोजक बिन्टू, अजय शेखावत, सुर्दशन, जय सिंह, अरविन्द, कमल, भागमल खत्री, ओमप्रकाश डागर, युवा समाज सेवी फकीर चंद नांवां, कुलदीप तंवर, गोविन्द शर्मा, नीरज, कृष्ण जांगड़ा समेत समस्त अखिल भारतीय हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। यह शिविर स्थानीय समुदाय की सेवा और रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अहम कदम साबित हुआ।

# मध्य प्रदेश: श्रमजीवी पत्रकार संघ शुजालपुर ब्लॉक इकाई का होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न



**बृज कुमार राठौर/मध्य प्रदेश:** स्थानीय PWD रेस्ट हाउस पर गुरुवार को मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ, शुजालपुर ब्लॉक इकाई द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और उत्साहपूर्ण माहौल में कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना 'चिंटू' ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार आलोक श्रीवास्तव (एडवोकेट) और संगठन के संभागीय उपाध्यक्ष किशोर खन्ना उपस्थित रहे। इस समारोह में ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत मिश्रा, ब्लॉक महासचिव संतोष राजपूत, ओम मेवाड़ा, मनीष पटेल, नमन प्रताप सिंह, संजय गोस्वामी, संतोष सूर्या परमार, सोनू मीणा सहित कई अन्य पत्रकार साथी भी उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश: वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर दमोह में आयोजित माल्यार्पण और पुष्पांजलि कार्यक्रम

जुगल किशोर पाठक



**मध्य प्रदेश:** अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के शौर्य, साहस और पराक्रम को याद करते हुए उनके बलिदान दिवस पर जटाशंकर धाम दमोह में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय लोधी लोधा राजपूत महासभा द्वारा मूर्ति स्थल पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर वीरांगना को नमन किया गया। 1857 के स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान को याद करते हुए कार्यक्रम में सर्वसमाज के संगठनों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, अधिकारी, कर्मचारी, डॉक्टर, अधिवक्ता, पत्रकार, मातृशक्ति और समाजसेवी संस्थाओं के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय लोधी लोधा राजपूत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रद्युम्न सिंह लोधी, जिला अध्यक्ष श्री प्रेम सिंह लोधी, पूर्व विधायक श्रीमती पी एल तंत्वय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गौरव पटेल, और अन्य समाजसेवी नेताओं ने वीरांगना रानी अवंती बाई के शौर्य को नमन किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए और रानी अवंती बाई के बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। वीरांगना के योगदान को सम्मानित करते हुए इस कार्यक्रम ने उनके संघर्ष और समर्पण को फिर से जीवित किया।

# राजस्थान: समाजसेवी युवा नेता हरविंदर सिंह पन्नू की अनोखी पहल, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का किया सम्मान

हरविंदर सिंह



**राजस्थान:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाजसेवी और युवा नेता हरविंदर सिंह पन्नू ने एक अनोखी पहल की शुरूआत की, जिसे जगह-जगह सराहा जा रहा है। पन्नू ने दिन महिलाओं का सम्मान बढ़ाते हुए उनके संघर्ष और समर्पण को सम्मानित किया। उन्होंने महिला दिवस के अवसर पर प्रशासनिक जिम्मेदारी संभाल रही तहसीलदार हर्षिता मिड्ढा और सीआईडी में पोस्टेड सुनीता का भी सम्मान किया और उन्हें महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। पन्नू ने अपने संबोधन में कहा, "महिला किसी भी काम में पीछे नहीं है। हर दिन महिला दिवस होता है। महिलाएं दिनभर कठिनाइयों का सामना करती हैं और फिर भी हंसी-खुशी अपने परिवार और समाज की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाती हैं।" उन्होंने आगे कहा, "हर सफलता के पीछे एक नारी की ताकत होती है, और नारी की स्वतंत्रता का मतलब उसकी शक्ति को पहचानना और सम्मान देना है। पन्नू ने इस अवसर पर महिलाओं को खुद पर विश्वास रखने की प्रेरणा भी दी और कहा, "एक महिला केवल घर नहीं संभालती, वह पूरी दुनिया बदल सकती है। महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों, संघर्षों और उनके समाज में योगदान को सम्मानित करना है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का भी है, ताकि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ें और अपनी पहचान बना सकें। पन्नू की पहल ने नारी सशक्तिकरण की अद्भुत मिसाल पेश की और समाज में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को और भी अधिक महत्व दिया।

# मध्य प्रदेश: 75वां अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता सम्मान समारोह सीहोर में धूमधाम से संपन्न

सपन जैन

**मध्य प्रदेश:** स्वर्गीय अंबादत्त भारतीय की 75वीं जयंती के अवसर पर, उनके योगदान को याद करते हुए "अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता सम्मान समारोह" का आयोजन शनिवार को क्रिसेंट रिसोर्ट, सीहोर में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक श्री सुदेश राय और विशेष अतिथि के रूप में पूर्व आईएएस अधिकारी श्री आनंद कुमार शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार श्री राघवेंद्र सिंह चौहान और योगीराज योगेश उपस्थित रहे।समारोह का आरंभ स्वर्गीय अंबादत्त भारतीय और गणेश जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर विधायक श्री सुदेश राय ने अपने



संबोधन में कहा कि स्वर्गीय भारतीय के शिष्यों द्वारा हर साल आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि वह और उनका पूरा परिवार हमेशा पत्रकारों के साथ खड़ा रहेगा और पत्रकार भवन निर्माण की दिशा में पूरा समर्थन देंगे। अंबादत्त भारतीय स्मृति संग्रहालय के संस्थापक अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया ने कहा कि यह भव्य आयोजन सीहोर जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश राय, अखिलेश राय और विधायक सुदेश राय के सहयोग से संभव हो पाया है। उन्होंने सभी सम्मानित पत्रकारों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। समारोह में राष्ट्रीय स्तर के सम्मान से वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सुधीर सक्सेना, राज्य स्तर के सम्मान से पत्रकार श्री कैलाश गौड़ और जिला स्तर के सम्मान से पत्रकार डॉ. पुष्पा शर्मा को सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने बाबा अंबादत्त भारतीय की पत्रकारिता के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए युवा पत्रकारों को प्रेरणा दी। श्री आनंद कुमार शर्मा ने प्रशासनिक अनुभव से जुड़े रोचक किस्से साझा किए, जबकि श्री राघवेंद्र सिंह चौहान ने पत्रकारिता, न्याय व्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य में आई गिरावट पर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रदीप चौहान ने किया, और सभी उपस्थित जनों का आभार संतोष सिंह ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन स्नेह भोज के साथ हुआ, और सभी को विदा किया गया। इस सम्मान समारोह में जिले भर के वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़: सतनामी समाज ने किया देवेन्द्र यादव और किशोर नंवरंगे का भव्य स्वागत, गिरौधपुरी धाम में किया दर्शन

दीपक बंजारे

**छत्तीसगढ़:** नगर पंचायत लवन के सतनाम भवन में सतनामी समाज द्वारा देवेन्द्र यादव और किशोर नंवरंगे का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सतनामी समाज के युवाओं और कार्यकताओं ने उनका शानदार स्वागत किया। देवेन्द्र यादव, जो कि भिलाई नगर के विधायक और बलौदाबाजार आगजनी कांड के जेल यात्री रहे हैं, अपने समर्थकों के साथ कार काफिले में गिरौधपुरी धाम गुरगददी दर्शन के लिए पहुंचे।

संत शिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास जी के पावन जन्म भूमि पर माथा टेककर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की गई। उनके काफिले का विभिन्न स्थानों जैसे पलारी, बलौदाबाजार, बम्हनमुडी, ढनढनी, मुंडा लवन, कसडोल और गिधौरी में जोश के



साथ स्वागत किया गया। लवन क्षेत्र के दमदार युवा गोपी बंदे और संदीप कोसले के नेतृत्व में देवेन्द्र यादव, किशोर नंवरंगे और मनीष घृतलहरे समेत अन्य जेलयात्रियों का स्वागत सतनामी समाज के आस्था के प्रतीक चिन्ह 'जैतखाम' में पूजा अर्चना कर किया गया। लवन क्षेत्रवासियों की मंगलकामनाएं, सुख और शांति की कामना करते हुए इस भव्य स्वागत का आयोजन किया गया। इस मौके पर सामाजिक जेलयात्री गोपी बंदे, संदीप कोसले, नरेंद्र डहरिया, डिकेश्वर घृतलहरे, शैलेन्द्र बंजारे, डिगेश्वर बांधे, संतोष भारती, अजय मनहर, तिलक घृतलहरे, सूर्यकांत वर्मा, गोल्डी मैरैया, देवदत्त मनहरे, संदीप रात्रे, धनेश्वर बंजारे, सुरज कोसले, विष्णु डहरिया, नील कुमार बंजारे, रोमी काटले, साहिल रंजीत, आकाश समेत अन्य युवा उपस्थित थे।

## उत्तर प्रदेश: आदिवासियों के साथ हमेशा होगा न्याय, राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड का बयान



आनंद कुमार

**उत्तर प्रदेश:** दुद्धी तहसील मुख्यालय के मढैली महुआ मझौली गांव में अखिल भारतीय गोंडवाना गोड़ महासभा द्वारा आयोजित धमार्चार्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम में राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड ने आदिवासी समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों के साथ हमेशा न्याय किया जाएगा और उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नए कॉलेजों में आदिवासियों को विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं और समाज के बच्चों को शिक्षा देने की आवश्यकता है, ताकि आदिवासी समाज मजबूत बने। गोंड ने यह भी कहा कि आदिवासियों के साथ शोषण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विशिष्ट अतिथि मानसिंह गोंड ने आदिवासी समाज के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज जल, जंगल और जमीन का रक्षक है और समाज के अच्छे कार्यों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। संजय गोंड धुर्वे ने इस अवसर पर आदिवासी समाज में जागरूकता फैलाने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि समाज को छुआछूत और दहेज प्रथा जैसे कुरीतियों से बचने के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी बात की और कहा कि पेड़-पौधे लगाने से समाज मजबूत होगा।

# उत्तर प्रदेश: गाजीपुर में डबल मर्डर के आरोपियों से पुलिस मुठभेड़, दो बदमाश घायल, एक फरार

रामकेश विश्वकर्मा

**उत्तर प्रदेश:** गाजीपुर जिले के थाना खानपुर क्षेत्र के ग्राम उचवरी भैरोपुर में दो व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक अमन चौहान (पुत्र प्रकाश चौहान) और अनुराग उर्फ भोनू (पुत्र संजय सिंह), दोनों निवासी चिलौना कला थाना खानपुर, की हत्या उसी दिन करीब 12 बजे एक बगीचे में कर दी गई। घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने हत्यारों को पकड़ने के लिए कई टीमों का गठन किया और जिले भर के थानों को अलर्ट किया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की और वादी शैलेन्द्र कुमार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। आरोपी अंकित सोनकर, बिल्लू और मेराज सहित अन्य लोगों पर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस का मानना है कि यह हत्या तीन साल पुरानी रंजिश का परिणाम है। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली





कि आरोपी रामपुर करासिंग की ओर जा रहे हैं। इसके बाद थाना खानपुर पुलिस ने रामपुर करासिंग के पास चेकिंग शुरू की। जब पुलिस ने मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया, तो वे पुलिस पर मोटरसाइकिल चढ़ाने का प्रयास करते हुए सैदपुर की ओर भाग गए। सैदपुर पुलिस को सूचित करते हुए उनका पीछा किया गया। रास्ते में बदमाशों ने पुलिस पर देसी तमंचे से दो राउंड फायर किए, जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायर किया। इस मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जिन्हें उपचार के लिए सैदपुर उलउ भेजा गया। एक अपराधी मोटरसाइकिल से भागने में सफल रहा। पकड़े गए बदमाशों की पहचान अंकित सोनकर (पुत्र पिंटू सोनकर) और मेराज (पुत्र कासिम) के रूप में हुई है, दोनों निवासी उचवरी, थाना खानपुर, गाजीपुर हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और फरार आरोपी की तलाश जारी है।

## एक नजर

### मध्य प्रदेश: संभाग स्तरीय फाग प्रतियोगिता शुरू, संभाग की कई टीमों ने लिया भाग



**अजय सिंह तोमर/मध्य प्रदेश:** पोरसा फाग प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी पौराणिक धरोहर को जिंदा रखने के लिए श्री नागाजी सरोवर परिक्रमा भक्त मंडल के द्वारा पिछले कई सालों से फाग प्रतियोगिता नागजी सरोवर में आयोजित की जाती रही है। उसी क्रम में आज संभाग स्तरीय फाग प्रतियोगिता शुरू हुई। इस प्रतियोगिता में संभाग की कई टीमों ने भाग लिया, जिसमें निर्णायक डॉक्टर सुरेंद्र सिंह तोमर, रणवीर सिंह तोमर, हरिओम गुप्ता, रामेश्वर दयाल राठौर थे। उनके अनुसार सभी फाग गाने वाली टीमों को अंक प्रदान किए गए, जिससे बाद में परिणाम घोषित होंगे।

आज फाग प्रतियोगिता का सरोवर परिसर में स्थित रंगमंच पर नागजी सरकार के महा मंडलेश्वर महंत राम लखन दास महाराज के द्वारा भगवान की पूजा कर फाग प्रतियोगिता शुरू की गई। शुरूआत की अध्यक्षता दिनेश शर्मा, संचालक शिवम कॉलेज ने की तथा विशेष अतिथि के रूप में अशोक सिंह सिकरवार, हीरा सिंह तोमर, जसवीर सिंह तोमर उर्फ पप्पू, नरेंद्र सिंह तोमर, संत ब्रजकिशोर दास पागल बाबा, पूरन सिंह तोमर, राज्यपाल सिंह तोमर, राकेश ओझा आदि बतौर अतिथि मंच पर मंचासीन थे। कार्यक्रम की व्यवस्थाएं राकेश सिंह तोमर ठेकेदार, वीरेंद्र सिंह, विष्णु श्रीवास, छोटू सिंह, भानू सिंह तोमर, सुभाष ओझा आदि ने देखी। श्री नागाजी सरोवर परिक्रमा भक्त मंडल के द्वारा फाग गाने वालों के लिए पुराने पैटर्न से भोजन व्यवस्था की गई, जिसमें दही बूरा आदि प्रदान किया गया।

### मध्य प्रदेश: काली पहाड़ी में फाग उत्सव में शामिल हुए सेवढ़ा पूर्व विधायक



**अरविंद्र गुप्ता/मध्य प्रदेश:** दतिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम काली पहाड़ी में शुक्रवार शाम को सिद्ध बाबा मंदिर पर आयोजित बुंदेली फाग उत्सव में सेवढ़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने सिद्ध बाबा के चरणों में नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पूर्व विधायक घनश्याम सिंह को साफा पहनाकर और रंग-गुलाल लगाकर स्वागत-सम्मान किया। कार्यक्रम में कलाकारों ने बुंदेली फागों की सुंदर प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि होली का त्योहार हमारी पुरातन संस्कृति का हिस्सा है। यह त्योहार समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करता है। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दी तथा बुंदेली फाग कलाकारों को 1100 रुपए का पुरस्कार दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विशाल सिंह सोलंकी, तिलक सिंह सोलंकी सहित बड़ी संख्या में ग्राम काली पहाड़ी, दुगार्पुर, अगोरा एवं भागौर के ग्रामीण जन शामिल हुए।

### मध्य प्रदेश: शादी में रकम उधार लेने के एवज में गुमराह कर कराया मुख्तारनामा

**मध्य प्रदेश:** गुना जिले के विलोनिया कस्बे में एक किसान के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहां शादी के लिए उधार लिए गए पैसों के बदले किसान से उसकी जमीन गिरवी रखवाई गई, लेकिन बाद में उस पर फर्जी रजिस्ट्री करवा ली गई। यह मामला किसान बलराम यादव पुत्र पन्ना लाल यादव निवासी विलोनिया और पवन सोनी निवासी सदर बाजार गुना के बीच का है।

कैसे हुआ किसान के साथ धोखा?

सूत्रों के अनुसार, बलराम यादव ने अपनी पारिवारिक शादी के लिए पवन सोनी से गहने खरीदे थे। इस दौरान पवन सोनी ने भुगतान के बदले जमीन गिरवी रखने का प्रस्ताव रखा, जिसे मजबूरी में किसान ने स्वीकार कर लिया। लेकिन इसी दौरान पवन सोनी ने चालाकी से किसान से मुख्तारनामा (पावर ऑफ अटॉर्नी) अपने मुनीम चंदन कुशवाह के नाम करवा लिया।

कुछ समय बाद, किसान की जानकारी और सहमति के बिना, पवन सोनी ने कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से उक्त जमीन की फर्जी रजिस्ट्री करवा ली। यही नहीं, उन्होंने इस जमीन का नामांतरण भी करवाने का प्रयास किया और संबंधित फाइल तहसीलदार अनुराग जैन के न्यायालय में प्रस्तुत कर दी।

न्याय की लड़ाई लड़ रहा किसान

इस धोखाधड़ी का पता चलने के बाद किसान बलराम यादव ने इसकी शिकायत की और अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए दर-दर भटकने लगा। तहसीलदार अनुराग जैन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पवन सोनी के नामांतरण को खारिज कर दिया है।

## राजस्थान: नागौर में आयोजित एकदिवसीय फिजिओ थैरेपी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर

# सैकड़ों मरीजों को मिली नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा

मनोज कुमार चोर्डिया

**राजस्थान:** डी सेवन डोर फाउंडेशन नागौर और थायरोकेयर लेब के सहयोग से रविवार को माहेश्वरी न्यात की पोल, नकाश चौक में एकदिवसीय फिजिओ थैरेपी और आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन समाज सेविका रामकन्या मनिहार और स्व. डॉ. विनोद कुमार पुरोहित की याद में किया गया। शिविर का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक था, जिसमें सैकड़ों मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान की गई। इस शिविर में



प्रमुख चिकित्सक के रूप में डॉक्टर प्रियंका राजोरिया (फिजियोथेरेपिस्ट, हड्डी और जोइंट रोग विशेषज्ञ) और आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी मुदिता सोलंकी ने मरीजों की जांच की और उन्हें आयुर्वेदिक दवाइयां निशुल्क दी। इसके साथ ही मरीजों को आवश्यक चिकित्सा निर्देश भी दिए गए। डी सेवन डोर फाउंडेशन के चेयरमैन सुखदेव मनिहार ने बताया कि इस शिविर में करीब 65 मरीजों का फिजियोथेरेपी उपचार हुआ और लगभग 75 मरीजों को आयुर्वेदिक दवाइयां वितरित की गईं। शिविर के अंतर्गत सभी सेवा देने वाले सदस्यों को डी सेवन डोर फाउंडेशन द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के आयोजन में संस्था के सदस्य रामधन सुथार, सत्यनारायण वैष्णव, जय प्रकाश टाक, गजेंद्र माथुर, पुखराज छापरवाल, सावित्री दरक, सरोज कंसारा, उषा खडलोया, आरती मनिहार, सुरज शर्मा, पंकज गहलोत, निशा शर्मा, मुकुन्द सेन, राजेश मनिहार, योगेश टाक, सुरेन्द्र गहलोत, रवि शंकर, छापरवाल आदि ने अहम भूमिका निभाई और इस शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

## उत्तर प्रदेश: एतकाफ से मिलेगा दो हज और एक उमरे का सबाब, गुनाहों से मुक्ति का अवसर

आनंद कुमार

**दिल्ली:** एतकाफ (इबादत का विशेष समय) के दौरान गुनाहों से मुक्ति और विशेष आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इस्लामिक मान्यता के अनुसार, जो व्यक्ति रमजान के अंतिम दस दिनों में मस्जिद में एतकाफ करता है, उसे दो हज और एक उमरे का सवाब मिलता है। यह एक विशेष इबादत है, जिसमें मुस्लिम समाज के लोग अपनी आत्मा को शुद्ध करने और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगने के लिए मस्जिद में समय बिताते हैं। इस दौरान, व्यक्ति का पूरा ध्यान केवल इबादत, कुरान की तिलावत और दुआ पर केंद्रित होता है। एतकाफ का मुख्य उद्देश्य




अल्लाह से करीबी प्राप्त करना और अपने पापों की क्षमा मांगना है। धार्मिक विद्वानों का कहना है कि रमजान के इन आखिरी दिनों में किया गया एतकाफ अत्यंत फायदेमंद और पुण्यकारी होता है, और यह व्यक्ति को मानसिक और आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है। विशेष रूप से, इस अवसर को उपयोगी बनाने के लिए मुस्लिम समुदाय को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे एतकाफ में हिस्सा लें और इस इबादत से अधिक से अधिक फायदा उठाएं।

## राजस्थान: भगवान श्री झूलेलाल की शोभायात्रा 29 मार्च को धूमधाम से निकलेगी




नितिन गर्ग

**राजस्थान:** भगवान श्री झूलेलाल जी का जन्मोत्सव चेटीचंड महोत्सव के रूप में 29 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सिंधी समाज की ओर से आयोजित तृतीय विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो दोपहर 2:00 बजे वरुण पथ स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर से रवाना होगी। शोभायात्रा को गुरु मां डॉ. निर्मला सेवानी हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगी। शोभायात्रा में करीब 35 आकर्षक झांकियां, बैंडबाजे, सिंधी शहनाई, बहिराणा साहिब, हाथी, घोड़े, और अन्य धार्मिक व सांस्कृतिक झांकियां शामिल होंगी। इनमें भगवान श्री झूलेलाल जी की आरती रथ, गणेश आरती रथ, राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, और अन्य सजीव झांकियां प्रमुख आकर्षण होंगी। शोभायात्रा का मार्ग वरुण पथ से होते हुए विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर बाबा रामदेव मंदिर सेक्टर-11, जोन-115 पर समाप्त होगा। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य सिंधी समाज में एकता का संदेश देना और सामाजिक कुरीतियों को दूर करना है। साथ ही, महिलाओं में शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाएंगे। शोभायात्रा के पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे, जिसमें बच्चों की प्रश्नोत्तरी, फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता आदि आयोजित की जाएंगी।

# मध्य प्रदेश: विश्व जल दिवस पर हुई स्वयंसेवी संस्थाओं की रैली एवं संगोष्ठी

अजय सिंह तोमर

**मध्य प्रदेश:** पोरसा विश्व जल दिवस पर आज पोरसा में मध्य प्रदेश जन परिषद के आव्हान पर जिला समन्वयक सतीश सिंह तोमर के निर्देशन में तथा राधाशरण पुरोहित ब्लॉक समन्वयक के संदेश पर स्वयंसेवी संस्थाओं ने अनाज मंडी स्थित बड़े तालाब पर स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवी संस्थाओं ने एक रैली का आयोजन भी किया तथा संगोष्ठी आयोजित की। स्वयंसेवी संस्थाओं में पूनम समाज सेवा समिति, हीरालाल समाज सेवा समिति, भूमिजा महिला मंडल तथा श्री १०८ बाबा विजयराज दास शिक्षा समिति ने यह आयोजन संयुक्त रूप से किया। इस आयोजन में हरिओम, गुप्ता मनोज लहरिया, राधाकृष्ण लहरिया, जितेन्द्र ओझा, संतोष शर्मा, मिथलेश तोमर,




महावीर प्रसाद जैन, कृष्णकांत दीक्षित, मनीष शिवहरे, हितेश सिंघल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने विश्व जल दिवस के अवसर पर जल की बचत करने तथा जल का संरक्षण करने पर जोर दिया। लगातार पिघल रहे ग्लेशियर के परिणामों पर भी प्रकाश डाला। जल ही जीवन है। हमें इसे बचा के रखना है।

पानी भी हमारी मूल आवश्यकता है। विजयपाल सिंह तोमर ने पोरसा में "विश्व जल दिवस" पर एक कार्यशाला आयोजित की। यह कार्यशाला शासकीय माध्यमिक विद्यालय खेरिया में की गई, जिसमें स्वच्छाग्रही विजयपाल सिंह तोमर ने पानी के महत्व के बारे में जानकारी दी कि पानी के बिना हमारा जीवन असंभव है। पीने का पानी मात्र एक प्रतिशत है, जो हमारे पीने के और खेती करने के काम में आता है। आज आधुनिक युग, भौतिक युग में पानी का अधिक अपव्यय और बर्बाद हो रहा है, जिससे पानी के जल संसाधन में गिरावट आ रही है। आज बुद्धिमान व्यक्ति ने अपने स्वार्थ के लिए जंगल काट दिया, तालाब को पाट दिया और पृथ्वी को हजारों लाखों किलोमीटर कंक्रीट से ढक दिया, जिससे बुद्धिमान व्यक्ति पानी के लिए मूर्ख बना घूम रहा है। वर्तमान में देश-विदेश में कई स्थानों पर पीने के स्वच्छ जल का संकट का सामना करना पड़ रहा है। मनुष्य की तीन मूलभूत आवश्यकताएं हैं: रोटी, कपड़ा और मकान। अगर पानी नहीं होगा, तो रोटी, कपड़ा और मकान हमारे किस काम के और किसके लिए होंगे। श्री विजयपाल सिंह तोमर ने पानी की बचत करने के लिए कहा कि पानी का संरक्षण करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जन भागीदारी करनी होगी। अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए।

## संपादकीय

### अब क्या करेंगे किसान?

किसानों का 404 दिन पुराना आंदोलन मात्र चार घंटे में ही कुचल दिया गया। पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर सीमेंट बैरिकेड तोड़ दिए गए, अस्थायी ढांचे, मंच और तंबू उखाड़ दिए गए। अनाज, सब्जियां आदि सडक पर बिखेर दी गईं। गुरुवार को 700 से अधिक आंदोलित किसानों को हिरासत में लिया गया था। अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को सेना के नियंत्रण वाले 'रेस्ट हाउस' में शिफ्ट कर दिया गया। नाराज डल्लेवाल ने पानी तक पीने से इंकार कर दिया है। यह पूरी कार्रवाई अचानक की गई, लेकिन हम इसे पूर्व-नियोजित मानते हैं। यह पंजाब की मान सरकार की रणनीति भी है। प्रमुख किसान नेता केंद्रीय मंत्रियों के साथ 7वें दौर की बातचीत कर रहे थे। जब वे लौटे, तो सब कुछ बिखर चुका था। पंजाब में ऐसी पुलिसिया कार्रवाई चौंकाती है, विरोधाभास की व्याख्या भी करती है, क्योंकि दिल्ली बॉर्डर पर किसान आंदोलन के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने आंदोलनकारियों को भोजन, पानी, शौचालय की सुविधाएं मुहैया कराई थीं। तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल ने किसानों को जेल में डालने के केंद्र सरकार के आग्रह तक को खारिज कर दिया था। पंजाब में भी 'आप' की सरकार है और भगवंत सिंह मान मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी दिलाने का वायदा किया था। अब 'आप' के सामने लुधियाना उपचुनाव की चुनौती है, लिहाजा व्यापारियों और उद्योगपतियों के गंभीर दबाव में किसानों को खदेड़ने का फैसला लेना पड़ा। पंजाब में फरवरी, 2027 में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। साफ है कि आंदोलित किसानों का तबका तो 'आप' के खिलाफ जनमत देगा। वैसे आंदोलन के मद्देनजर किसान संगठन बिखर कर खंड-खंड हो चुके हैं, लिहाजा सभी वाताएं बेनतीजा साबित हो रही हैं। चंडीगढ़ की 7वीं बैठक के दौरान किसानों ने एक दस्तावेज-सा पेश किया था, जिसके मुताबिक एमएसपी की कानूनी गारंटी पर 25-30,000 करोड़ रुपए खर्च होने का आकलन किया गया था। बताते हैं कि उस अपुष्ट दस्तावेज पर केंद्रीय वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नाराजगी जताई। किसानों को यह भी दो टूक कहा गया कि यदि एमएसपी की कानूनी गारंटी दी गई, तो पंजाब से गेहूं और धान की खरीद का कोटा अन्य राज्यों के साथ बांटना पड़ेगा। पंजाब से जो सर्वाधिक सरकारी खरीद की जाती है, वह कोटा भी कम हो जाएगा। बताया जाता है कि इस पर किसान चौंक कर खामोश हो गए। चूंकि एमएसपी पर बेनतीजा बैठकों के ही दौर चल रहे हैं, लिहाजा अब हमारा भी अंदेशा यह है कि मोदी सरकार एमएसपी को कानूनी गारंटी नहीं देगी।

# बिहार में पुरानी खोई हुई जमीन तलाशती कांग्रेस

> 1990 के बाद के बिहार में कांग्रेस लगातार क्यों नीचे गिरती गई? इस पर उसे स्वयं विचार करना चाहिए। 1980 से 89 के बीच कांग्रेस लगातार सत्ता में रही। इस बीच उसके पांच मुख्यमंत्री हुए, जगन्नाथ मिश्र, चंद्रशेखर सिंह, बिंदेश्वरी दुबे, भागवत झा आजाद और सत्येंद्र सिन्हा। छठे बदलाव में फिर जगन्नाथ मिश्र हुए थे। सब के सब केवल दो ऊँची जाति से आते थे। इसकी प्रतिक्रिया यह हुई कि पिछले पैंतीस साल से तथाकथित ऊँची जाति के लोग स्थाई तौर पर राजनीतिक हाशिए पर आ गए।

**-कुमार कृष्णन-**

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में कांग्रेस के प्रयोग अपने ही गठबंधन के साथियों के लिए उनकी ही चुनौतियों को बढ़ाते जा रहे हैं। पहले कांग्रेस ने राज्य में अपना प्रभारी बदला और कृष्णा अल्लावरू को जिम्मेदारी दे दी थी। अब कांग्रेस ने राज्य में दलित चेहरे के तौर पर राजेश राम को प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दे दी है।

राजेश राम के पिता कांग्रेस की सरकार में मंत्री रह चुके हैं। उनका परिवार कांग्रेस में लंबे वक्त से है लेकिन अगर चुनाव से पहले कांग्रेस के इस फैसले पर नजर डालें तो विरोधियों से ज्यादा ये इंडिया गठबंधन के तमाम दलों के लिए चुनौती है। राजेश राम जिस इलाके से आते हैं, बीते तीन विधानसभा चुनावों में इस पूरे इलाके में भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए को भारी नुकसान होता रहा है।

साल 2000 के बाद यह इलाका एनडीए का गढ़ माना जाता था लेकिन, 2015 के विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा के नेतृत्व एनडीए को भारी नुकसान होता आया है। इस इलाके में दलित वोटर्स का झुकाव राष्ट्रीय जनता दल और मायावती की बहुजन समाज पार्टी की ओर हमेशा से रहा है हालांकि इलाके की कुछ सीटों पर कांग्रेस के दलित नेताओं का अभी भी दबदबा है। बीते विधानसभा चुनाव के आंकड़े भी यही बताते हैं। बीते 2020 के विधानसभा चुनाव के आंकड़ों पर गौर करें तो बक्सर, रोहतास, कैमुर, भोजपुर, अरवल, औरंगाबाद और गया की करीब 49 विधानसभा सीटों में से 41 सीटों पर राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले महागठबंधन ने कब्जा किया था। इस इलाके की कुटुंबा और राजपुर जैसी आरक्षित सीटों पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। अब इस लिहाज से देखा जाए तो इसी इलाके को समीकरण को कांग्रेस ने और दुरुस्त करने की कोशिश की है।

बीते कुछ सालों में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के जरिए इस इलाके के समीकरणों को साधने की पूरी कोशिश भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने की है। यह कोशिश लोकसभा चुनाव में कुछ हद तक कामयाब जरूर हुई है। लेकिन, विधानसभा चुनाव में ये रणनीति कुछ खास कारगर सिद्ध नहीं हो पाई है। यही वो इलाका है जहां दलितों का एक बड़ा तबका आज भी मायावती के नेतृत्व वाली बहुजन समाज पार्टी के साथ भी है।

लालू यादव के नेतृत्व वाली राजद के साथ भी दलित वोटर्स का एक बड़ा तबका है लेकिन अब कांग्रेस ने अपने विश्वसनीय और दलित चेहरों के जरिए इन वोटर्स में सेंधमारी की तैयारी शुरू कर दी है। इसकी शुरूआत नेता विपक्ष राहुल गांधी के दलित सम्मेलन के साथ ही हो गई थी लेकिन अब राजेश राम के जरिए इस समीकरण को और धार देने की कोशिश की गई है।

इस इलाके में करीब 25 फीसदी दलित वोटर्स हैं. ऐसे वक्त में जब मायावती का अपने वोटर्स के बीच प्रभाव कम हो रहा है तो कांग्रेस ने चुनाव से ठीक पहले राजेश राम के जरिए इन वोटर्स को साधने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है हालांकि बहुजन समाज पार्टी के साथ ही राष्ट्रीय जनता दल के लिए भी कांग्रेस अब चुनौतियों को बढ़ा रही है। इसके साथ ही इस इलाके में कांग्रेस अपनी पुरानी खोई हुई जमीन भी तलाश रही है। पिछले दो दशकों से यही हो रहा है कि बिहार कांग्रेस का प्रांतीय अध्यक्ष हटने के बाद कोई दूसरा दल ज्वाइन कर लेता है। महबूब अली कैंसर, अनिल शर्मा, अशोक चौधरी के नाम याद आ रहे हैं। निवर्तमान भी दूसरे दल में जाएंगे ऐसा लगभग तय है।

यह उस कांग्रेस का हाल है जिसने लम्बे समय तक बिहार में राज किया है लेकिन पिछले पैंतीस साल से यह लटक पार्टी बन कर रह गई है। कांग्रेस की विफलता ने बिहार की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी की स्थिति मजबूत की है। मैं नहीं समझता कांग्रेस की स्थिति में सुधार की फिहाल कोई गुंजायश है लेकिन राजनीति में कभी कभार असंभव भी संभव होता है।संभव है कांग्रेस में नई कोंपलें प्रस्फुटित हों और कोई जादुई परिणाम आ जाए। पिछले दिनों बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु की सक्रियता की खबरों के बीच से एक अपुष्ट खबर निकल कर आ रही है कि कांग्रेस अपने दम पर बिहार में राजनीति करना चाहती है। इसलिए अल्लावारु लालू परिवार को कोई तरजीह नहीं दे रहे हैं। नहीं जानता खबर में कितना दम है लेकिन यदि सचमुच अपने पैर पर खड़ा होती है तो उसके लिए बेहतर होगा।

1990 के बाद के बिहार में कांग्रेस लगातार क्यों नीचे गिरती गई? इस पर उसे स्वयं विचार करना चाहिए। 1980 से 89 के बीच कांग्रेस लगातार सत्ता में रही। इस बीच उसके पांच मुख्यमंत्री हुए, जगन्नाथ मिश्र, चंद्रशेखर सिंह, बिंदेश्वरी दुबे, भागवत झा आजाद और सत्येंद्र सिन्हा। छठे बदलाव में फिर जगन्नाथ मिश्र हुए थे। सब के सब केवल दो ऊँची जाति से आते थे। इसकी प्रतिक्रिया यह हुई कि पिछले पैंतीस साल से तथाकथित ऊँची जाति के लोग स्थाई तौर पर राजनीतिक हाशिए पर आ गए। जिस कांग्रेस में कभी पर्याप्त संख्या में दलित, पिछड़े, मुसलमान और ऊँची जातियों के लोग होते थे, वह कैसे केवल दो ऊँची जातियों के नेताओं की कठपुतली बन गई। इसी कांग्रेस ने कभी दरोगाप्रसाद राय, भोला पासवान शास्त्री, अब्दुल गफूर को मुख्यमंत्री बनाया था जिसने बीरचंद पटेल, रामलखन यादव, राम जयपाल यादव, लहटन चौधरी, सुमित्रा देवी, अब्दुल कयूम अंसारी, मुंगेरीलाल, डीपी यादव, देवशरण सिंह, सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह जैसे नेता दिए , वहां आज पिछड़े वर्ग के नेताओं का अभाव क्यों है। यह कांग्रेस थी, जिसने मूर्खतावश अपनी जमीन खो दी। जिस रोज कांग्रेस अपनी कमजोरी समझ लेगी उसी रोज उठ कर खड़ी हो जाएगी। उसे बदलती हुई स्थितियों में स्वयं को बदलना होगा। उसे अपने ही इतिहास का अवलोकन भी करना होगा।

1930 तक बिहार कांग्रेस बेजान थी। प्रांतीय कांग्रेस कमिटी में अकेले कायस्थ 56 फीसद थे। उसके बाद मुसलमान, राजपूत, भूमिहार और ब्राह्मण थे। राष्ट्रीय आंदोलन के दूसरे चरण में जब संघर्ष तेज हुआ और जेल जाना जरूरी हुआ तब कायस्थ पीछे हटने लगे और भूमिहारों ने बढ़त बना ली। यह भूमिहारों में स्वामी सहजानंद के नेतृत्व में हुए स्वाभिमान आंदोलन का नतीजा था। पढाई लिखाई में जैसे ही कोई समुदाय आगे आता है राजनीति में भी आगे आता है।इस संघर्ष का नतीजा हुआ कि श्रीकृष्ण सिंह ने 1937 में बिहार के प्रधानमंत्री की कुर्सी झटक ली।आजादी मिलने के समय तक भूमिहारों और कायस्थों का दबदबा बना रहा।1947 में मुख्यमंत्री के पद पर श्रीकृष्ण सिंह थे तो बिहार कांग्रेस के चीफ महामाया प्रसाद सिन्हा थे। बाद में राजपूत जुड़े और उसके भी बाद में ब्राह्मण। बिहार के प्रथम ब्राह्मण कांग्रेस अध्यक्ष प्रजापति मिश्र थे।रेणु ने अपने उपन्यास ह्य मैला आँचल ह्य में इस सामाजिक सच्चाई को दर्ज किया है। उनके मेरीगंज में ब्राह्मण तीसरी शक्ति हैं। वहाँ मुसलमान भी होते तो वे चौथी शक्ति हो जाते।

आजादी के बाद बिहार कांग्रेस ने परिश्रम पूर्वक हासिये के लोगों को पार्टी से जोड़ा था।दलित नेता जगजीवन राम तो राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित थे, एम् एन राय की रेडिकल पार्टी, पिछड़े वर्गों के त्रिवेणी संघ, आदिवासी नेता रामजयपाल सिंह मुंडा आदि को कांग्रेस में शामिल कराया। इन सबका ही नतीजा था कि कांग्रेस इतने दिनों तक टिकी रही।

लेकिन कांग्रेस में 1970 के दशक के मध्य से संजय गाँधी का जैसे जैसे वर्चस्व बढ़ा, उसमें ऊँची जातियों के लम्पट तत्वों का वर्चस्व बढ़ता गया।

# राहुल गांधी के बयान के बाद कांग्रेस में मंथन शुरू

**-प्रदीप कुमार वर्मा-**

डेढ़ सौ साल पुरानी देश की इकलौती पार्टी कांग्रेस में इन दिनों संगठन की मजबूती के लिहाज से ह्लसर्जरीह्व का दौर चल रहा है। पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी के गुजरात में दिए बयान के बाद निष्क्रिय कार्यकताओं को पार्टी से बाहर करने की कवायद शुरू हो गई है। अपने ही कार्यकताओं की निष्ठा एवं समर्पण पर सवाल तथा भाजपा से कथित सांठ-गाँठ के आरोप के बाद अब कांग्रेस कार्यकताओं की राजनीतिक विचारधारा के ह्लडीएनएह्व की जांच पर पार्टी में अंदरखाने घमासान है। इसके साथ ही देश के लगभग सभी सूबों में कांग्रेस संगठन में बदलाव कर निष्क्रिय कार्यकताओं को बाहर कर नए कार्यकर्ता को जिम्मेदारी देने का काम शुरू हो गया है। उधर, भाजपा ने राहुल गांधी के बयान तो लेकर कटाक्ष करते हुए उनकी अगुवाई में कांग्रेस के सबसे खराब प्रदर्शन की बात कहकर एक नया राजनीतिक विमर्श भी सेट कर दिया है।

दरअसल, बीते दिनों गुजरात दौरे पर गए राहुल गांधी ने अहमदाबाद में कांग्रेस कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि पार्टी में दो तरह के नेता है। एक वो, जो जनता के साथ खड़े होते हैं, उनके लिए लड़ते हैं और उनका सम्मान करते हैं क्योंकि उनके दिल में कांग्रेस है। दूसरे, जो अलग-थलग बैठते हैं, लोगों का सम्मान नहीं करते और भाजपा के साथ सांठ-गांठ करते हैं। कांग्रेस में शेर तो हैं लेकिन वे चेन से बंधे हैं। अगर जरूरत हुया,तो तीस चालीस प्रतिशत लोगों को कांग्रेस से बाहर निकाला जा सकता है। पार्टी फोरम पर अपनी ही पार्टी के कार्यकताओं और पदाधिकारी के विरुद्ध दिए गए इस बयान के बाद कांग्रेस में चिंतन और मंथन का दौर शुरू हो गया है। पार्टी पदाधिकारी इस बयान को राहुल गांधी द्वारा पार्टी को मजबूती प्रदान करने की एक ह्लसच्चीह्व कोशिश मान रहे हैं। वहीं, कुछ लोग गुप-चुप रूप से ही सही यह भी कहने से नहीं चूक रहे कि कार्यकताओं के विरुद्ध इस कथित टिप्पणी से उनका मनोबल काम होगा और भाजपा के साथ लड़ाई में कांग्रेस एक बार फिर से कमजोर होगी।

हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद एक बार फिर से यह सवाल खड़े हुए कि आखिरकार कांग्रेस की हार के कारण क्या हैं? हार के मंथन के दौरान इंडिया गठबंधन के साथ पार्टी के तालमेल सहित कांग्रेस कार्यकताओं की सक्रियता और पार्टी के प्रति उनके समर्पण पर भी सवाल उठे। इसके बाद रही-सही कसर दिल्ली विधानसभा के चुनाव में पूरी हो गई। जब कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन में मुख्य दल आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ तालमेल नहीं किया। कांग्रेस को राजनीतिक रूप से एक और झटका तब लगा, जब इंडिया गठबंधन के अन्य साथी दलों ने दिल्ली में आकर आम आदमी पार्टी का साथ दिया और आम आदमी पार्टी के पक्ष में प्रचार किया। नटीजतन इस चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक कांग्रेस पार्टी को भाजपा के साथ-साथ अपने ही साथी दलों के साथ चुनावी समर लड़ना पड़ा। इससे कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन के साथ-साथ इंडिया गठबंधन में उसकी साख को भी धक्का लगा है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुमान के अनुरूप ही आए और कांग्रेस को करारी हार मिली। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सीटों के प्रदर्शन के हिसाब से कांग्रेस को एक बार फिर से ह्लशून्यह्व से ही संतुष्ट होना पड़ा। दिल्ली की हार के बाद ही संभव है कि कांग्रेस में कार्यकताओं की निष्ठा को लेकर यह नया विमर्श शुरू हुआ है,जिसकी शुरूआत भाजपा के गढ़ गुजरात से हुई है। गुजरात के अहमदाबाद में दिए राहुल गांधी के बयान के बाद राजस्थान सहित अन्य राज्यों में भी संगठन की सर्जरी को लेकर कवायद शुरू हो गई है। कांग्रेस की राज्य यूनिटों ने आगामी निकाय और पंचायत चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए राहुल गांधी की मंशा के अनुरूप ही संगठन में जान फूंकने की खातिर एक फॉमूर्ला तैयार किया है। इसके तहत निष्क्रिय पदाधिकायों को संगठन से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। संगठन की बैठकों और कार्यक्रमों से नदारद रहने वाले पदाधिकायों की छुट्टी की जाएगी।

इस संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी का कहना है कि कांग्रेस संगठन से निष्क्रिय पदाधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाए जाने के बाद नए पदाधिकारियों की एंट्री होगी। नए ऊजार्वान कार्यकताओं को संगठन की जिम्मेदारी मिलने से वे ज्यादा एक्टिव होकर कार्य करेंगे। वरिष्ठ कांग्रेसियों का मानना है कि राहुल गांधी का यह कदम पार्टी की मजबूती के लिए जरूरी है तथा इस प्रकार का आंतरिक अनुशासन और यह कवायद संजीवनी के समान उपयोगी साबित होगा और कांग्रेस पार्टी के चुनावी प्रदर्शन में सुधार होगा। वहीं, इसके उलट पार्टी के एक धड़े में इस बात को भी लेकर मंथन है कि अपने ही कार्यकताओं की पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण पर इस प्रकार सार्वजनिक तौर पर सवाल उठाना सही नहीं है। इस कदम से पार्टी के कार्यकताओं का मनोबल कम होगा, जिसका असर सत्ता में बैठी भाजपा के साथ लड़ाई में पार्टी को नुकसान के रूप में होगा।

उधर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें पहले यह समझना चाहिए कि चुनाव में उनकी पार्टी की हार के लिए वह स्वयं जिम्मेदार हैं। इसलिए उन्हें अपनी ह्यविफलताओंह्न के लिए दूसरों को दोष देना बंद कर देना चाहिए। राज्यसभा संसद और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि जब से राहुल गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी ने पार्टी की कमान संभाली है, तब से कांग्रेस की स्थिति खराब हो गई है।

# ट्रंप का भारत को टैरिफ कम करने का अल्टीमेटम

**-किशन सनमुखदास भावनानीं-**

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के हर देश को ट्रंप के राष्ट्रपति चुने जाने से किसी न किसी रूप में चाहे वह आर्थिक, अवैध नागरिकता समस्या, टैरिफ, अमेरिकी फर्स्ट इत्यादि अनेकों एक्शन से दुनियाँ में तहलका मचा हुआ है। दुनियाँ भर की इकोनॉमीज में बवाल मचा हुआ है। ट्रंप ने मैक्सिको से लेकर चीन और कनाडा तक टैरिफ वॉर छेड़ा है, वहीं 2 अप्रैल में वह भारत के खिलाफ भी टैरिफ लगाने की बात कह चुके हैं।इस बीच अमेरिका में आने वाले महीनों में मंदी की आशंका गहराती जा रही है। अगर इन दोनों का पेच ज्यादा गहराता है तो भारत के सबसे ज्यादा बढ़ने वाला बिजनेस पर गंभीर नकारात्मक असर पढ़ सकता है। परंतु मेरा मानना है कि इन सब एक्शन से हालांकि अनेकों देशों पर नेगेटिव असर होगा,तो अमेरिका भी इसे अछूता नहीं रहेगा क्योंकि वहां भी मंदी के बादल छाए हुए हैं। अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने से एक बड़ा वर्ग बाधित होगा।अन्य देशों से आने वाली वस्तुओं पर टैक्स बोझबढ़ने से महंगी हो जाएगी, जबकि घरेलू वस्तुएं ऑलरेडी ही महंगी है, तो सबसे पहले उसका उपयोग या उपभोग होगा, जिसका असर अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर जरुर पड़ेगा जो रेखांकित करने वाली बात है। आज यह मुद्दा हम इसलिए उठा रहे हैं, क्योंकि दिनांक 20 मार्च 2025 को भारतीय समय अनुसार देररात्रि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का बयान आया कि उनके भारत के साथ बहुत अच्छे संबंध तो है,परंतु अड़चन यह है कि भारत टैरिफ किंग है, दुनियाँ में उच्च टैरिफ वाले देशों की सूची में भारत मुख्य स्थान पर है, इसीलिए ट्रंप ने भारत को अल्टीमेटम दिया है कि,यदि टैरिफ कम नहीं किया गया तो 2 अप्रैल 2025 से अमेरिका भारत पर भी रेंसिप्रोकल टैक्स लगा देगा,जिसके दूरगामी नकारात्मक असर का दोनों देशों को भुगतना पड़ेगा। भारत में खासकर आईटी क्षेत्र में इसका अधिक असर पड़ेगा, हालांकि अन्य क्षेत्रों में भी असर पड़ने की पूरी संभावना है, इसलिए भारत को चाहिए कि एक रणनीतिक व्यवस्था के तहत सभी पहलुओंको ध्यान मेंरखकर निर्णय लेने की आवश्यकता है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत को अमेरिका से राजनीतिक संबंधों को मजबूत करने, अच्छे व्यापारिक संबंध बनाए रखनें, विवादों से बचने विजन 2047 को रेखांकित कर सटीक निर्णय लेने की आवश्यकता है।

साथियों बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की अमेरिकी वेबसाइट से दिनांक 20 मार्च 2024 को देर रात्रि हुई बातचीत की करें तो, ट्रंप ने कहा है कि भारत से साथ बहुत अच्छे संबंध होने के बावजूद एकमात्र समस्या यह है कि भारत दुनियाँ में सबसे अधिक सीमा शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है, इसके साथ ही ट्रंप ने दो अप्रैल से भारत से होने वाले आयात पर जवाबी सीमा शुल्क लगाने की अपनी धमकी भी दोहराई। ट्रंप ने अमेरिकी समाचार वेबसाइट के साथ साक्षात्कार में भारत के साथ अमेरिका के संबंधों पर चर्चा के दौरान यह बात कही।अमरीकी राष्ट्रपति ने कहा है कि भारत की ओर से जल्दी ही उनके देश के सामानों पर टैरिफ कम करने का फैसला हो सकता है। ट्रंप ने एक इंटरव्यू में यह बात कही है। ट्रंप ने एक तरफ भारत के टैरिफ कम करने का भरोसा जताते हुए धमकी भी दी है। ट्रंप ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि भारत, अमरीकी सामान पर लगने वाले टैरिफ को कम करेगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अगर भारत ऐसा नहीं करता है, तो दो अप्रैल से उनकी सरकार भी भारत पर उतना ही टैरिफ लगाएगी, जितना भारत द्वारा लगाया जाता है। ट्रंप ने भारत की तरफ से अमेरिकी उत्पादों पर लगाए गए उच्च शुल्क की बार-बार आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि भारत बहुत अधिक शुल्क लगाने वाला देश है,वह अतीत में भी भारत को टैरिफ किंग करार दे चुके हैं।पिछले महीने व्हाइट हाउस में पीएम के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान भी ट्रंप ने कहा था कि भारत सीमा शुल्क के मामले में बहुत सख्त रहा है। ट्रंप ने मार्च की शुरूआत में कहा था कि भारत अपने शुल्क में काफी कटौती करने पर सहमत हो गया है। हालांकि, वाणिज्य सचिव ने 10 मार्च को एक संसदीय समिति को बताया था कि इस बारे में बातचीत अभी जारी है और भारत एवं अमेरिका के बीच व्यापार शुल्क पर अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है ऐसी जानकारीआई।

साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा भारत-पश्चिम एशिया -यूरोप आर्थिक गलियारे पर टिप्पणी करने की करें तो उन्होंने कहा, भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर को लेकर कहा कि इससे विरोधी देशों का मुकाबला करने में मदद मिलेगी।पीएम के साथ पिछले महीने हुई वार्ता के बारे में पूछे जाने पर डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ उनके बेहद अच्छे संबंध हैं। भारत के साथ मेरी एकमात्र समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक हैं। हालांकि मेरा मानना है कि भारत उन शुल्कों को काफी हद तक कम करने जा रहा है ,क्योंकि हम भी दो अप्रैल से हम उनसे वही शुल्क वसूलेंगे जो वे हमसे वसूलते हैं। ट्रंप ने भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप- आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के बारे में कहा कि यह अद्भुत देशों का समूह है जो व्यापार में हमें नुकसान पहुंचाने वाले दूसरे देशों का मुकाबला करने के लिए एक साथ आ रहे हैं.ट्रंप ने कहा, हमारे पास व्यापार में साझेदारों का एक शक्तिशाली समूह है।

# अलगाववादी सोच की उपज पाकिस्तान

**-प्रताप सिंह पटियाल-**

करदे फकत इशारा अगर शाहे खुरासान, सजदा न करूं भारत की नापाक जमीन पर अर्थात अगर तुर्की का खलीफा इशारा भी कर दे तो भारत की नापाक जमीन पर इबादत भी न करूं। पाकिस्तान के कौमी शायर अल्लामा इकबाल ने अविभाजित हिंदोस्तान के दौर में 29 सितंबर 1930 को इलाहाबाद में आयोजित मुस्लिम लीग के इजलास में अपनी इस हिकारत भरी नज्म का जिक्र करके भारत विरोधी नजरिए का इजहार सरेआम कर दिया था। बेशक तुर्की के खलीफा को आलम-ए-इस्लाम का एक बड़ा आलमगीर मानकर अल्लामा इकबाल ने शाहे खुरासान जैसी नज्म लिख फक्र महसूस किया था, मगर काबिलेगौर रहे इजरायल के हाइफा शहर में 23 सितंबर 1918 को भारत की जोधपुर रियासत के राजपूत सैनिकों ने उसी तुर्की सल्तनत की चार सौ वर्षों की हुकूमत को अपनी तलवारों से ही खल्लास कर दिया था। मेजर दलपत सिंह राठौर मिलिट्री क्रॉस द हीरो ऑफ हाइफा ने इजरायल को तुर्की की गुलामी से आजाद कराकर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। सन् 1904 में तराना ए हिंद सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तान हमारा की रचना भी अल्लामा इकबाल ने ही की थी। मगर उर्दू के नामवर शायर सआदत हसन मंटो ने कहा था कि यदि मजहब दिलों से निकल कर दिमाग पर चढ़ जाए तो जहर बन जाता है।

तराना-ए-हिंद के रचयिता तथा प्रभु श्रीराम को इमाम-ए-हिंद करार देने वाले अल्लामा इकबाल मजहबी कट्टरवाद का शिकार हो गए। अपनी किताब कुल्लियाते इकबाल में अल्लामा ने जिक्र किया था कि उनका ताल्लुक कश्मीर के सप्रू ब्राह्मण परिवार से था, मगर कुछ मजहबी रहनुमाओं से मुतासिर होकर उन्होंने इस्लाम अपना लिया था। इकबाल ने सन् 1910 में तराना-ए-मिल्ली लिखकर भारत विभाजन के मंसूबे जाहिर कर दिए थे। भारत की आजादी के लिए शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में तख्ता-ए-दार पर झूल गए थे। 23 मार्च का दिन भारत में शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इंकलाबी युवा हिंदोस्तान की आजादी के लिए शहीद हो रहे थे, मगर कुछ जमातें भारत विभाजन के मंसूबों में मशगूल थीं। 23 मार्च 1940 को लाहौर के मिंटो पार्क में मोहम्मद अली जिन्ना की कयादत में आल इंडिया मुस्लिम लीग का इजलास हुआ, जिसमें लाहौर संकल्प यानी करारदात-ए-लाहौर पारित करके मजहब के आधार पर अलग मुल्क पाकिस्तान की मांग की गई थी। लाहौर करारदात की याद में 23 मार्च को यौम-ए-पाकिस्तान मनाया जाता है। यदि इतिहास के पन्ने खंगालें तो भारत को खंडित करके पाकिस्तान का तसव्वुर करने वाले अल्लामा इकबाल के साथ और भी कई किरदार बेनकाब होंगे। जम्मू-कश्मीर रियासत में हंदवाड़ा कस्बे के सहाफी सैयद गुलाम शाह काजमी ने जुलाई 1928 में एबटाबाद में पाकिस्तान नाम से उर्दू में साप्ताहिक अखबार के संपादन के लिए दरख्वास्त दायर की थी। लंबी जद्दोजहद के बाद सन् 1936 में गुलाम शाह का पाकिस्तान अखबार एबटाबाद से नसर हुआ, जिसके चलते पाकिस्तान नाम ज्यादा मकबूल हुआ। हालांकि पाकिस्तान अखबार सन् 1938 को बंद कर दिया गया था। चौधरी रहमत अली ने जनवरी 1933 में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से प्रकाशित अपनी एक पाम्पलेट, जिसका शीर्षक नाऊ एंड नेवर था, उसमें पाकिस्तान लफ्ज का जिक्र करके पाकिस्तान का नक्शा भी उकेर दिया था।

रहमत अली ने सन् 1934 में पाकिस्तान का मश्विरा मोहम्मद अली जिन्ना को दिया, मगर भारत विभाजन में जिन्ना की कारकर्दगी से रहमत अली इस कदर बरहम हुए कि जिन्ना को कायद-ए-आजम के बजाय गद्दार-ए-आजम कह दिया। नतीजतन पाक वजीरे आजम लियाकत अली की हुकूमत ने रहमत अली की संपत्ति छीन कर उन्हें पाकिस्तान छोडने का फरमान जारी कर दिया था। लफ्ज-ए-पाकिस्तान की तखलीक करने वाले चौधरी रहमत अली तीन फरवरी 1951 को ब्रिटेन में फौत हो गए। बान-ए-तहरीक-ए-पाकिस्तान, खालिक एक लफ्ज पाकिस्तान ये अल्फाज कैम्ब्रिज में रहमत अली की कब्र पर अंकित हैं। अर्थात पाकिस्तान तहरीक के संस्थापक व पाकिस्तान लफ्ज के निमार्ता। लेकिन पाकिस्तान लफ्ज के मुसन्निफ रहमत अली के ताबूत को पाकिस्तान में कब्रिस्तान नसीब नहीं हुआ। मय्यत को कंधा देने कोई पाकिस्तानी नहीं गया था। मुफ्फिकर-ए-पाकिस्तान अल्लामा इकबाल की निगाहें नए मुल्क पाकिस्तान के हसरत-ए-दीदार से महरूम रह गईं। सिंध, बलूचिस्तान, पंजाब व अफगान सूबा-ए-सरहद को मिलाकर पाकिस्तान बनाने का ख्वाब देखने वाले अल्लामा इकबाल का इंतकाल 21 अप्रैल 1938 को ही हो गया था।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रात: 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अत: भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# देश के महापुरुषों और स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान नहीं करने वालों की भारत में जगह नहीं : सीएम योगी

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि 'भारत और भारतीयता से नफरत करने वालों' और 'देश के महापुरुषों और स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान न करने वालों' के लिए कोई जगह नहीं हो सकती।' मुख्यमंत्री की टिप्पणी उन लोगों पर लक्षित थी, जिन्होंने, उनके अनुसार, ऐतिहासिक रूप से भारत की आस्था, संस्कृति और सम्मान पर हमला किया है। आदित्यनाथ ने यहां बिठूर महोत्सव में बोलते हुए कहा, मैं फिर से कहता हूं कि जो देश के महापुरुषों और स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान नहीं कर सकता, उसके लिए कोई जगह नहीं हो सकती।






उन्होंने कहा, जो आक्रमणकारी थे, जिन्होंने भारत की आस्था पर हमला किया, जो भारत और भारतीयता से नफरत करते थे, जिन्होंने भारत की बहनों और बेटियों के सम्मान को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, जिन्होंने भारत की सनातन संस्कृति को रौंदा, जो भारत की आस्था को कुचल रहे थे, वे कभी भी भारत के लिए आदर्श नहीं हो सकते, वे कभी भी भारत के नागरिकों के लिए आदर्श नहीं हो सकते। आदित्यनाथ ने विदेशी आक्रमणकारियों को आदर्श मानने वाले व्यक्तियों की आलोचना करते हुए उनसे अपने रुख पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो द्वारा देश के गणतंत्र दिवस परेड के दौरान दिए गए एक बयान पर प्रकाश डाला, जिसे वे आंखें खोलने वाला मानते हैं। उन्होंने कहा, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति कहते हैं कि अगर कभी हमारा डीएनए टेस्ट किया जाए तो वह भारतीय ही निकलेगा। इंडोनेशिया दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम बहुल देश है और उनका यह बयान उन लोगों के लिए आंखें खोलने वाला है जो भारत में विदेशी आक्रमणकारियों को अपना आदर्श मानते हैं। आदित्यनाथ की टिप्पणी के बाद छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप और गुरु गोविंद सिंह जैसे प्रतिष्ठित भारतीय व्यक्तित्वों के प्रति सम्मान का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि इस बयान के बाद, उन लोगों में भी छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, गुरु गोविंद सिंह जी महाराज और भारत के इन महान योद्धाओं, महान भारत के महान क्रांतिकारियों के प्रति सम्मान की भावना पैदा होगी और वे भारत को महान बनाने में योगदान देंगे।

## उत्तर प्रदेश: जनपद मीरजापुर में जिलाधिकारी ने की बैठक

**सूरज मौर्य**

**उत्तर प्रदेश:** जनपद मीरजापुर में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समिति दिव्यांग बंधु, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की जिला स्तरीय समिति, जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति, पूर्वांचल विकास निधि की बैठक आहूत की गई। दिव्यांग बंधु की बैठक में उद्योग विभाग से मिलने वाली योजनाओं में दिव्यांगजनों को लाभान्वित किए जाने, दिव्यांगजनों का यूनिक आई.डी. कार्ड एवं चिकित्सा प्रमाण पत्र बनाए जाने, दिव्यांगजन पेंशन के के.वाई.सी., नवीन दिव्यांगजन पेंशन के आवेदन पत्रों का सत्यापन, दिव्यांगजन को शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने, दिव्यांगजनों के सुगम एवं बाधारहित आवागमन हेतु रैम्प की व्यवस्था किए जाने, मुख्यमंत्री आवास



योजना ग्रामीण/प्रधानमंत्री आवास योजना की बिंदुवार विस्तृत समीक्षा की गई।

जिला स्तरीय सलाहकार समिति की समीक्षा में जिलाधिकारी ने सभी बैंकों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदन यथा शीघ्र निस्तारण कराएं। उन्होंने जनपद के सांख्यिकीय आंकड़ों की समीक्षा की गई पाया गया कि जनपद के ज्यादातर बैंकों जैसे बैंक ऑफ बड़ौदा, कैनरा बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, जिला सहकारी बैंक, आर्यावर्त बैंक, आई.डी.बी.आई. बैंक, कोटक महिंद्रा एवं भारतीय स्टेट बैंक का ऋण जमा अनुपात राज्य औसत 60 प्रतिशत से कम है। बैंक प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि छोटे ऋण होने के कारण ऋण जमा अनुपात में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पाती है एवं बड़े ऋण नियंत्रक कार्यालयों के माध्यम से हो जाने के कारण, जिस जनपद में बैंक के नियंत्रक कार्यालय होते हैं, उस जनपद के ऋण जमा अनुपात में वृद्धि होती है, चाहें इकाई अपनी ही जनपद में स्थापित क्यों न हों। इस प्रक्रिया में सुधार किए जाने हेतु बैंक प्रतिनिधियों को अपने उच्च प्राधिकारी के समक्ष प्रकरण रखने हेतु निर्देश दिए गए।

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना एवं उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष योजनान्तर्गत ह्ममाता सुकेता महिला मत्स्य पालक सशक्तिकरण (केज स्थापना)ह्ल उपयोजना में जनपद के लाभार्थियों के चयन हेतु जिला स्तरीय की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि मत्स्य विभाग के पोर्टल पर प्राप्त उपरोक्त योजनाओं में नियमानुसार पूर्ण दस्तावेज वाले प्राप्त आवेदनों को स्वीकृत कर लिया जाए तथा अन्य विगत वर्ष की अपूर्ण उपयोजनाओं को पूर्ण किए जाने हेतु अनुदान की धनराशि मांग कर उन्हें यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाए।

## भगत सिंह को पाकिस्तान में मिले शहीद का दर्जा

**लखनऊ, एजेंसी।** जनवादी लेखक संघ लखनऊ की मासिक बैठक रविवार को हुई। 10 विधानसभा में बैठक दो सत्रों में हुई। पहले सत्र में शहीद दिवस के अवसर पर भगत सिंह को याद किया गया जबकि दूसरे सत्र में लखनऊ इकाई की आगामी सक्रियताओं के संबंध में बातचीत की गई। पहले सत्र में शहीद दिवस पर भगत सिंह के व्यक्तित्व पर होने वाली चर्चा में सभी सदस्यों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। चर्चा में नलिन रंजन सिंह ने भगत सिंह के बहुआयामी व्यक्तित्व के हवाले से बताया कि जंहां एक ओर वह सरकार को अपनी आवाज सुनाने के लिए पार्लियामेंट में बम फेंकते हैं वहीं दूसरी तरफ कहते हैं कि क्रांति का मतलब बम-बन्दूक नहीं बल्कि विचार हैं। वरिष्ठ पत्रकार सुभाष राय ने इस बात पर अफसोस जताया कि हमारी नई पीढ़ी भगत सिंह के विचारों से बहुत कटी हुई है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह के योगदान और विस्तार से उनके बारे में बताए जाने की जरूरत है। नाइश हसन ने भगत सिंह की उस चिट्ठी के माध्यम से उनके भावुक मन का जिक्र किया जो उन्होंने अपनी मां को कैद के दिनों में लिखी थी। नाइश ने पकिस्तान में उनको एक शहीद का दर्जा दिलाए जाने की ओर भी ध्यान दिलाया और इस पर काम किए जाने की बात कही। श्रवण कुमार गुप्त ने कहा कि जद्दोजहद के उस कठिन दौर में भगत सिंह का विचारों की क्रान्ति के लिए लड़ना जहां एक बड़ी बात थी। सलमान ख्याल और सीमा सिंह ने एकमत होकर यह बात रखी कि भगत सिंह के बारे में बच्चों के बीच केवल वही कुछ सीमित जानकारी पहुंच पाती है जो पाठ्यक्रम में है या हमारी सीमित जानकारी में जबकि भगत सिंह का व्यक्तित्व और योगदान उससे कहीं ज्यादा है। इस मौके पर शालू शुक्ला, ज्ञान चौबे, शालिनी सिंह व अन्य ने विचार रखे।

## एलडीए से नक्शा पास कराने का झांसा देकर हड़पे दस लाख

**लखनऊ, एजेंसी।** कैसरबाग कोतवाली में बिल्डर ने दस लाख रुपये की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया। आरोपित ने एलडीए से नक्शा पास कराने का झांसा देकर रुपये लिए थे।

अमीनाबाद निवासी अरमान बशीर के मुताबिक न्यू हैदराबाद निवासी नातिक हक से एक साल पहले मित्र के जरिए पहचान हुई थी। बातचीत के दौरान अरमान से नातिक ने कहा कि तुम अपनी खाली जमीन पर बिल्डिंग बनवा लो। जिससे अच्छी आमदनी होगी। बिल्डिंग निर्माण के लिए जो नक्शा पास कराना है। उसके लिए मैं एलडीए में बात कर लूंगा। झांसे में फंस कर अरमान ने हामी भर दी। निर्माण कार्य शुरू होने से पहले पीड़ित ने नक्शा पास कराने के लिए कहा। कुछ वक्त बाद नातिक ने बताया कि बात तय हो गई है। 12 लाख रुपये का खर्च आएगा। इसके बाद आरोपित ने टुकड़ों में अरमान से करीब दस लाख रुपये वसूल लिए।

**एलडीए के निर्माण तोड़ने पर खुली पोल**

लाखों रुपये वसूलने के बाद नातिक हक ने नक्शा नहीं दिया। पूछने पर बोला कि तुम काम पूरा कराओ। बाकी का जिम्मा हमारा है। अगस्त 2024 में अरमान बशीर के निर्माण स्थल पर एलडीए की टीम पहुंची। जिसने नक्शा मांगा। अरमान ने नातिक को फोन मिला कर नक्शे के लिए कहा। इस पर आरोपी ने बताया कि एलडीए की तरफ से दबाव बनाने के लिए टीमें भेजी जाती है।

आप फिक्र न करो। कुछ वक्त बाद ही एलडीए ने अरमान के बनाए निर्माण को जेसीबी लगा कर ध्वस्त कर दिया। लगातार कार्रवाई होने पर पीड़ित ने एलडीए दफ्तर पहुंच कर पड़ताल की। वहां जानकारी मिली कि उनकी तरफ से नक्शे के लिए अप्लाई नहीं किया गया है।

## मथुरा की छाता चीनी मिल और गोरखपुर में नई एथेनॉल डिस्टलरी की स्थापना जल्द

लखनऊ, एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सालों से बंद पड़ी छाता मथुरा में चीनी मिल तो दूसरी ओर पिपराइच गोरखपुर में नई एथेनॉल डिस्टलरी की जल्द स्थापना होगी। छाता चीनी मिल और पिपराइच डिस्टलरी के लिये ई-निविदाओं की प्रक्रिया चल रही है, जिसके पूरी होते ही निर्माण कार्य भी शीघ्र ही शुरू हो जाएगा।

मथुरा की चीनी मिल और गोरखपुर में नई डिस्टलरी की निविदा प्रक्रिया अंतिम चरण में

मुख्यमंत्री के निर्देश पर वर्ष 2025-26 के बजट में छाता, मथुरा में 3000 टीडीसी क्षमता की चीनी मिल और पिपराइच, गोरखपुर में 120 केपीएलडी की एथेनॉल डिस्टलरी की स्थापना की घोषणा की गई थी। वर्तमान में दोनों इकाईयों के निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया चल रही है। अगले माह निविदा प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। वर्ष 2009 से बंद पड़ी छाता, मथुरा की चीनी मिल के शुरू होने से क्षेत्र के गन्ना किसानों में उत्साह है। चीनी मिल की क्षमता को 2000 टीडीएस से बढ़ा कर 3000 टीडीएस की जा रही है। साथ ही मिल की क्षमता को 4900 टीडीएस तक भी विस्तृत की जा सकेगी। मिल की स्थापना क्षेत्र के गन्ना किसानों के लिए एक बड़ी सौगात है। इसके साथ ही गोरखपुर जिले में स्थित पिपराइच की सुगर मिल में एथनॉल डिस्टलरी की स्थापना के लिए बजट में 90 करोड़ रुपये स्वीकृत किये थे। वर्तमान में 120 केपीएलडी क्षमता की एथेनॉल की डिस्टलरी की स्थापना के लिए निविदा प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है जो अगले माह पूरी होती ही निर्माण प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

गन्ना किसानों को हुआ है रिकार्ड भुगतान

यूपी में योगी सरकार ने पिछले 8 सालों में गन्ना किसानों को रिकार्ड 2.80 लाख करोंड़ रुपये का भुगतान किया है जबकि पिछली सरकारों में गन्ना किसान दस-दस साल तक राशि के भुगतान के लिए परेशान रहते थे। यहीं नहीं पिछली सरकारों ने 1995 से 2017 तक 22 वर्षों में गन्ना किसानों को केवल 66.703 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। इस वर्ष भी गन्ना किसानों के लिए बजट में 475 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें से 88 प्रतिशत राशि का वितरण किया जा चुका है। शेष राशि के भुगतान को शीघ्र ही पूरी करने की प्रक्रिया चल रही है।

## नर्सों की गृह जनपद तैनाती हो, 10 अप्रैल के बाद आंदोलन की चेतावनी

**लखनऊ, एजेंसी।** बलरामपुर अस्पताल में राजकीय नर्सेज संघ उप्र.की बैठक में नर्सों की तैनाती गृह जनपद में करने की मांग उठी। साथ ही केंद्र और प्रदेश के उच्च चिकित्सा संस्थानों की तरह भत्ते की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। साथ ही चेतावनी दी कि यदि 10 अप्रैल तक नर्सों की मांग पूरी नहीं की गई तो प्रदेश भर में नर्सें आंदोलन करने का कदम उठाएंगी। बलरामपुर के इमरजेंसी सभागार में प्रदेश भर से नर्सेज संघ की वरिष्ठ पदाधिकारी बैठक में जुटीं। बैठक में संघ की अध्यक्ष शर्ली भंडारी और महामंत्री अशोक कुमार के नेतृत्व में नर्सों ने अपनी ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।




बैठक में संघ के लिए समर्पित वरिष्ठ पदाधिकारी अनिल जायसवाल, संतोष वर्मा आदि को सम्मानित किया गया। अशोक कुमार ने बताया कि नर्सें लंबे समय से मांग कर रही हैं कि मुख्य सचिव की समिति की संस्तुति होने के बावजूद भी शासन स्तर पर लंबित नर्सों के पदनाम की प्रक्रिया को तुरंत निपटाया जाए। इसके अलावा नर्सिंग काउंसिल में नर्सिंग संवर्ग से रजिस्ट्रार की नियुक्ति, नर्सिंग संवर्ग का पुनर्गठन एवं नियुक्ति, महानिदेशालय स्तर के उच्च पदों को पदोन्नति से तत्काल भरने, अन्य पदों पर पदोन्नति, एसीपी, बच्चों की सुविधा के लिए क्रेच, एमएससी नर्सिंग के लिए सवेतन भेजने, नर्सिंग संवर्ग में संविदा आउटसोर्सिंग को नियमित कर स्थायी नियुक्ति में पूर्व की भांति प्राथमिकता दी जाए।

अशोक ने कहा कि सबसे ज्वलंत मुद्दा है कि चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के पदों को जिला स्तर पर मेडिकल कॉलेज बनाने के बाद पद समेत विभाग में समायोजन किया जाए। अन्यथा पूर्व की तरह यथावत कार्य करने दिया जाए। जैसा अन्य मेडिकल कॉलेजों में चल रहा है। चेतावनी दी कि 10 अप्रैल तक निदेशालय स्तर की मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो संघ प्रदेश भर में बड़े पैमाने पर आंदोलन करेगा। बैठक में जितेंद्र, महेंद्र, राजेंद्र शुक्ला, राधारानी, कौशल्या गौतम, राकेश शर्मा, सत्येंद्र कुमार, राम गोपाल सिंह, मीना वर्मा, हृदय नारायण राजपूत, गीतांशु वर्मा, शशिलता वर्मा, मधु जायसवाल, रोज मैरी, सोनिया मसीह, अमिता रोस, स्मिता मौर्य आदि प्रमुख पदाधिकारी रहे।

## निजीकरण के विरोध में मेरठ में बिजली पंचायत

**लखनऊ, एजेंसी।** पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के विरोध में सोमवार को बिजली कर्मी मेरठ में बिजली पंचायत करेंगे। रविवार को बिजली कर्मचारियों ने अमर शहीदों भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित करके निजीकरण के खिलाफ निर्णायक संघर्ष की शपथ ली। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि अमर शहीदों को साक्षी मानकर बिजली कर्मचारियों ने निर्णय लिया है कि बिजली विभाग की लाखों करोड़ों रुपये की संपत्ति कौड़ियों के भाव निजी घरानों के हाथों में नहीं जाने दी जाएगी। निजीकरण का फैसला वापस होने तक बिजली कर्मचारी आंदोलनरत रहेंगे। उन्होंने बताया कि मेरठ में होने वाली बिजली पंचायत में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के तहत आने वाले सभी जिलों के बिजली कर्मचारी शामिल होंगे।



इसके अलावा उपभोक्ता और किसान भी इस पंचायत में शामिल होंगे। सभी को निजीकरण के संभावित नुकसान के बारे में बताया जाएगा। उन्हें बताया जाएगा कि कैसे निजीकरण से सरकार को उसकी संपत्ति का नुकसान होगा। उपभोक्ताओं को महंगी बिजली के लिए बाध्य होना होगा। कर्मचारियों की नौकरी पर संकट आएगा। बड़े पैमाने पर छंटनी होगी। यह भी बताया जाएगा कि निजीकरण की प्रक्रिया केवल कुछ लोगों के व्यक्तिगत मुनाफे के लिए है।

**विरोध प्रस्ताव किया जाएगा पास**

मेरठ में होने वाली बिजली पंचायत में निजीकरण के विरोध में प्रस्ताव भी पारित किया जाएगा। इस प्रस्ताव में निर्णायक संघर्ष के ऐलान की भी उम्मीद जताई जा रही है। शैलेंद्र दुबे ने कहा कि मेरठ के बाद 29 मार्च को वाराणसी में भी बिजली पंचायत होगी। इसके बाद लखनऊ में 9 अप्रैल को विशाल रैली होगी, जिसमें देश के सभी बिजली संगठन हिस्सा लेंगे। बिजली कर्मचारी आंदोलन के लिए बाध्य हैं क्योंकि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन बिना किसी उचित कारण के किसी भी कीमत पर निजीकरण चाहता है।

## एक नजर

### राधा कृष्ण के गीतों के बाद समाजसेवी हुए सम्मानित

**लखनऊ, एजेंसी।** होली की सांस्कृतिक चकल्लस मस्ती भरी संध्या का भव्य आयोजन इंदिरा नगर के होटल जयति ओएसिस इन में हुआ। मनकामेश्वर मठ मंदिर की महंत देव्या गिरि को अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंटकर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। प्रीति सागर इवेंट्स, आर्ट झांकी ग्रुप की ओर से नृत्य नाटिका गणेश वंदना, शंकर पार्वती, राधा कृष्ण की विभिन्न तरह की झांकियां, गीत संगीत के साथ फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम में मुख्य संयोजक सोशल एक्टिविस्ट शेखर कुमार की ओर से आयोजित होली मिलन के बाद सम्मान समारोह हुआ, जिसमें हर धर्म के समाजसेवियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में स्माइल मैन हास्य कवि सर्वेश अस्थाना, डॉ. एके सचान, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थापित डॉ. नीरज जैन, परिवंदर सिंह, राकेश मसीह, महिमा सिंह, महर्षि स्कूल के प्रबंधक अनूप श्रीवास्तव, केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सुशील सिन्हा, उप्र. आदर्श व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, मुर्तजा अली, आसिफ किदवई, रजिया नवाज, वीरेंद्र सिंह बिन्नू, वीरेंद्र सूरी, अमिताभ श्रीवास्तव, कमल, राजेश अग्रवाल, गुरुचरण सिंह, प्रकाश अरविंद, सुनील पटेल, शशिकांत, डॉ. अनुज, रविंद्र बिष्ट, डॉ. एसके रावत आदि शामिल रहे।

### उधारी के रुपये मांगने पर पान दुकानदार की चापड़ से काट दी अंगुलियां

**लखनऊ, एजेंसी।** नक्खास में उधारी के 70 हजार रुपये मांगने पर दबंग ने चापड़ से पान मसाला दुकानदार अनवार अहमद पर हमला बोल दिया। उसके दोनों हाथ की अंगुलियां काट दी। हमले के बाद भाग रहे दबंग साद उर्फ शेखू को भीड़ ने दौड़ाकर दबोच लिया। जमकर पीटने के बाद उसे पुलिस के सुपुर्द किया। नक्खास अकबरी गेट के पास रहने वाले अनवार अहमद की घर के पास ही पान की दुकान है। अनवार के मुताबिक मोहल्ले में रहने वाला साद उर्फ शेखू उसके 70 हजार रुपये चाहता है। कुछ महीने पहले उसने यह रुपये उधार लिए थे। कई बार मांगने के बाद भी रुपये नहीं दे रहा था। इस लिए शनिवार को उसके घर रुपये मांगने के लिए गए थे। शेखू घर पर नहीं मिला था। रविवार दोपहर शेखू नशे में धुत होकर दुकान पर पहुंचा और उसने रुपये देने से इंकार किया। घर पर तगादे का भी उसने विरोध किया। गाली-गलौज का विरोध किया तो उसने चापड़ से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले के दौरान चाकू से उसने दोनों हाथ की दो-दो अंगुलियां काट दी। घटना से दुकान के आस पास अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर कुछ दूरी पर खड़ा बेटा अहमद शाह और पड़ोसी दौड़े तो शेखू भागने लगा। लोगों ने दौड़ाकर शेखू को पकड़ लिया। इसके बाद उसे जमकर पीटने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपित को पकड़ लिया। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि आरोपित शेखू के खिलाफ जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पास से चापड़ भी बरामद कर लिया गया है।

### एआरपी की चयन परीक्षा में 68 फीसदी शिक्षक फेल

**प्रयागराज, एजेंसी।** परिषदीय स्कूलों में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के माध्यम से शैक्षिक स्तर सुधारने के उद्देश्य से एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) के चयन के लिए आयोजित परीक्षा में 68 प्रतिशत शिक्षक फेल हो गए। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में 20 मार्च को आयोजित परीक्षा में सम्मिलित 155 शिक्षकों में से केवल 49 शिक्षकों (32 फीसदी) को ही सफलता मिली और 106 (68 फीसदी) फेल हो गए। डायट प्राचार्य राजेन्द्र प्रताप ने शनिवार को परिणाम जारी कर दिया। शहर के करीब ब्लॉकों में तैनात शिक्षकों ने आवेदन में रुचि नहीं दिखाई, क्योंकि चयन होने पर दूर के ब्लॉकों में जाना पड़ सकता था। उदाहरण के तौर पर बहादुरपुर से किसी ने आवेदन नहीं किया, जबकि चाका ब्लॉक से आवेदन करने वाले दोनों शिक्षक असफल हैं। सोरांव से आवेदन करने वाले पांच शिक्षकों में से केवल एक को सफलता मिली। हिन्दी विषय में 27 आवेदकों में से सात, अंग्रेजी में 16 में से 11, सामाजिक विषय में 51 में से आठ, गणित में 35 में से 14, जबकि विज्ञान में 26 शिक्षकों में से नौ सफल हैं। लिखित परीक्षा के लिए कुल 201 शिक्षकों ने आवेदन किया था जिनमें से दो आवेदन अपूर्ण होने के कारण अमान्य कर दिए गए। शेष 199 आवेदनों की जांच के बाद 179 शिक्षक लिखित परीक्षा के लिए पात्र पाए गए। परीक्षा में 155 अभ्यर्थियों ने भाग लिया जबकि 24 अनुपस्थित रहे। लिखित परीक्षा में सफल शिक्षकों को 24 मार्च को डायट में माइक्रो टीचिंग (शिक्षण प्रदर्शन) के लिए बुलाया गया था। उसके बाद सभी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आयोजित किया गया और फिर अंतिम परिणाम जारी किया गया।

### डॉ. लोहिया ने क्रांति के माध्यम से नैतिक मूल्यों का दिया संदेश : सपा

**प्रयागराज, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी ने रविवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाई। खास दिन पर सपाइयों ने सिविल लाइंस चौराहा स्थित डॉ. लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद पार्टी के नेताओं ने डॉ. लोहिया की राजनीतिक और सामाजिक जीवन यात्रा पर चर्चा की। जार्जटाउन स्थित सपा के कार्यालय में आयोजित चर्चा में पार्टी के नेताओं ने कहा कि डॉ. लोहिया नैतिक क्रांति के माध्यम से समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना का संदेश दिया। कहा कि डॉ. लोहिया एक ऐसे नेता थे, जिन्होंने अपने दम पर शासन का रुख बदल दिया। चर्चा में सपा के जिलाध्यक्ष (गंगापार) अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन, जिलाध्यक्ष (यमुनापार) पप्पू लाल निषाद, एमएलसी डॉ. मान सिंह यादव, पूर्व सांसद धर्म राज पटेल, विधायक बिजमा यादव, संदीप पटेल, पूर्व विधायक जोखूलाल यादव, नरेंद्र सिंह, महबूब उस्मानी, रामसुमेर पाल, रविंद्र यादव, संदीप यादव, दूधनाथ पटेल, जगदीश यादव,शांति प्रकाश पटेल, जयशंकर भारती, दान बहादुर मधुर, आरएन यादव, गीता पासी, बच्चा यादव, नाटे चौधरी, रवि गुप्ता, देवीलाल, संतलाल वर्मा, कुलदीप यादव, दिनेश यादव, शिवबाबू, ओपी पाल, सचिन श्रीवास्तव, संजीव यादव, भागीरथी बिंद, महेंद्र सरोज, राम निरंजन विश्वकर्मा, सचिन यादव, ओपी पाल आदि शामिल रहे।

### कोचिंग सेंटर में छात्रा से संचालक ने की छेड़छाड़

**लखनऊ, एजेंसी।** निगोहां में कोचिंग संचालक ने छात्रा से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर संचालक ने छात्रा पर रुपये लेकर सुलह करने का दबाव डाला। बात नहीं मानने पर धमकी देकर भाग निकला। पीड़ित छात्रा ने फोन कर कोचिंग संचालक की करतूत घरवालों को बताई। जिसके बाद परिवार ने निगोहां कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। बैड टच करने पर किया था मना। स्टेशन रोड पर आशीष आनन्द कोचिंग चलाता है। रविवार सुबह करीब 10.30 बजे बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कोचिंग गई थी। तभी आशीष ने छात्रा को देख कर फब्ती कसी। विरोध करने पर बैड टच करने लगा। कोचिंग संचालक को धक्का देकर छात्रा बाहर जाने लगी। इस पर आशीष ने छात्रा को रुपये लेकर सुलह करने के लिए कहा। कोचिंग संचालक की इस हरकत पर छात्रा बिफर गई। मदद के लिए उसने भाई को कॉल मिलाई।

## संक्षिप्त समाचार

### तुर्किये में राष्ट्रपति के प्रतिद्वंद्वी भ्रष्टाचार में गिरफ्तार

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्किये पुलिस ने बुधवार को इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोगलू और कई अन्य प्रमुख हस्तियों को कथित भ्रष्टाचार व आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इमामोगलू देश में विपक्ष के नेता हैं और राष्ट्रपति रजब तैयब अर्दोऑन के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी भी हैं। माना जा रहा है कि यह कार्रवाई तुर्किये में विपक्ष की उठती आवाजों के खिलाफ सरकार की बढ़ती घटनाओं का एक हिस्सा है। अभियोजकों ने मेयर समेत करीब 100 अन्य लोगों के लिए हिरासत वारंट जारी किया है। इसके खिलाफ प्रदर्शनों पर भी रोक लगा दी गई है। गिरफ्तारियां इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोगलू के घर की तलाशी के बाद हुईं।

### पेरू में हिंसा बढ़ने पर सेना ने संभाला मोर्चा आपातकाल लगाया

**लीमा, एजेंसी।** पेरू की राष्ट्रपति ने एक लोकप्रिय गायक की हत्या के एक दिन बाद शुरू हुई व्यापक हिंसा के बीच राजधानी में आपातकाल की घोषणा की गई और हिंसा की बढ़ती घटनाओं से निपटने में पुलिस की मदद के लिए सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया। राष्ट्रपति डीना बोलुआर्टे की सरकार ने एक आदेश में कहा, आपातकाल 30 दिन रहेगा। इस दौरान सभा, आंदोलन समेत विभिन्न गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। यानी पुलिस और सेना न्यायिक आदेश के बिना लोगों को हिरासत में ले सकती है।

### निर्वासन के बाद अमेरिकी बंदी ट्रैकिंग सिस्टम से अप्रवासी गायब

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद बीते दो महीने में बड़ी संख्या में लोगों को अमेरिका से निर्वासित किया गया है। इसी बीच एक हैरान करने वाली खबर आई है। टेक्सास में संघीय हिरासत केंद्र से 26 वर्षीय नाई फ्रेंको कैराबेलो और दर्जनों अन्य वेनेजुएला प्रवासियों को सफेद कपड़े पहनाए गए। हथकड़ी लगाकर विमान से इन सबको साल्वाडोर ले जाया गया। दर्जनों लोगों के इस मामले में हैरान करने वाला पहलू ये है कि निर्वासन के 24 घंटे बाद कैराबेलो का नाम अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन के ऑनलाइन बंदी लोकेटर से गायब हो गया। ट्रंप प्रशासन ने काराबालो पर वेनेजुएला के ट्रेन डी अरागुआ गिरोह से संबंधित होने का आरोप लगाया है। हालांकि, उनकी पत्नी जोहानी सांचेज को पता चला कि काराबालो को भी अल साल्वाडोर भेजा गया है, लेकिन उनके पति किसी गिरोह के सदस्य नहीं हैं।

### परिवार की हत्या करने वाले ब्रिटिश किशोर को 49 साल की जेल

**लंदन, एजेंसी।** 19 साल के ब्रिटिश किशोर को अपनी मां और दो छोटे भाई-बहनों की गोली मारकर हत्या का दोषी पाया गया है। एक हाई-प्रोफाइल स्कूल में गोलीबारी करने की साजिश रच रहे इस किशोर को कम से कम 49 साल की जेल की सजा होगी। इस अवधि में उसे पैरोल भी नहीं मिलेगी। ल्यूटन क्राउन कोर्ट में सजा पर सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति बॉबी चीमा-ग्रब ने कहा कि उन्होंने निकोलस प्रॉस्पर को आजीवन कारावास की सजा देने पर विचार किया था। हालांकि, गोलीबारी के समय वह 18 वर्ष का था। उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया इसलिए उसे आजीवन कारावास की सजा नहीं हुई। पिछले महीने एक सुनवाई के दौरान प्रोस्पर ने अपनी मां जुलियाना फाल्कन (48), और अपनी 13 वर्षीय बहन गिजेल प्रोस्पर तथा 16 वर्षीय भाई काइल प्रोस्पर की हत्या का अपराध कबूला था। 13 सितंबर, 2024 को हुई हत्या के दौरान प्रोस्पर ने अपने भाई पर भी 100 से अधिक बार चाकू से वार किया था।

### बीएलए ने खत्म किया दर-ए-बोलन अभियान, कहा- पाकिस्तानी सेना हार छिपाने के लिए बोल रही है झूठ

**क्वेटा, एजेंसी।** बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तानी सेना पर अपनी हार को छिपाने के लिए झूठ और धोखे का सहारा लेने का आरोप लगाते हुए दर-ए-बोलन अभियान के सफल समापन की घोषणा की। उसने कहा, अभियान में दो भाग शामिल थे, पहला चरण फरवरी 2024 में माच शहर पर कब्जे के साथ पूरा हुआ, जबकि दूसरा चरण मार्च 2025 में जालर एक्सप्रेस ट्रेन के अपहरण और हमले के साथ शुरू हुआ। बीएलए ने कहा कि अभियान में पाकिस्तानी सेना को हार का सामना करना पड़ा क्योंकि उसके 354 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए, जबकि 100 से अधिक अन्य घायल हो गए और 214 कर्मियों को बंधक बना लिया गया। उसने कहा, दुश्मन के हठ और युद्धबंदियों के आदान-प्रदान से इन्कार करने के कारण सभी बंधकों को मार दिया गया। एक बयान में, बीएलए ने खुद को अपनी भूमि की ताकत पर एक अजेय शक्ति बताया। बलोचों के इस गुट ने कहा, तथ्य यह है कि बीएलए अपनी भूमि, लोगों और सार्वजनिक समर्थन की ताकत पर एक अजेय शक्ति बन गई है। हमारा प्रतिरोध बलोचों के राष्ट्र की सामूहिक शक्ति की अभिव्यक्ति है, जिसे किसी बाहरी मदद की आवश्यकता नहीं है। बता दें कि बीते 11 मार्च मंगलवार सुबह 9 बजे क्वेटा से पेशावर के लिए रवाना हुई जफर एक्सप्रेस को बीएलए के लड़ाकों ने दोपहर 1:30 बजे सिब्बी रेलवे स्टेशन से पहले अपने कब्जे में ले लिया था। लड़ाकों ने बोलान में माशफाक टनल के पास रेल पटरी उड़ा दी थी और ट्रेन के रुकते ही उस पर कब्जा कर लिया था। बीएलए ने 30 पाकिस्तान सैनिकों को मार गिराने का दावा किया था।

# इजराइल ने गाजा में टैंक उतारे, जमीनी हमले शुरू

## रक्षामंत्री काट्ज बोले- बंधक नहीं लौटाए तो हमास को पूरी तरह बर्बाद कर देंगे

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल ने गाजा में एक बार फिर से टैंक उतारकर जमीनी हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइली डिफेंस फोर्स (आइडीएफ) के मुताबिक उसने गाजा पट्टी के सेंट्रल और साउथ के हिस्सों में ग्राउंड ऑपरेशन चालू किया हैं। द्धष्ठस्न के इस ग्राउंड ऑपरेशन का मकसद नॉर्थ और साउथ गाजा के बीच एक बफर जोन बनाना और इजराइल बॉर्डर से लगे सिक्योरिटी जोन का विस्तार करना है।

नॉर्थ और साउथ गाजा को अलग करने वाले नेतजारिम कॉरिडोर में आइडीएफ की 252वीं डिवीजन के सैनिक दाखिल हो गए हैं। इसके आधे से ज्यादा इलाके पर सेना ने कब्जा भी कर लिया है। दूसरी तरफ रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने बंधकों को नहीं लौटाने पर हमास को पूरी तरह बर्बाद करने की धमकी दी है।



**नेतन्याहू के खिलाफ यरुशलम में प्रदर्शन, 12 गिरफ्तार :** बुधवार रात यरूशलम में नेतन्याहू के खिलाफ हजारों लोग सड़क पर प्रदर्शन करने उतरे। ये प्रदर्शनकारी इजराइली खुफिया एजेंसी शिन बेट के चीफ रोनन बार और अटॉर्नी जनरल गली बहाराव-मियारा को पद से हटाने और गाजा में दोबारा जंग शुरू करने के फैसले का विरोध कर रहे थे। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी हुई। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए वाटर कैनन से पानी की बौछार की। सड़कें जाम करने के आरोप में पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

अटॉर्नी जनरल गली बहाराव-मियारा ने शिन बेट के चीफ रोनन बार को हटाने के फैसले को अवैध करार दिया था। इसके बाद नेतन्याहू ने मियारा को भी पद से हाटने का फैसला किया है। नेतन्याहू पर आरोप है कि वो रोनन को इसलिए हटाना चाहते हैं, जिससे हमास और कतर के साथ नेतन्याहू के सहयोगियों की गुप्त डील की जांच रोकी जा सके। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के पूर्व चीफ तामिर पारदो ने नेतन्याहू को देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया है। इजराइल ने गाजा में हमास के प्रधानमंत्री इस्साम दिब अब्दुल्ला अल-दालीस को मार गिराया है। इजराइल डिफेंस फोर्सेस ने बुधवार को अब्दुल्ला की मौत की पुष्टि की। अब्दुल्ला ने जुलाई 2024 में रूही मुश्ताहा की मौत के बाद उसकी जगह ली थी। अब्दुल्ला गाजा में हमास की सरकार चलाता था। उसके पास हमास के संगठन और लड़ाकों की गतिविधियों की जिम्मेदारी भी थी। पिछले 24 घंटे में इजराइल ने हवाई हमलों में हमास के 3 बड़े आतंकियों को भी मार गिराया है। इनमें हमास के कमांडर और पॉलिटिकल लीडर महमूद मारजूक अहमद अबू-वत्फा, बहजत हसन मोहम्मद अबू-सल्तान और अहमद ओमर अब्दुल्ला अल-हाता शामिल हैं।

**इजराइली रक्षामंत्री बोले- गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे :** इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने मंगलवार को हमास को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर बंधकों को रिहा नहीं किया तो गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे। हमास ने इजराइली हवाई हमलों को सीजफायर का उल्लंघन बताया। हमास ने धमकी दी है कि इस कदम से उसकी कैद में मौजूद इजराइली बंधकों की जान खतरे में आ गई है। हमास ने कहा कि इजराइल ने बिना किसी उकसावे के हमले किए हैं। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने यह हमले इसलिए कराए क्योंकि सीजफायर पर हो रही बातचीत आगे नहीं बढ़ रही थी। नेतन्याहू कई बार फिर से जंग शुरू करने की धमकी दे चुके हैं। इजराइल ने पिछले दो हफ्तों से गाजा में भोजन, दवाइयों, ईंधन और अन्य सप्लाई को रोक दिया है और मांग की है कि हमास सीजफायर समझौते में बदलाव स्वीकार करे।

**सीजफायर के पहले फेज में 33 इजराइली बंधक रिहा हुए :** सीजफायर का पहला फेज 1 मार्च को खत्म हो गया है। पहले फेज में हमास ने 33 बंधक छोड़े हैं, इनमें 8 शव शामिल हैं। वहीं इजराइल ने 2 हजार फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। इजराइल और हमास के बीच सीजफायर के दूसरे फेज पर अभी तक बातचीत शुरू नहीं हो पाई है। इस फेज में लगभग 60 बंधकों को रिहा किया जाना था। साथ ही जंग को पूरी तरह से खत्म करने पर बात होनी थी। हमास के पास अभी 24 जिंदा बंधक और 35 के शव हैं।

## ट्रंप का जेलेंस्की को सुझाव, यूक्रेनी ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा के लिए उनकी कमान अमेरिका को सौंपें

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को यूक्रेन के अपने समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की को



सुझाव दिया कि अमेरिका को यूक्रेन के अहम ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनका स्वामित्व अपने हाथ में ले लेना चाहिए। रूस-यूक्रेन में युद्ध-विराम के प्रयासों के बीच ट्रंप ने कहा कि उन्होंने बुधवार सुबह जेलेंस्की से करीब एक घंटा वार्ता की। इससे एक दिन पहले ही ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से चर्चा की थी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि उन्होंने ''रूस और यूक्रेन के अनुरोधों और आवश्यकताओं के अनुसार'' बातचीत की, क्योंकि वह दोनों देशों के बीच युद्ध-विराम समझौता चाहते हैं। ट्रंप ने कहा, ''हम पूरी तरह से सही रास्ते पर हैं।'' बातचीत के दौरान ट्रंप ने जेलेंस्की को सुझाव दिया कि अमेरिका को यूक्रेन के अहम ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनका स्वामित्व अपने हाथ में ले लेना चाहिए। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज की ओर से व्हाइट हाउस में जारी बयान के अनुसार, ट्रंप ने जेलेंस्की से कहा कि अमेरिका ऊर्जा क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के कारण इन संयंत्रों को चलाने में बहुत मददगार हो सकता है। ट्रंप ने कहा, ''उन संयंत्रों पर अमेरिकी स्वामित्व उस बुनियादी ढांचे के लिए सर्वोत्तम सुरक्षा हो सकती है।'' ट्रंप ने मंगलवार को पुतिन से यूक्रेन के साथ संभावित आंशिक युद्ध-विराम के बारे में बात की। पुतिन ऊर्जा अवसंरचना को निशाना न बनाने पर सहमत हुए, लेकिन 30 दिन के पूर्ण युद्ध-विराम का समर्थन करने से इनकार कर दिया। जेलेंस्की ने ट्रंप के साथ बातचीत से पहले बुधवार को कहा कि पुतिन का संकल्प वास्तविकता से बहुत अलग है, क्योंकि रात भर पूरे देश में ड्रोन हमले हुए हैं। हेलसिंकी में फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में जेलेंस्की ने कहा, ''यहां तक कि कल रात भी, पुतिन की ट्रंप के साथ बातचीत के बाद, जब पुतिन ने कहा कि वह कथित तौर पर यूक्रेनी ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले रोकने के आदेश दे रहे हैं।

## आम चुनाव से पहले ही लोकतंत्र का गला घोंटने की तैयारी, एनसीपी नहीं चाहती अवामी लीग लड़े चुनाव

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में आम चुनाव से पहले ही लोकतंत्र का गला घोंटने की तैयारी शुरू हो गई है। दरअसल, छात्र नेतृत्व वाली नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) ने बुधवार को कहा कि वह नहीं चाहती कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी बांग्लादेश अवामी लीग चुनाव में भाग ले। वह इसका विरोध करेगी। पिछले वर्ष छात्र आंदोलन के चलते ही हसीना का तख्ता पलट हुआ था। एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए अमेरिका की समसामयिक मामलों की पत्रिका द डिप्लोमेट में प्रकाशित एक साक्षात्कार में एनसीपी के संयोजक नाहिद इस्लाम ने कहा, हम नहीं चाहते कि हसीना की पार्टी का कोई भी नामलेवा आगामी चुनावों में सक्रिय हिस्सा ले। इस्लाम ने कहा कि अवामी लीग के जो लोग गलत कामों के लिए जिम्मेदार हैं, उन पर सबसे पहले मुकदमा चलाया जाए। इस्लाम ने कहा, हमारा लक्ष्य एक संविधान सभा के जरिये द्वितीय गणराज्य की स्थापना करना है। यह पूछने पर कि कूटनीति पर उनकी पार्टी का रुख क्या है, इस्लाम ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हम चाहते हैं कि बांग्लादेश किसी भी विदेशी शक्ति के प्रभुत्व से मुक्त होकर एक संतुलित और लाभप्रद कूटनीतिक दृष्टिकोण अपनाए। उन्होंने कहा, अतीत में हम दिल्ली के प्रभाव में थे। अब हम बांग्लादेश की राजनीति को भारत या पाकिस्तान के इर्द-गिर्द केंद्रित नहीं होने देंगे।

# अमेरिकी शिक्षा विभाग को खत्म करने की तैयारी में ट्रंप, जल्द कर सकते हैं कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप गुरुवार (स्थानीय समयानुसार) को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रहे हैं, जिसका उद्देश्य अमेरिकी शिक्षा विभाग को खत्म करना है। यह उनके चुनावी वादों में से एक था। यूएसए टुडे ने वरिष्ठ ट्रम्प प्रशासन अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी।

ट्रंप इस आदेश पर व्हाइट हाउस में एक समारोह के दौरान हस्ताक्षर करेंगे, जिसमें कई रिपब्लिकन गवर्नर और राज्य के शिक्षा आयुक्त शामिल होंगे। यूएसए टुडे के अनुसार, ट्रंप अपनी शिक्षा सचिव लिंडा मैकमैहन को यह निर्देश देंगे कि शिक्षा विभाग को बंद करें और शिक्षा से संबंधित अधिकारों को राज्यों को लौटाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। आदेश में यह भी कहा गया है कि जिन सेवाओं, कार्यक्रमों और लाभों पर अमेरिकी नागरिक निर्भर हैं, उनकी अबाधित आपूर्ति जारी रहनी चाहिए।

**यह आदेश ट्रंप के लिए परीक्षा होगा :** ट्रंप का यह नया आदेश राष्ट्रपति की शक्तियों की सीमा की एक नई परीक्षा होगा। इससे पहले उनकी सरकार ने अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएड) को बंद करने का प्रयास किया था, जिसे इस सप्ताह मैरीलैंड के संघीय जिला न्यायालय ने रोक दिया था। 1978 में कांग्रेस द्वारा एक कैबिनेट-स्तरीय एजेंसी के रूप में स्थापित शिक्षा विभाग इस आदेश के तुरंत बाद बंद नहीं होगा। विभाग को पूरी तरह खत्म करने के




लिए कांग्रेस की कार्रवाई की आवश्यकता होगी। हाल के हफ्तों में, ट्रंप ने इस एजेंसी के कर्मचारियों की संख्या कम कर दी है, लेकिन यह एजेंसी अभी भी काम कर रही है और स्कूलों के लिए महत्वपूर्ण संघीय वित्त पोषण कार्यक्रमों की निगरानी करती है। व्हाइट हाउस के प्रिंसिपल डिप्टी प्रेस सचिव हैरिसन फील्ड्स ने यूएसए टुडे को दिए एक बयान में कहा कि यह आदेश माता-पिता, राज्यों और समुदायों को सशक्त करेगा, जिससे सभी छात्रों के लिए परिणामों में सुधार होगा।

**कई राज्यों के गवर्नर होंगे शामिल :** एक व्हाइट हाउस अधिकारी के अनुसार, दिव्यांग छात्रों के लिए संघीय वित्त पोषण, कम आय वाले स्कूलों के लिए टाइटल द्ब फंडिंग और संघीय छात्र ऋण भुगतान इस आदेश के तहत अपरिवर्तित रहेंगे। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसांटिस, वर्जीनिया के गवर्नर ग्लेन यंगकिन, टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट और ओहायो के गवर्नर माइक डिवाइन सहित कई रिपब्लिकन गवर्नर इस हस्ताक्षर समारोह में शामिल होने की उम्मीद है। रिपब्लिकन सांसद लंबे समय से संघीय सरकार पर स्थानीय और राज्य शिक्षा नीति पर नियंत्रण रखने का आरोप लगाते रहे हैं, हालांकि संघीय सरकार का स्कूल पाठ्यक्रम पर कोई नियंत्रण नहीं है। ट्रंप का यह आदेश ऐसे समय आया है जब पिछले हफ्ते 1,300 से अधिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को सेवा समाप्ति नोटिस दिया गया था। यह फेडरल गवर्नमेंट एफिशिएंसी डिपार्टमेंट द्वारा संघीय सरकार में की गई छंटनी के तहत किया गया था।

## अलास्का विमान दुर्घटना: दुर्घटनाग्रस्त विमान का वजन बर्फीली परिस्थितियों के लिहाज से आधा टन अधिक था: जांचकर्ता

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने बुधवार को जारी एक प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा कि अलास्का के तट पर समुद्री बर्फ पर दुर्घटनाग्रस्त हुए यात्री विमान का वजन बर्फीली परिस्थितियों में यात्रा के लिहाज से आधा टन अधिक था। इस हादसे में सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई थी। एनटीएसबी के अलास्का क्षेत्र का नेतृत्व करने वाले क्लिंट जॉनसन ने चेतावनी देते हुए कहा कि वजन चल रही जांच में सिर्फ एक डेटा बिंदु है। दुर्घटना के बाद संभावित कारणों सहित अंतिम रिपोर्ट तैयार होने में एक वर्ष या उससे अधिक समय लग सकता है। 6 फरवरी को बेरिंग एयर के विमान की दुर्घटना अलास्का की सदी की सबसे घातक विमान दुर्घटनाओं में से एक थी। आठ दिनों में यह तीसरी बड़ी अमेरिकी विमानन दुर्घटना थी। 29 जनवरी को पोटोमैक नदी के ऊपर एक वाणिज्यिक जेटलाइनर और एक सेना के हेलीकॉप्टर में टक्कर हो गई, जिसमें 67 लोग मारे गए। 31 जनवरी को फिलाडेल्फिया में एक चिकित्सा परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी छह लोग और जमीन पर एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। इस क्षेत्र में इस तरह के विमान बहुत ज्यादा प्रयोग में आते हैं। राज्य के



200 से ज्यादा गांव सड़क प्रणाली से दूर हैं और केवल हवाई जहाज या नाव से ही पहुंचा जा सकता है। लोग मेडिकल अपॉइंटमेंट और मीटिंग्स, शॉपिंग करने, रिश्तेदारों से मिलने या हाई स्कूल के दूर के खेल खेलों में भाग लेने के लिए उनका उपयोग करते हैं। जॉनसन ने कहा कि यह निर्धारित किया जाना बाकी है कि दुर्घटना में अधिक वजन की स्थिति एक कारक थी या नहीं। उन्होंने कहा कि मार्ग पर बर्फबारी की स्थिति का पूर्वानुमान था, और नोम में बर्फबारी हो रही थी। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि पायलट को क्या जानकारी दी गई थी, जब वह रवाना हुआ तो उसके पास क्या जानकारी थी और क्या दुर्घटना स्थल पर बर्फबारी की स्थिति थी। टिप्पणी हेतु बेरिंग एयर को भेजी गई ई-मेल का तुरंत उत्तर नहीं मिला। एंकोरेज में विमानन दुर्घटना मुकदमेबाजी वकील और पायलट व्हिटनी पावर विल्सन ने कहा कि सुदूर अलास्का में मौसम अक्सर एक कारक होता है, और हालांकि अधिकांश अलास्कावासियों के लिए उड़ान भरना सामान्य बात है, लेकिन यह एक खतरनाक कार्य भी हो सकता है। उन्होंने कहा, बर्फ जमना सभी पायलटों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए, लेकिन खास तौर पर छोटे विमानों के पायलटों और उन पायलटों के लिए जो अक्सर बर्फ जमने के अनुकूल परिस्थितियों में काम करते हैं।

## भारत प्रत्यर्पण से बचने के लिए तहव्वुर राणा ने चली आखिरी चाल, अमेरिका के मुख्य न्यायाधीश से की अपील

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** मुंबई हमले का आरोपी तहव्वुर राणा अपना भारत प्रत्यर्पण रोकने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है। अब उसने प्रत्यर्पण रोकने के लिए आखिरी चाल चली है और अमेरिका के मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स से अपील की है। गौरतलब है कि तहव्वुर राणा ने इससे पहले अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस एलेना कागन के सामने भी अपील की थी, लेकिन जस्टिस एलेना ने तहव्वुर राणा की याचिका को खारिज कर दिया था।

**4 अप्रैल को हो सकती है सुनवाई :** अमेरिका के मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स आगामी 4 अप्रैल को तहव्वुर राणा की अपील पर सुनवाई कर सकते हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर यह जानकारी दी गई है। अपनी अपील में तहव्वुर राणा ने उसका भारत प्रत्यर्पण रोकने की अपील की है। दरअसल तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पण का डर सता रहा है। तभी जब उसने जस्टिस एलेना से अपील की थी तो उसमें कहा था कि उसे भारत में प्रताड़ित किया जा सकता है और इसके चलते वह ज्यादा लंबे समय तक जीवित नहीं रह पाएगा।

**तहव्वुर राणा को सता रहा डर :** तहव्वुर राणा ने कहा कि वह एक मुस्लिम है और पाकिस्तानी मूल का है। साथ ही वह पूर्व में पाकिस्तानी सेना में भी सेवाएं दे चुका है। इसके कारण उसे भारत में प्रताड़ित किया जा सकता है। मुंबई हमले के साजिशकर्ता ने ये भी कहा



कि उसकी सेहत ठीक नहीं है और वह कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहा है। ऐसे में उसे भारत में प्रताड़ित कर मारा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि फरवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जाएगा। तहव्वुर राणा को साल 2008 के मुंबई हमले के दोषी आतंकी डेविड कोलमैन का करीबी माना जाता है। तहव्वुर राणा मुंबई हमले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में शामिल है। तहव्वुर राणा पर लश्कर ए तैयबा और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआईय के साथ मिलकर काम करने का आरोप है।

# अमेरिका में भारतीय छात्र बदर खान सूरी गिरफ्तार

**वॉशिंटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के इमिग्रेशन अधिकारियों ने सोमवार रात एक भारतीय छात्र बदर खान सूरी को वर्जीनिया से गिरफ्तार किया है। सूरी पर अमेरिका में हमास के समर्थन में प्रोपेगेंडा फैलाने का आरोप है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प विदेश नीति का विरोध करने वाले छात्र कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई कर रही है।

सूरी को भी इसी कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किया गया है। उस पर इजराइल का विरोध करने के आरोप लगे हैं। सूरी स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत अमेरिका की जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी का छात्र है। वह सेंटर फॉर मुस्लिम-क्रिश्चियन अंडरस्टैंडिंग में पोस्टडॉक्टोरल फेलो के रूप में अध्ययनरत है। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग में सहायक सचिव ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने ङ्ग पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि सूरी सक्रिय तौर पर हमास का प्रचार कर रहा था और सोशल मीडिया पर यहूदी विरोधी भावना को बढ़ावा दे रहा था। उसे अमेरिका से निर्वासित किया जा सकता है।


**हमास का समर्थन करने पर भारतीय छात्रा का वीजा रद्द :** अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में पढ़ रही भारतीय छात्रा रंजनी श्रीनिवासन का इसी महीने वीजा रद्द कर दिया गया था। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने आरोप लगाया है कि श्रीनिवासन हिंसा-आतंकवाद को बढ़ावा देने और हमास का समर्थन करने वाली गतिविधियों में शामिल थीं। वीजा रद्द होने के बाद रंजनी ने अमेरिका छोड़ चुकी हैं। डीएचएस के मुताबिक रंजनी को एफ-1 स्टूडेंट वीजा के तहत कोलंबिया यूनिवर्सिटी के अर्बन प्लानिंग में क्कद्धष्ठ करने के लिए एडमिशन मिला था। अमेरिकी



विदेश विभाग ने 5 मार्च को उनका वीजा निरस्त कर दिया था। इसके बाद रंजनी ने 11 मार्च को अमेरिका छोड़ दिया। डीएचएस की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति हिंसा और आतंकवाद का समर्थन करता है, तो उसे इस देश में रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी को 33 अरब रुपए की मदद रोकी ट्रम्प प्रशासन ने मार्च की शुरुआत में कोलंबिया यूनिवर्सिटी के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 33 अरब रुपए) के अनुदान को रद्द कर दिया था। प्रशासन ने यूनिवर्सिटी पर यहूदी छात्रों के हो रहे उत्पीड़न को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया है। अमेरिकी शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग, न्याय विभाग और सामान्य सेवा प्रशासन की जॉइंट टास्क फोर्स टु कॉम्बैट एंटी-सेमिटिज्म ने यह कार्रवाई की। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यहूदी छात्रों की सुरक्षा करने में विफल रहने और विरोध-प्रदर्शनों की इजाजत देने वाली यूनिवर्सिटीज को फेडरल ग्रांट (संघीय वित्तीय सहायता) न देने की चेतावनी दी है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी ज्यूडिशियल बोर्ड ने गाजा को लेकर हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान हैमिल्टन हॉल पर कब्जे में शामिल छात्रों पर सख्त कार्रवाई की है। अमेरिकी इमिग्रेशन विभाग के अधिकारियों ने वेस्ट बैंक की एक फिलिस्तीनी छात्रा लेका कोर्डिया को गिरफ्तार किया था। लेका 2022 से एक्सपायर स्टूडेंट वीजा पर अमेरिका में रह रही थी। उसे अप्रैल 2024 में कोलंबिया यूनिवर्सिटी में हमास समर्थक प्रदर्शनों में शामिल होने की वजह से हिरासत में लिया गया था। इसके अलावा ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी में ग्रेजुएशन के स्टूडेंट महमूद खलील को गिरफ्तार किया है। खलील पर इजराइल विरोधी प्रदर्शनों में शामिल होने का आरोप है। इमिग्रेशन अधिकारियों ने खलील को डिटेंशन सेंटर भेज दिया है। खलील फिलिस्तीनी मूल का है।

## तेल और गैस कंपनियों को विंडफॉल टैक्स से राहत

नईदिल्ली, एजेंसी। नए कानून के लागू होने के बाद तेल और गैस कंपनियों को अप्रत्याशित लाभ (विंडफॉल टैक्स) कर जैसे किसी भी नए कर का सामना नहीं करना पड़ेगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, नए विधेयक के पारित होने के बाद इस तरह का कर लगाना कठिन हो जाएगा, क्योंकि कोई न कोई हम पर मुकदमा कर देगा। उन्होंने कहा कि तेल और गैस की खोज और उत्पादन में निवेश करने के इच्छुक निवेशक राजकोषीय स्थिरता चाहते हैं। नए कर, जो दरें कम होने पर कम या शून्य



मार्जिन की भरपाई किए बिना, ऊंची कीमतों पर अर्जित लाभ को छीनने का प्रयास करते हैं, अक्सर बाधक होते हैं।

2022 में लगाया गया था अप्रत्याशित लाभ कर भारत ने एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया और वह उन देशों की सूची में शामिल हो गया जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण लाभ पर कर लगाते हैं। पिछले दो सप्ताह में तेल की औसत कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े कर दरों की समीक्षा की जाती थी। पिछले साल दिसंबर में 30 महीने बाद इस कर को खत्म कर दिया गया था। पुरी ने कहा कि वैश्विक तेल कंपनियां भारत में निवेश की संभावना तलाश रही हैं। ब्राजील की पेट्रोब्रास अंडमान बेसिन की खोज के लिए ऑयल इंडियाके साथ बातचीत कर रही है।

## ग्लोबल फर्म ने मणप्पुरम फाइनेंस में खरीदी हिस्सेदारी

नईदिल्ली, एजेंसी। ग्लोबल प्राइवेट इन्वेस्टमेंट फर्म बेन कैपिटल ने केरल की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी मणप्पुरम फाइनेंस में 18 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया है। यह डील 4,385 करोड़ रुपये में हुई है। बेन कैपिटल ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने अपने सहयोगियों बीसी एशिया इन्वेस्टमेंट्स




एक्सवएसवी लिमिटेड और बीसी एशिया इन्वेस्टमेंट्स एक्सआईवी लिमिटेड के माध्यम से यह डील की है। बता दें कि बेन कैपिटल 236 प्रति शेयर के हिसाब से मणप्पुरम फाइनेंस में निवेश करेगी, जो पिछले छह महीनों के औसत ट्रेडिंग प्राइस से 30 प्रतिशत ज्यादा है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में भारत की दूसरी सबसे बड़ी गोल्ड फाइनेंसर ने कहा कि मौजूदा प्रमोटर पूरी तरह से निवेशित रहना जारी रखेंगे। कंपनी के मौजूदा प्रमोटर नंदकुमार वी पी, सुषमा नंदकुमार, ज्योति प्रसन्नन, सुहास नंदन, सोराज नंदन, डॉ सुमिता नंदन और शेली एकलवियन हैं।

### शेयर का हाल

मणप्पुरम फाइनेंस के शेयर की बात करें तो 217.50 रुपये पर है। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर 1.66 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ।

सरसों, सूरजमुखी और मूंगफली तेल के दाम में

# तेजी से महंगाई भड़कने के आसार

नईदिल्ली, एजेंसी। बीते कुछ महीनों में महंगाई दर में गिरावट के बावजूद महंगे खाद्य तेलों से राहत नहीं मिल पा रही है। आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, प्रमुख खाद्य तेलों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। सबसे अधिक तेजी सरसों, सूरजमुखी और मूंगफली के तेल में देखी गई है। इसी तरह से डेयरी प्रोडक्ट की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो रही है। ऐसी स्थिति में भविष्य में महंगाई दर में उछाल देखने को मिल सकता है।

मार्च के लिए जारी आरबीआई की रिपोर्ट कहती है कि बीते एक वर्ष में खाद्य मूल्य सूचकांक में 7.1 अंकों की बढ़ोतरी हुई है। इसके उलट खाद्य तेल से जुड़ा प्राइस इंडेक्स एक वर्ष में 112 से बढ़कर 156 पर पहुंच गया है। जबकि डेयरी उत्पाद के मूल्य से जुड़ा सूचकांक भी 122 से बढ़कर 148 तक पहुंच गया है। आकंड़ों से पता चलता है कि खाद्य तेल और डेयरी



उत्पादों की कीमतों में हर महीने इजाफा हो रहा है।

**जेब पर बोझ बढ़ेगा-** सब्जियों की कीमतों में जरूर उतार-चढ़ाव देखने को मिला है, जिस कारण बीते कुछ महीनों के दौरान खुदरा महंगाई में गिरावट देखने को मिली। औसत खाद्य सूचकांक की तुलना में खाद्य तेल और डेयरी उत्पादों की कीमतों में कहीं ज्यादा बढ़ोतरी से साफ है कि लोगों की जेब पर बोझ बढ़ रहा है, जो भविष्य के लिहाज से भी चिंताजनक है।

### इन सब्जियों में नरमी नहीं

थाली में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली सब्जियों की कीमतों में फसली सीजन में भी बड़ी कमी नहीं आई है। आलू, प्याज और टमाटर की कीमतें मार्च 2023 की तुलना में करीब दो गुना अधिक रही हैं। जबकि मार्च 2024 की तुलना में देखा जाए तब भी कीमतों में तेजी देखने को मिली है। दो वर्ष पहले मार्च के महीने में टमाटर का औसत मूल्य 10 रुपये प्रतिकिलोग्राम के आसपास था लेकिन इस बार औसत मूल्य 19.2 रुपये के आसपास रहा है।

## टाटा की कंपनी ने दिया एचसीसी को बड़ा ऑर्डर, 24 शेयर की कीमत


नईदिल्ली, एजेंसी। बाजार में तूफानी तेजी के बीच कुछ कंपनियों के शेयर बिकवाली मोड में नजर आए। ऐसा ही शेयर- हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी (एचसीसी) का है। सप्ताह के चौथे दिन गुरुवार को इस कंपनी के शेयर 2.23 प्रतिशत टूटकर 24.60 रुपये पर बंद हुए। शेयर में सुस्ती के बीच कंपनी को लेकर एक बड़ी खबर आई है। शेयर के 52 हफ्ते का लो 21.98 रुपये है। शेयर को यह भाव मार्च 2025 में था। जुलाई 2024 में यह शेयर 57.46 रुपये पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है।




**टाटा पावर से मिला ठेका-** दरअसल, हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी और टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने 50:50 के ज्वाइंट वेंचर के तहत महाराष्ट्र में 2470 करोड़ रुपये की पंप भंडारण परियोजना का ठेका हासिल किया है। हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि इस परियोजना का ठेका टाटा पावर कंपनी से मिला है। 2,470 करोड़ रुपये का यह ऑर्डर महाराष्ट्र के कर्जत में स्थित 1,000 मेगावाट क्षमता की भीवपुरी ऑफ-स्ट्रीम ओपन लूप पंप भंडारण परियोजना (पीएसपी) के निर्माण के लिए है। ज्वाइंट वेंचर को परियोजना को पूरा करने के लिए आवश्यक निर्माण कार्य और अन्य सब्सिडरी कार्य करने होंगे।

# जनवरी में ईपीएफओ से जुड़े 17.89 लाख सदस्य

नईदिल्ली, एजेंसी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ से जनवरी में शुद्ध रूप से 17.89 लाख सदस्य जुड़े हैं। गुरुवार को ईपीएफओ की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक सालाना आधार पर जनवरी में कुल सदस्यों की संख्या में 11.48 फीसदी वृद्धि हुई है। जुड़ने वाले कुल सदस्यों में से 8.23 लाख पहली बार ईपीएफओ के




सदस्य बने हैं। इनकी संख्या में भी जनवरी 2024 के मुकाबले बीते महीने 1.87 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**18-25 वर्ष के कर्मचारियों की संख्या में भी भारी वृद्धि-** आंकड़ों से पता चला है कि 18-25 वर्ष की आयु वर्ग के कर्मचारियों की संख्या में भी भारी वृद्धि हुई है, यानी पहली बार नौकरी पाने वाले सदस्यों की संख्या काफी अधिक रही है। जनवरी में 4.70 लाख युवा पहली बार नौकरी में आए, जिनकी संख्या में 57.07 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। 18-25 आयु वर्ग के बीच शुद्ध पेरोल को जोड़ा जाए तो यह संख्या 7.27 लाख है, जो दिसंबर 2024 की तुलना में 6.19 फीसदी और जनवरी 2024 की तुलना में 8.15 फीसदी अधिक है।

**2.17 लाख महिलाएं भी बनी सदस्य-** जनवरी में 2.17 लाख महिलाओं ने भी नौकरी शुरू की है, जो ईपीएफओ से जुड़ी हैं।

### नेट पेरोल क्या है

नेट पेरोल में उन कर्मचारियों को भी शामिल किया जाता है, जिन्होंने एक बार नौकरी शुरू की और बाद में नौकरी छोड़कर कुछ समय के बाद या बदलकर नई नौकरी शुरू की गई। एक्सपोर्ट सर्विस, रोड मोटर्स व ट्रांसपोर्ट, बीड़ी निर्माण, निर्माण और फल-सब्जी प्रसंस्करण से जुड़े उद्योगों में सबसे ज्यादा लोगों को रोजगार दिया है।

# सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

300 रुपये गिरकर 91650 प्रति 10 ग्राम रहा पीली धातु का भाव

नईदिल्ली, एजेंसी। वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच लगातार तीन दिन से तेजी पकड़ रही सोने-चांदी की कीमतों में कमी आई। गुरुवार को सोने का भाव 300 रुपये गिरकर 91,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने बताया कि बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 91950 रुपये था। 700 रुपये की तेजी के साथ सोने का भाव अपने सर्वकालिक स्तर पर पहुंच गया था। 99.5 प्रतिशत सोना भी गुरुवार को 300 रुपये की गिरावट के साथ 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। जोकि बुधवार को 91,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

**चांदी कीमतों में भी गिरावट-** चांदी की कीमत भी गुरुवार को 1500 रुपये गिरावट के साथ 1, 02,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। बुधवार को चांदी की कीमत 1,03,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वहीं वैश्विक बाजारों में गुरुवार को हाजिर सोना 0.47



फीसदी की गिरावट के साथ 3,033.35 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। वहीं अप्रैल डिलीवरी के लिए कॉमेक्स सोने का वायदा भाव 0.11 फीसदी फिसलकर 3,038 डॉलर प्रति औंस हो गया। पिछले दिनों में इसने 3,065.09 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर को छुआ। इसके अलावा कॉमेक्स गोल्ड वायदा रिकॉर्ड 3,065.2 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा। पिछले तीन दिन में सोना 2,500 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़कर अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। जबकि चांदी 2,300 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़कर अपने नए शिखर पर पहुंच गई थी।

कोटक सिक्योरिटीज ने कहा कि कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब स्थिर हैं क्योंकि यह भू-राजनीतिक तनावों के बीच मजबूत सुरक्षित-हेवन मांग द्वारा समर्थित है। वैश्विक व्यापार विवादों पर लगातार चिंताओं ने बाजार में अस्थिरता में योगदान दिया है। अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने बताया कि बाजार प्रतिभागी श्रम बाजार की ताकत का आकलन करने के लिए गुरुवार को बाद में जारी होने वाले अमेरिकी साप्ताहिक बेरोजगारी दावों पर बारीकी से नजर रखेंगे। निवेशक वाशिंगटन में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की प्रेस कॉन्फ्रेंस से भी जानकारी लेंगे, यह देखने के लिए कि नीति निर्माता ट्रंप की नीतियों को कैसे ध्यान में रख रहे हैं और आर्थिक स्थिति खराब होने पर वे कैसे प्रतिक्रिया दे सकते हैं।

पहले बिड़ला, अब अडानी...

# सीमेंट के बाद एक और सेक्टर में होगा आमना-सामना

नईदिल्ली, एजेंसी। सीमेंट सेक्टर के बाद केबल एंड वायर के कारोबार में भी दो बड़े कारोबारी समूह की भिड़ंत होने वाली है। ये दो कारोबारी अडानी और आदित्य बिड़ला समूह हैं। इन दोनों कारोबारी समूह ने केबल एंड वायर समूह में एंट्री का ऐलान किया है। बीते दिनों आदित्य बिड़ला समूह के बाद अब अडानी समूह ने इस क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए संयुक्त उद्यम शुरू किया है।

### क्या है कंपनी का नाम

दरअसल, अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी कच्छ कॉपर लिमिटेड (केसीएल) ने प्रणीता वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी में प्रणीता इकोकेबल्स लिमिटेड (पीईएल) नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी बनाई है। प्रणीता इकोकेबल्स मेटल उत्पादों, केबल और वायर के निर्माण, विपणन, वितरण, खरीद और बिक्री पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह कंपनी अहमदाबाद, भारत में रजिस्टर्ड है और अभी तक इसका व्यवसाय संचालन शुरू नहीं हुआ



है। इससे पहले अडानी समूह ने सीमेंट और कॉपर कारोबार में प्रवेश किया था, जिसमें बिड़ला समूह अग्रणी है।

**अल्ट्राटेक सीमेंट की एंट्री-** पिछले महीने, आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने भी इस क्षेत्र में एंट्री का ऐलान किया था। इस कंपनी ने अगले दो वर्षों में 1,800 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। बता दें कि अल्ट्राटेक सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी है। वहीं, सीमेंट कारोबार में अडानी समूह का भी दबदबा है। अडानी समूह की सीमेंट कंपनियां- अंबुजा सीमेंट्स, सांघी, एसीसी हैं।

**इन कंपनियों की बढ़ेगी टेंशन-** जानकार मानते हैं कि असंगठित और छोटे कारोबारियों के वर्चस्व वाले क्षेत्र में दो बड़ी कंपनियों के अचानक प्रवेश से उथल-पुथल मच सकती है। इस उद्योग में लगभग 400 कंपनियां हैं, जिनमें एसएमई से लेकर बड़े उद्यम शामिल हैं। इनका राजस्व 500 मिलियन रुपये से 4 बिलियन रुपये के बीच है।

### भारी डिमांड वाला है सेक्टर

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के रिसर्च हेड, वेल्थ मैनेजमेंट, सिद्धार्थ खेमका के अनुसार मजबूत घरेलू मांग और वैश्विक अवसरों के विस्तार के कारण केबल एंड वायर सेक्टर लगातार फल-फूल रहा है। इस तरह के उत्पादों की घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है, जिसे तेजी से विद्युतीकरण, इंफ्रा डेवलपमेंट के अलावा पावर ट्रांसमिशन और डिस्ट्रिब्यूशन (टी एंड डी), रियल एस्टेट और परिवहन जैसे क्षेत्रों में वृद्धि से बढ़ावा मिला है। इस मांग से वित्त वर्ष 24 से वित्त वर्ष 27 तक घरेलू बाजार में 11-13व सीएजीआर बढ़ने का अनुमान है।

### हिंडाल्को के बड़े निवेश का ऐलान

इस बीच, आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमारमंगलम बिड़ला ने कहा कि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज भविष्य में अपने एल्युमीनियम, तांबा और विशिष्ट एल्युमिना कारोबार में 45,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। उन्होंने इस निवेश की कोई समयसीमा न बताते हुए कहा कि एल्युमिनियम, तांबा और एल्युमिना सौर मॉड्यूल और बैटरी भंडारण के अभिन्न अंग हैं।

उन्होंने कहा कि कंपनी अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में 150 मेगावाट जोड़कर कुल उत्पादन क्षमता को 350 मेगावाट तक ले जा रही है। बिड़ला ने कहा कि कंपनी बिजलीचालित परिवहन, नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण, सेमीकंडक्टर और उच्च क्षमता के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद सहित विभिन्न क्षेत्रों में समाधानों पर काम कर रही है।

# टेलीकॉम: देश में 2028 तक होंगे 77 करोड़ 5जी उपभोक्ता

## हर माह औसतन 40 जीबी डाटा इस्तेमाल कर रहे लोग

नईदिल्ली, एजेंसी। देश में अगले तीन साल में यानी 2028 तक 5जी उपभोक्ताओं की संख्या 2.65 गुना बढ़कर करीब 77 करोड़ पहुंच जाएगी। अभी इनकी संख्या 29 करोड़ है। नोकिया की सालाना मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में पूरे भारत में 5जी डाटा के इस्तेमाल में सालाना आधार पर तीन गुना की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।दिसंबर, 2024 में प्रति ग्राहक औसत मासिक 5जी डाटा खपत बढ़कर 40 जीबी पहुंच गई।रिपोर्ट में कहा गया है कि 4जी और 5जी डाटा की खपत मिलकर पांच साल में 19.5 फीसदी की सालाना वृद्धि दर से बढ़कर 2024 में 27.5 जीबी पहुंच गई।

**इसलिएबढ़ रही डाटा खपत-** रिपोर्ट के मुताबिक, 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) के निरंतर बढ़ने से डाटा खपत में वृद्धि हो रही है। एफडब्ल्यूए ग्राहक अब औसत यूजर्स की तुलना में 12 गुना अधिक डाटा का उपभोग कर रहे हैं। यह बदलाव आवासीय और




व्यावसायिक दोनों ही क्षेत्रों में नई सेवाओं के कारण हो रहा है।

**बदले जाने वाले 90 फीसदी फोन 5जी होंगे-** भारत में 5जी उपकरण परिदृश्य तेजी से बदल रहा है।सक्रिय 5जी उपकरणों की संख्या दोगुनी होकर 2024 में 27.1 करोड़ तक पहुंच गई। 2025 में जितने पुराने स्मार्टफोन बदले जाएंगे, उनमें 90 फीसदी 5जी होंगे। 5जी एडवांस्ड की क्षमताएं 6जी में बदलाव के लिए आधार का काम करेंगी।

### 4जी डाटा की खपत में लगातार गिरावट

देशभर में 2026 की पहली तिमाही तक 4जी की तुलना में 5जी डाटा की मासिक खपत अधिक होगी। इस वृद्धि का नेतृत्व कैटेगरी बी और सी सर्किल्स कर रहे हैं। इन सर्किल्स में खपत क्रमशः 3.4 गुना और 3.2 गुना बढ़ी है। मेट्रो सर्किलों में 5जी डाटा उपयोग अब कुल मोबाइल ब्रॉडबैंड डाटा का 43 फीसदी है, जो 2023 में 20 फीसदी था। 4जी डाटा का इस्तेमाल लगातार घट रहा है। ओला इलेक्ट्रिक के बिक्री आंकड़ों व वास्तविक वाहन पंजीकरण में मिला अंतर, अब होगी जांच नई दिल्ली। सरकार ने इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक की ओर से दिए गए बिक्री के आंकड़ों और वास्तविक वाहन पंजीकरण के बीच के अंतर पाए जाने पर कंपनी के खिलाफ जांच का निर्देश दिया है।

# आर्थिक विकास को गति देने के लिए अंतरिक्ष तकनीक का व्यावसायिक प्रयोग बढ़ाना जरूरी, बोले पूर्व इसरो चीफ

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव के मुहाने पर है लेकिन आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के वाणिज्यिक प्रयोगों को बढ़ाने की जरूरत है। इसरो के पूर्व अध्यक्ष एस सोमनाथ ने गुरुवार को यह बात कही। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की ओर से आयोजित एक सम्मेलन में बोलते हुए, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष ने



अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए आवश्यक बदलाव पर प्रकाश डाला। सोमनाथ ने कहा कि भारत ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में उल्लेखनीय प्रगति की है, फिर भी इसका अभियान मुख्य रूप से सरकारी कार्यक्रमों तक ही सीमित रहा है। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग सामाजिक और सरकारी कार्यक्रमों पर केंद्रित रहा है। अब इसे वाणिज्यिक क्षेत्र में लाना और इसका मुद्रीकरण करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि भारत में अंतरिक्ष अनुप्रयोगों की पहुंच सीमित है और संभावित बाजार का केवल 10 प्रतिशत हासिल किया जा सकता है। सोमनाथ ने कहा, भारत 145 करोड़ लोगों वाला एक विशाल देश है, लेकिन एप्लीकेशन की पहुंच बहुत कम है। हम केवल सीमित डोमेन में ही सेवा दे रहे हैं। उन्होंने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को व्यवहार्य व्यावसायिक अवसरों में बदलने की आवश्यकता पर बल दिया। पूर्व इसरो प्रमुख ने मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों का उदाहरण दिया, जहां उपग्रह डेटा पारंपरिक तौर-तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है।

# हैदराबाद ने राजस्थान को 44 रन से हराया

## इशान किशन की तूफानी शतकीय पारी और ट्रैविस हेड की अर्धशतकीय पारी

**आईपीएल**

- **सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से सिमरजीत सिंह और हर्षल पटेल को दो-दो विकेट मिले**



**हैदराबाद, एजेंसी।** इशान किशन (नाबाद 106) की तूफानी शतकीय पारी और ट्रैविस हेड (67) रनों की अर्धशतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के दूसरे मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 44 रन से हरा दिया।

287 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तेजी के रन बनाने के प्रयास में 50 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। यशस्वी जयसवाल (एक), कप्तान रियान पराग (चार) और नीतीश राणा (11) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ध्रुव जुरेल ने संजू सैमसन के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 111 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में हर्षल पटेल ने संजू सैमसन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। संजू सैमसन ने 37 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुए (66) रन बनाये। अगले ही ओवर में एडम जम्पा ने ध्रुव जुरेल को आउटकर राजस्थानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जुरेल ने 35 गेंदों में पांच चौके और छह छक्के लगाते हुए (70) रनों की तूफानी पारी खेली। इसके बाद शिमरॉन हेटमायर और शुभम दुबे ने गेंद की पिटाई जारी रखी। राजस्थान का छठा विकेट आखिरी ओवर में शिमरॉन हेटमायर के रूप में गिरा। शिमरॉन हेटमायर ने 23 गेंदों में एक चौका और चार छक्के लगाते हुए (42) रन बनाये। शुभम दुबे 11 गेंदों में एक चौका और चार छक्के लगाकर (34) रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद के गेंदबाजी आक्रमण के आगे राजस्थान के बल्लेबाज निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 242 रन ही बना सके और 44 रनों से रोमांचक मुकाबला हार गये।

सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से सिमरजीत सिंह और हर्षल पटेल को दो-दो विकेट मिले। मोहम्मद शमी और एडम जम्पा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए तूफानी अंदाज में (45) रन जोड़े। चौथे ओवर की पहली गेंद पर महीश तीक्षणा ने अभिषेक शर्मा को आउटकर हैदराबाद को पहला झटका दिया। अभिषेक शर्मा ने 11 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए (24) रन बनाये। हैदराबाद का दूसरा विकेट ट्रैविस हेड के रूप में गिरा। ट्रैविस हेड ने 31 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए (67) रन बनाये। इसके बाद नीतीश कुमार रेड्डी 15 गेंदों में (30) हाइनरिक क्लासन 14 गेंदों में (34) रन बनाकर आउट हुये। आखिरी ओवर में अनिकेत वर्मा (सात) और अभिनव मनोहर (शून्य) को तुषार देशपांडे ने आउट किया। सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 286 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इशान किशन ने 47 गेंदों में 11 चौके और छह छक्के लगाते हुए (नाबाद 106) रनों की तूफानी पारी खेली।

राजस्थान रॉयल्स की ओर से तुषार देशपांडे ने तीन, महीश तीक्षणा ने दो और संदीप शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# विराट कोहली ने पहनी 2.50 करोड़ रुपये कीमत की घड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली को कोलकाता में आईपीएल 2025 के लिए देखा गया। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की जर्सी पहने हुए शहर में एंट्री करते ही प्रशंसकों ने तुरंत उनकी घड़ी पर ध्यान दिया। विराट कोहली ने जो घड़ी पहनी थी, वह रोलेक्स डेटोना ले मैन्स 100वीं वर्षगांठ वाली वॉच थी।

इसकी कीमत लगभग 2.50 करोड़ रुपये है। इतनी कीमत में दिल्ली में आसानी से लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा जा सकता है। विराट कोहली का महंगी घड़ियों का शौक किसी से छुपा नहीं है। इस बार भी उन्होंने सबको अपनी घड़ी से आकर्षित किया। वह हाल ही में आईपीएल 2025 के लिए कोलकाता में थे। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की जर्सी पहनी थी। लोगों ने उनकी शानदार घड़ी को तुरंत नोटिस किया। विराट कोहली ने जो घड़ी पहनी थी, वह रोलेक्स डेटोना थी। यह ले मैन्स की 100वीं वर्षगांठ के मौके पर बनाई गई विशेष घड़ी है।



यह घड़ी अपनी सुंदरता और कारीगरी के लिए जानी जाती है। इसमें 18 कैरेट पीले सोने का केस है। इसके साथ ही, इसमें काले रंग का सिरेमिक बेजल भी है। इस घड़ी की कीमत भी इसकी सुंदरता के जैसी ही है। द इंडियन होरोलॉजी के अनुसार, इस घड़ी की खुदरा कीमत 47.59 लाख रुपये है। लेकिन, बाजार में इसकी कीमत 2.50 करोड़ रुपये तक जा सकती है। इस घड़ी में पॉल न्यूमैन स्टाइल के काउंटर हैं।

यह डायल पर बने हुए हैं। यह घड़ी बहुत टिकाऊ है। इसमें खरोंच से बचाने वाला नीलम क्रिस्टल लगा है। इसमें ट्रिपल वाटरप्रूफ प्रोटेक्शन के साथ एक स्क्रू-डाउन क्राउन भी है। घड़ी का डायल काले और सफेद रंग का है। इसमें चमकदार मार्कर हैं। इससे यह हर तरह की रोशनी में आसानी से दिखती है। इसमें 18 कैरेट सोने का ऑयस्टर ब्रेसलेट है। यह घड़ी को सुरक्षित और आरामदायक बनाता है। बता दें कि विराट कोहली क्रिकेट की दुनिया के बड़े नाम हैं। वह मैदान पर जितने जोरदार हैं, उनकी महंगी घड़ियों का कलेक्शन भी उतना ही शानदार है।

# अगर मार पड़े तो सिर्फ अच्छी गेंद पर ही पड़े : क्रुणाल पांड्या

**कोलकाता, एजेंसी।** क्रुणाल पांड्या ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में मुख्य स्पिनर की भूमिका में अपने प्रमोशन का जश्न आईपीएल 2025 के शुरुआती मैच में 3 विकेट (29 रन देकर) लेकर मनाया। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ यह प्रदर्शन किया, जिसमें अजिंक्य रहाणे, वेंकटेश अय्यर और रिंकू सिंह के अहम विकेट झटके। ये तीनों विकेट उन्होंने 11वें से 15वें ओवर के बीच निकाले, जिससे केकेआर की पारी लड़खड़ा गई। केकेआर ने 10 ओवर तक 107/2 का स्कोर बना लिया था, लेकिन इसके बाद क्रुणाल की स्पिन ने उन्हें रोक दिया।

प्लेयर ऑफ द मैच बने क्रुणाल ने मैच के बाद कहा, "जब आप इतने बड़े क्राउड के सामने खेलते हैं, तो आपको एकाग्रचित्त होना पड़ता है। मैंने वही किया। जब मैंने अपने दूसरे ओवर में वापसी की (पहले ओवर में 15 रन देने के बाद)। मैंने इस बात पर फोकस किया कि मुझे कहां गेंदबाजी करनी है। अगर मार पड़े भी, तो सिर्फ अच्छी गेंद पर पड़े।" मैच-अप की रणनीति के हिसाब से आरसीबी के नए कप्तान रजत पाटीदार ने क्रुणाल को देर से गेंदबाजी के लिए बुलाया, क्योंकि केकेआर के मिडिल ऑर्डर में कई बाएं हाथ के बल्लेबाज थे। लेकिन क्रुणाल ने इन उम्मीदों को गलत साबित करते हुए उनमें से दो को आउट किया।



इनमें से एक वेंकटेश अय्यर थे, जो क्रुणाल की एक तेज बाउंसर से चौंक गए और हेलमेट मंगवाना पड़ा। क्रुणाल ने कहा, "आपको खेल के प्रवाह के साथ चलना पड़ता है। क्रिकेट का विकास हो रहा है, बल्लेबाजों के स्किलसेट भी बदल रहे हैं, वे लगातार अच्छे शॉट्स खेलने में सक्षम हैं। इसलिए आपको भी अपने खेल को बेहतर बनाना होगा।"

"मैंने तेज गेंदबाजी इसलिए की ताकि बल्लेबाजों को कम समय मिले। गति में बदलाव भी मेरी पहचान है। जितेश (शर्मा, विकेटकीपर) जानते हैं कि मैं कभी भी कुछ भी कर सकता हूं – वाइड यॉर्कर या बाउंसर। वह इसके लिए तैयार रहता है। अगर आपके पास कोई हुनर है जिससे आप फ़ायदा उठा सकते हैं, तो क्यों न करें?"

क्रुणाल अकेले स्पिनर नहीं थे जिन्होंने प्रभाव डाला। आरसीबी के लेगस्पिनर सुयश शर्मा ने भी औसत शुरुआत के बाद अच्छी वापसी की। पहले तीन ओवरों में 41 रन देने के बावजूद, जब कप्तान पाटीदार ने उन्हें 16वें ओवर में फिर से गेंदबाजी सौंपी, तो उन्होंने आंद्रे रसेल को गुगली पर आउट कर दिया।

पाटीदार ने कहा, "हमारा फोकस साफ था कि हमें आंद्रे रसेल का विकेट चाहिए था। मुझे कोई दिक्कत नहीं थी कि सुयश रन दे रहे थे, क्योंकि वह हमारे मुख्य गेंदबाज हैं और मैंने उन पर भरोसा किया। इसके लिए गेंदबाजों को पूरा क्रेडिट जाता है। 13 ओवर तक केकेआर का स्कोर 130 के आसपास था। वहां से हमारे गेंदबाजों ने हिम्मत दिखाई, जो काबिल ए तारीफ़ है।"

दूसरी ओर केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 10वें ओवर के बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरने को हार की वजह बताया। सुनील नारायण और रहाणे के बीच 103 रनों की साझेदारी के बाद केकेआर की टीम 174/8 तक ही पहुंच पाई।

रहाणे ने कहा, "जब मैं और वेंकटेश बल्लेबाजी कर रहे थे, तब हमें लगा कि 210-220 रन बनाना संभव है, लेकिन दो-तीन विकेट गिरने से पूरा मोमेंटम बदल गया। पिच पर थोड़ी ओस थी, लेकिन आरसीबी ने पावरप्ले में शानदार बल्लेबाजी की। मुझे लगा कि इस विकेट पर 170-180 रन कम थे, हमारा लक्ष्य 200+ रन बनाने का था। पावरप्ले में जल्दी विकेट मिलते तो फर्क पड़ सकता था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।"

## सुरक्षा घेरा तोड़कर विराट के पास पहुंचा प्रशंसक

कोलकाता, एजेंसी। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली अपने प्रशंसकों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। उनकी प्रति प्रशंसकों में कितनी दीवानगी है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आईपीएल के पहले मैच में विराट का एक प्रशंसक सुरक्षा घेरे को लांघकर उनके पास पहुंच गया। इस मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से विराट ने शानदार अर्धशतक लगाकर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) केकेआर के खिलाफ मिली जीत में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान कोहली को देखने भारी तादाद में प्रशंसक मैदान में पहुंचे थे। इसी बीच एक प्रशंसक मैदान पर आ गया और उसने कोहली के पैर छूये। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ है।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 115 रनों से हराया

**माउंट माउंगानुई (न्यूजीलैंड), एजेंसी।** न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच 5 टी 20 मैचों की सीरीज का तीसरा मैच 21 मार्च को खेला गया था. इस मैच में सिर्फ 16 ओवर में पाकिस्तान ने 1 विकेट के नुकसान पर 207 रन बनाकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी. इस जीत के बाद पाकिस्तान टीम और उसके फैंस का जोश सातवें आसमान पर था लेकिन सिर्फ 48 घंटे में कीवी टीम ने ये नशा उतार दिया है. चौथे टी 20 में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 115 रन के बड़े अंतर से हराकर 3-1 की अजेय बढ़त ले ली है.

बे ओवल में खेले गए इस मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था. कीवी टीम को टिम सिफर्ट और फिन एलेन ने धमाकेदार शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 4.1 ओवर में 59 रन जोड़ दिए. इसके बाद फिन एलेन ने दूसरे विकेट के लिए मार्क चेपमैन के साथ 24 गेंद में 49 रन जोड़ बड़े स्कोर की नींव रख दी. सिफर्ट 22 गेंद में 44 और फिन 20 गेंद में 50 रन बनाकर आउट हुए. माइकल ब्रेसवेल 26 गेंद पर नाबाद 46 रन बनाए. चैपमेन ने 24 और मिचेल ने 29 रन बनाए. कीवी टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 220 रन बनाए थे. हालांकि जैसी शुरुआत थी उसे देखते हुए टीम 20 से 25 रन कम रह गई.



पाकिस्तान की तरफ से हारिस रऊफ एकमात्र ऐसे गेंदबाज रहे जिन्हें रन नहीं पड़े और विकेट भी मिले. रऊफ ने 4 ओवर में 27 रन देकर 3 विकेट लिए. शाहिन ने 4 ओवर में बिना विकेट के 49, शादाब ने 4 ओवर में बिना विकेट के 49 रन लुटाए. अबरार अहमद ने 4 ओवर में 41 रन देकर 2 और अब्बास अफरीदी ने 3 ओवर में 38 रन देकर 1 विकेट लिए.

पिछले मैच में 16 ओवर में 200 से उपर का लक्ष्य हासिल कर इतरा रही पाकिस्तान के लिए इस मैच में 100 से भी उपर जाना मुश्किल था. पाकिस्तान ने 56 के स्कोर पर अपने 8 विकेट गंवा दिए थे. अब्दुल समद 44 और इरफान खान नियाजी 24 के अलावा कोई भी बल्लेबाज 2 अंकों में नहीं पहुंच सका. जैकब डफी ने 4, जैकेरी फॉक्स ने 3,विल ओ रुर्क, जेम्स निशम, ईश सोढ़ी 1-1 विकेट लिए.

# आरोन फिंच ने कहा, कोहली हैं ना, इसलिए आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं रोहित

**मुंबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पास किसी भी युवा टी20 स्टार की तरह बेहतर स्ट्राइक-रेट से रन बनाने की कला है, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम का कॉम्बिनेशन ऐसा है कि उन्हें बिना जोखिम के बड़ा स्कोर खड़ा करने पर ध्यान देना होगा। फिंच ने कहा कि रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी लगातार अधिक जोखिम भरा क्रिकेट खेल रहे हैं। कोहली हालांकि 2023 में 140 और 2024 में 154.70 के स्ट्राइक रेट से 741 रन बनाकर धीमी बल्लेबाजी करने का मिथक तोड़ने में सफल साबित हुए हैं। फिंच से पूछा गया कि क्या कोहली को आरसीबी को पूरा फायदा दिलाने के लिए अपने खेल में बदलाव करने की जरूरत है। इस पर पूर्व खिलाड़ी ने कहा, ''मेरा सवाल यह है कि आप कोहली से (आईपीएल) सत्र में 700 या 800 रन देखना चाहते हैं या आप उनसे 400 रन से खुश रहने वाले हैं, अगर आप कोहली से अधिक स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की उम्मीद करते हैं तब निरंतरता में कमी आयेगी। फिंच ने कहा, इसलिए मुझे नहीं लगता कि इसमें कोई बहुत बड़ा बदलाव करने की जरूरत है। शायद यह गति को थोड़ा बदलने जैसा है। मुझे उससे बड़ी पारी की उम्मीद होगी। फिंच ने माना कि टीमों के पावरप्ले ओवरों को लेकर खेल में काफी बदलाव आया है, लेकिन हर बल्लेबाज की ताकत अलग है। उन्होंने कहा, यह सिर्फ उन खिलाड़ियों के बारे में नहीं है जो मैदान पर उतरते ही पहली गेंद से 200 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करने की कोशिश करते है। मुझे लगता है कि एक ही टीम में सात बल्लेबाजों से ऐसा करने के लिए कहना अवास्तविक है। उन्होंने कहा, ''मुझे पता है कि पिछले दो सत्रों में खेल एक नए स्तर पर चला गया है। लेकिन आपको अभी भी मजबूत नींव तैयार करने की जरूरत होती है और आपको इसतरह के खिलाड़ी चाहिये जो पारी के अंत तक लगातार स्ट्राइक बदलने और बल्लेबाजी करने में सक्षम हो।''



भारत के वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा का आईपीएल स्ट्राइक रेट भी कोहली की तरह ही है, लेकिन उन्होंने पिछले कुछ सालों से अधिक आक्रामक रवैये के साथ बल्लेबाजी की है।

# अजिंक्य रहाणे ने करारी हार के बाद कहा, घबराने की जरूरत नहीं

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल के शुरुआती मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से मिली सात विकेट की करारी हार के बाद कहा कि अभी किसी भी तरह से घबराने की जरूरत नहीं है।

मौजूदा चैंपियन कोलकाता की टीम ने बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत की थी लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाई और आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी। आरसीबी ने 22 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर दिया।

रहाणे ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' यह सत्र का हमारा पहला मैच था तथा हमारे पास कुछ ऐसे बल्लेबाज हैं जो आक्रामक होकर खेलना पसंद करते हैं। मैं कुछ खास विभाग की चर्चा नहीं करना चाहता हूं। हमने कुछ क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया। कुछ क्षेत्र ऐसे होते हैं जिनमें एक टीम और एक खिलाड़ी के रूप में सुधार की हमेशा गुंजाइश रहती है।



उन्होंने कहा, ''हमें किसी तरह से घबराने की जरूरत नहीं है। हमें अपने प्रदर्शन पर बहुत अधिक विचार करने की भी जरूरत नहीं है। गेंदबाजों के लिए यह मुश्किल प्रारूप है। हमारे गेंदबाजों ने अपनी तरफ से अच्छा प्रयास किया। वे कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मेरे लिए यह हमेशा नियंत्रण बनाए रखने से जुड़ा है।'''

# वसीम जाफर ने ऑरेंज और पर्पल कैप को लेकर कर दी भविष्यवाणी

**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल 2025 का आगाज होने को है, इसके पहले पूर्व क्रिकेटरों का टूर्नामेंट को लेकर भविष्यवाणी देने का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मौजूदा जानकार वसीम जाफर ने सबसे ज्यादा रन और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी को लेकर अपनी भविष्यवाणी की है। जाफर ने इस बार ऑरेंज कैप के लिए साई सुदर्शन को, पर्पल कैप के लिए अर्शदीप सिंह को दावेदार बता दिया है। साई गुजरात जाएंट्स का हिस्सा हैं, वहीं अर्शदीप पंजाब किंग्स के लिए खेल रहे हैं। इस जोड़ी की भिड़ंत 25 मार्च को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगी।



गुजरात टाइटंस ने 2024 सीजन के बाद साई सुदर्शन को 8.50 करोड़ रुपये में रिटेन किया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने बीते सीजन शानदार प्रदर्शन कर 12 पारियों में 47.91 की औसत और 141.29 की स्ट्राइक रेट से 527 रन बनाए थे। वे जीटी के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और कुल मिलाकर छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

वहीं अर्शदीप ने भी 2024 सीजन के दौरान अपना बेहतर प्रदर्शन किया था। उन्होंने 14 पारियों में 26.58 की औसत और 10.03 की इकॉनमी रेट से 19 विकेट झटके थे। हालांकि उन्हें सीजन के बाद पीबीकेएस द्वारा रिटेन नहीं किया गया, लेकिन फ्रैंचाइजी ने उन्हें राइट-टू-मैच कार्ड के जरिए 18 करोड़ रुपये में आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में अपने स्क्वॉड में फिर शामिल किया। पिछले दो सीजन में ऑरेंज कैप और पर्पल कैप भारतीय खिलाड़ियों ने जीती हैं। 2024 में विराट कोहली और हर्षल पटेल क्रमशः सबसे ज्यादा रन और विकेट लेने वाले खिलाड़ी रहे, जबकि 2023 में शुभमन गिल और मोहम्मद शमी ने इस पहना था। जोस बटलर (2022) और कैगिसो रबाडा (2020) क्रमशः ऑरेंज कैप और पर्पल कैप जीतने वाले अंतिम विदेशी खिलाड़ी थे।

**फीबा विश्व कप** | **भारत ने फीबा एशिया कप 2025 में अपना स्थान सुरक्षित किया**

# भारत ने फीबा विश्व कप क्वालीफायर 2027 के लिए टिकट बुक किया

**मनामा, एजेंसी।** भारत ने ग्रुप एच में बहरीन को 81-77 से हराकर अंतिम क्वालीफाइंग चरण से फीबा एशिया कप 2025 में अपना स्थान सुरक्षित किया, जबकि चीनी ताइपे और गुआम ने ग्रुप जी में 1-2 पर रहकर अपना स्थान सुरक्षित किया।

बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने एक्स पर पोस्ट किया, "भारतीय कैगर्स ने बहरीन और इराक पर जीत के साथ ग्रुप एच में दबदबा बनाया, फीबा एशिया कप 2025 में अपना स्थान सुरक्षित किया और इतना ही नहीं – उन्होंने फीबा विश्व कप 2027 क्वालीफायर के लिए भी अपना टिकट बुक कर लिया है। "

फ्लोर के दोनों छोर पर अरविंद कृष्णन और प्रणव प्रिंस के क्लच प्ले ने भारत को 12 अंकों की बड़ी बढ़त हासिल करने के बाद महत्वपूर्ण जीत हासिल करने में सक्षम बनाया। 1:54 मिनट शेष रहते हुए भारत 2 अंक से पीछे चल रहा था।



फीबा एशिया कप 2025 के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के ग्रुप एच में यह भारत की दूसरी सीधी जीत थी। उन्होंने शुक्रवार को अपने दूसरे ग्रुप एच मैच में इराक को 97-77 से हराया था।

भारत की जीत के बाद, रविवार रात को बहरीन और इराक के बीच मुकाबला अब सऊदी अरब के जेद्दा में 5-17 अगस्त तक होने वाले शोपीस के 16वें और आखिरी टिकट के लिए वर्चुअल नॉकआउट बन गया है।

हर्ष डागर ने आर्क से परे 6-8 क्लिप पर 28 अंक बनाकर जीत में शानदार प्रदर्शन किया, क्योंकि उन्होंने भारत को शुरुआत में ही लय हासिल करने में मदद की। उन्होंने 3 रिबाउंड, 3 असिस्ट और 2 स्टील भी लिए, जिससे उनका प्रदर्शन 30 रहा।

कंवर संधू ने 15 अंक लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि प्रिंस और हफीज की जोड़ी ने 11 अंक और 8 रिबाउंड के बराबर अंक हासिल किए और कुल 8 असिस्ट किए।

ऐसा लग रहा था कि भारत ने मैच पर पूरी तरह से नियंत्रण हासिल कर लिया है, जब उन्होंने चौथे क्वार्टर में 62-53 की बढ़त बनाई, लेकिन घरेलू टीम को रैली करने और सुबह अज्जम के पीछे 77-75 से आगे निकलने का मौका दिया। हालांकि, कृष्णन ने स्क्रीन का उपयोग करके बाएं विंग से तीन-पॉइंटर के लिए खींचकर खुद को फिर से बढ़त दिलाई, 78-77, 1:39 मिनट शेष रहते हुए।

भारत के मुख्य कोच स्कॉट फ्लेमिंग ने कहा, "मुझे अपने खिलाड़ियों पर गर्व है, वे यहां आकर दो मैच जीत गए, जबकि यह आसानी से दूसरे रास्ते पर जा सकता था। एशिया कप क्वालीफायर में यह हमारी तीसरी जीत है और ये ऐसे क्षेत्र हैं, जहां हम लंबे समय से नहीं पहुंच पाए हैं। यह सब उनके बारे में है। मैं बस उन्हें जीतने की स्थिति में लाने की कोशिश कर रहा हूं और वे यहां से आगे बढ़ेंगे। हमें अभी भी काम करने की जरूरत है मुझे इन खिलाड़ियों पर गर्व है। हम एशिया कप जा रहे हैं।"



# स्टाइलिश लुक देने में मदद करेंगे चिकनकारी वर्क वाली कुर्ती स्टाइल सलवार-सूट

**किसी पार्टी में जाना हो या ऑफिस में पहनना हो। सलवार-कमीज के डिजाइंस में आपको कई तरह की वेरायटी देखने को मिल जाएगी। वहीं डिजाइन और फैब्रिक के लिए मौसम को समझना भी काफी जरूरी होता है। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है और इस मौसम में त्वचा को ठंडक देने वाले डिजाइन और रंगों का चुनाव करना चाहिए। डिजाइन की बात करें तो चिकनकारी वर्क को काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। तो आइये देखते हैं चिकनकारी वर्क वाले सलवार-सूट के खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन सलवार-सूट को स्टाइल करने के आसान टिप्स-**

### फ्रॉक स्टाइल सलवार-सूट


शॉर्ट कुर्ती में आजकल फ्रॉक या पेप्लम स्टाइल कुर्ती सूट को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। इस तरीके के सूट के साथ में आप चिकनकारी वर्क वाले शरारा को स्टाइल कर सकते हैं। सूट के साथ में आप चाहे तो दुपट्टे को स्किप भी कर सकती हैं। इस तरीके का सूट आपको मार्केट में रेडीमेड 1,000 रुपये में मिल जाएगा।

### कलीदार सलवार-सूट

कलीदार सूट एवरग्रीन फैशन में रहता है। इस तरह के लॉन्ग फ्लोर लेंथ कलीदार कुर्ती स्टाइल आपको मार्केट में लगभग 1500 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। इसमें आपको फुल स्लीव्स के आलावा स्कूप नेक डिजाइन में भी कई तरह के वर्क वाले सूट देखने को मिल जाएंगे। आप चाहे तो इस तरह के सूट के साथ में लॉन्ग स्कर्ट को भी पहन सकती हैं।

### ऑम्ब्रे डिजाइन सलवार-सूट

आजकल ऑम्ब्रे शेड फैशन ट्रेंड में काफी ज्यादा नजर आ रहा है। इसमें आपको कई कलर्स देखने को मिल जाएंगे। चिकनकारी वर्क में आपको इस तरह में लूज डिजाइन के कुर्ती स्टाइल सूट में काफी सारी वेरायटी देखने को मिल जाएगी। इस तरह का सूट आपको फैब्रिक खरीदकर खुद सिलवाना पड़ेगा। वहीं इस तरह के लुक के साथ में आप पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी को स्टाइल करें।





# 2 से 5 साल के बच्चों को डिसिप्लिन सिखाने का ये है बेस्ट तरीका

**दुनिया तेजी से बदल रही है। इसी के साथ माता-पिता के सामने कई चुनौतियां भी बढ़ती जा रही हैं। सबसे बड़ी चुनौती है, बच्चों को अनुशासित बनाने की। हर माता-पिता के मन में यह प्रश्न रहता है कि बच्चे को अनुशासन कैसे सिखाया जाए? हाल के दिनों में जिस तरह से बच्चों में अनुशासनहीनता की घटनाएं बढ़ी हैं, उसे देखते हुए यह चिंता जायज भी लगती है। बच्चों को अनुशासित बनाने का प्रयास जितनी जल्दी प्रारंभ कर दिया जाए, उतना सही परिणाम मिल सकता है। दो से पांच साल तक की उम्र बच्चों के व्यवहार को निर्धारित करने में बड़ी भूमिका निभाती है।**

कहने की नहीं, करने की है जरूरत बच्चे शब्दों से ज्यादा क्रियाओं पर ध्यान देते हैं। इसलिए, उन्हें अनुशासित बनाने की पहली शर्त है– आपका स्वयं अनुशासित होना। अगर आप बातचीत में अपशब्दों का प्रयोग करते हैं, तो बच्चे को यह सिखाना व्यर्थ है कि उसे अच्छा बोलना चाहिए। बच्चे को यह बताने का प्रयास मत कीजिए कि उसे क्या नहीं करना है। बल्कि, उसके समक्ष इस बात का उदाहरण दीजिए कि उसे क्या करना है। आपका संतुलित व्यवहार उसे स्वयं ही आप जैसा बनने के लिए प्रेरित करेगा। बच्चे को चिल्लाकर चुप रहने की सीख नहीं दी जा सकती है।

### तर्क के साथ रखें पक्ष

बच्चों को व्यवहार से जुड़ी कोई सीख देते समय उनके मन में उठने वाले प्रश्नों पर ध्यान दें। यदि वह पलटकर कोई प्रश्न करे, तो आपको उसका तार्किक समाधान देना चाहिए। इससे बच्चा आपकी कही हर बात को आत्मसात कर पाता है। जैसे ही आप उसके प्रश्नों पर उसे डांटकर चुप कराने और बस आपका निर्देश पालन करने के लिए कहते हैं, वह उन बातों को न अपनाने के लिए प्रेरित होता है।

### पहली गलती पर ही रोकें

बच्चों के व्यवहार में सबसे बड़ी भूमिका माता–पिता की होती है। कई बार छोटे बच्चे की किसी गलती को माता–पिता और परिवार के अन्य सदस्य ही हंसकर टाल देते हैं। कई बार बच्चे की तोतली आवाज में अपशब्द सुनकर सभी को हंसी आ जाती है।

कई बार जिद में जब बच्चा किसी बड़े पर हाथ उठाता है, तब भी यह कहकर टाल दिया जाता है कि बच्चा है, सीख जाएगा। यह गलत है। बच्चे की किसी भी ऐसी बात का समर्थन मत कीजिए, जो आप चाहते हैं कि उसकी आदत का हिस्सा न बने।

पहली ही गलती पर उसे रोकें। इसके लिए गुस्सा करने या डांटने की जरूरत नहीं है, लेकिन धीमी आवाज में दृढ़ता से उसे यह अवश्य बताएं कि यह काम सही नहीं है। इससे बच्चा उस गलती को दोहराने से बचता है।

### इच्छा और जिद का अंतर समझें

कई बार माता–पिता अपने बच्चे की हर इच्छा पूरी करने के प्रयास में उसे जिद्दी बना देते हैं। ऐसा न करें। आपको इच्छा और जिद के बीच के अंतर को समझना होगा। बच्चे को यह समझ में आना चाहिए कि उसकी कही हर बात या उसकी हर मांग पूरी नहीं की जा सकती है। उसकी इच्छाएं जिद में न बदले, इसका प्रयास करना जरूरी है।

### अच्छे की प्रशंसा करें

बच्चों को गलती करने पर टोकना जितना जरूरी है, अच्छा करने पर प्रशंसा भी उतनी ही जरूरी है। बच्चे को अच्छी आदतों के लिए प्रोत्साहित करें और जब वह कुछ अच्छा करे, तो उसकी प्रशंसा करके उत्साह भी बढ़ाएं। इससे बच्चे को सही और गलत के बीच अंतर समझने में आसानी होती है। वह अपने कार्यों में इस अंतर को समझ पाता है कि क्या करने पर उसे टोका जा रहा है और क्या करने पर प्रशंसा मिल रही है।





# लंबे समय से खराब पड़ी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का इन कामों में करें इस्तेमाल

**अगर आप बैटरी को खोलते हैं या उसे किसी इक्विपमेंट में इस्तेमाल करते हैं, तो यह खतरनाक हो सकता है। इसके साथ ही यहां कुछ काम दिए गए हैं, जिनमें आप अपनी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का उपयोग कर सकते हैं।**

पुरानी इन्वर्टर बैटरी को खराब होने के बावजूद भी कई कामों में इस्तेमाल किया जा सकता है। यहां कुछ ऐसे कामों की लिस्ट है, जिनमें आप इस बैटरी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस बात का ध्यान दें कि इन्वर्टर बैटरी में जहरीले रसायन होते हैं। इनका इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतें और सिक्योरिटी इक्विपमेंट पहनें। अगर आप बैटरी को खोलते हैं या उसे किसी इक्विपमेंट में इस्तेमाल करते हैं, तो यह खतरनाक हो सकता है। अगर आप अनिश्चित हैं कि क्या करना है, तो कृपया टेक्निशियन से सलाह ले सकते हैं। इसके साथ ही यहां कुछ काम दिए गए हैं, जिनमें आप अपनी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का उपयोग कर सकते हैं।

### ऑफ-ग्रिड बिजली

अगर आपके पास बिजली की आपूर्ति नहीं है, तो आप पुरानी इन्वर्टर बैटरी का इस्तेमाल सौर पैनलों के साथ ऑफ–ग्रिड बिजली प्रोसेस बनाने के लिए कर सकते हैं। यह आपके घर या कारोबार को बिजली प्रदान करने में मदद कर सकता है, भले ही आपके पास ग्रिड से कनेक्शन न हो। बैटरी को ऑफ ग्रिड लाइटिंग प्रणाली के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, जैसे कि लैंटर्स या फ्लैशलाइट्स।

### बैकअप पावर

आप अपनी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का इस्तेमाल बिजली कटौती के दौरान बैकअप पावर स्रोत के तौर पर कर सकते हैं। यह आपके कंप्यूटर, इक्विपमेंट को चालू रखने में मदद कर सकता है।

### पोर्टेबल पावर

आप अपनी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का इस्तेमाल पोर्टेबल पावर स्रोत बनाने के लिए कर सकते हैं। यह आपके कैंपिंग, टेलगेटिंग या अन्य बाहरी गतिविधियों के लिए उपयोगी हो सकता है।

### DIY परियोजनाएं

आप अपनी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का उपयोग विभिन्न DIY परियोजनाओं के लिए कर सकते हैं, जैसे कि सौर चार्जर, इलेक्ट्रिक गो–कार्ट या आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था बनाना।

### स्टोरेज

आप अपनी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का इस्तेमाल अन्य वस्तुओं को स्टोर करने के लिए कर सकते हैं, जैसे कि इक्विपमेंट , खिलौने या मौसमी सजावट। यह ध्यान रखना जरूरी है कि पुरानी इन्वर्टर बैटरी की क्षमता कम हो जाती है।

### साइकिल या ऑटोमोबाइल बैटरी

इसे साइकिल या ऑटोमोबाइल की बैटरी के तौर पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे कि इसे एक उपयोगी विधिमान के रूप में दोबारा इस्तेमाल में लाया जा सके। इन सबके अलावा लंबे समय से खराब पड़ी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का इस्तेमाल टेबलटॉप प्लांटर्स, वॉल हैंगिंग, साइड टेबल, कुर्सियां, गार्डन ऑर्नामेंट्स, लाइटिंग फीचर्स, लैंप बेस, फेयरी लाइट्स, स्कल्पचर, छोटे आइटम्स के लिए बॉक्सस, टूल होल्डर, थीम्ड डेकोरेशन, इंडस्ट्रियल थीम, रस्टिक थीम, पेंटिंग और सफाई के कामों में इस्तेमाल किया जा सकता है। ये नई बैटरी की तरह लंबे समय तक नहीं चल सकती हैं। इनका इस्तेमाल करने से पहले उनकी क्षमता का परीक्षण करना सुनिश्चित करें। पुरानी इन्वर्टर बैटरी का निपटान करते समय, यह सुनिश्चित करें कि आप इसे रीसायकल करें या इसे जिम्मेदारी से हटा दें। इन्वर्टर बैटरी में सीसा और अन्य खतरनाक सामग्री होती है। इन्हें पर्यावरण में नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

### कबाड़ इन्वर्टर बैटरी बेचकर मुनाफा कमाना

पुरानी इन्वर्टर बैटरी को बेचकर आप एक अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अगर आप प्रति किलो 70 से 80 रुपये का मुनाफा कमा रहे हैं, तो 50 किलो की बैटरी से 3500 से 4000 रुपये और 70 किलो की बैटरी से 4900 से 5600 रुपये कमा सकते हैं। सुनिश्चित करें कि आप सभी जरूरी सावधानियों का पालन कर रहे हैं और बैटरियों को सही तरीके से निस्तारित कर रहे हैं।



# गर्मी के मौसम में इन तरीके से करें घर का मेकओवर

**वर्तमान समय में लोग अपने घर को त्योहार और मौसम के हिसाब डेकोरेट और सेट करना पसंद करते हैं। खासतौर से गर्मी के मौसम में घर को अलग तरीके से सेट करना जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में घर से जल्दी बदबू आने लगती है।**

इस मौसम में अगर आप अपने घर को सही तरीके से सेट करके रखेंगी, तो इस समस्या का सामना करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस लेख में आज हम आपको कुछ ऐसे मेकओवर आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जिनकी मदद से आप गर्मी के हिसाब से इसे डेकोरेट कर सकती है।

### नेचुरल लुक पसंद करने वाले करें ये काम

अगर आपको नेचुरल लुक पसंद है तो फूल पत्तियों के प्रिंट वाले कॉटन कुशन, सोफा कवर और टेबल कवर बिछाएं। इसके अलावा कमरे को और आकर्षक बनाने के लिए दीवारों पर प्रिंटेड कॉटन कर्टन लगाएं।

### कमरे में लगाएं सीजनल प्लांट्स

घर को प्राकृतिक लुक देने के लिए घर के अंदर और चारों ओर पत्तेदार पौधे लगाएं। इंडोर प्लांट्स घर के इंटीरियर लुक को बढ़ाने का काम करता है। प्लांट नेचुरल एयर फिल्टर की तरह काम करते हैं, जो घर की वायु को शुद्ध रखते हैं। फर्न्स और ऑर्किड्स जैसे प्लांट को आप बालकनी और घर में लगा सकती हैं।

### सुगंधित मोमबत्ती का करें इस्तेमाल

अच्छी सुगंध हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करने का काम करती है। ऐसे में आप अपने कमरे व घर में सुगंधित मोमबत्ती का इस्तेमाल कर सकती हैं। गर्मी के मौसम में अगर आप कमरे में ताजगी और प्यारी सी सुंगध चाहते हैं, तो फ्रेग्रेंस कैंडल का यूज करें।

### पर्दा और ब्लाइंड का करें यूज

गर्मी के मौसम में कमरे बहुत ज्यादा गर्म होने लगते हैं। इससे बचने के लिए आप पर्दे और ब्लाइंड का उपयोग कर सकते हैं। ये दोनों चीजें सूरज की किरणों को कमरे में आने से रोकती है, जिससे हवा की मदद से गर्म लू अंदर नहीं आती है।



इसके अलावा पर्दा लगाते समय उनके फैब्रिक का खास ध्यान दें।

### मोटे कालीन का न करें इस्तेमाल

सर्दियों में हम सभी ठंड से बचने के लिए कालीन का इस्तेमाल करते हैं। ये कालीन ठंड के साथ–साथ घर के लुक में चार–चांद लगाने का काम करते हैं। अगर आप अभी भी इन कालीन को बिछा कर रखा हुआ है तो इन्हें बदल दें। इनकी जगह पतले और हल्के कालीन का उपयोग करें।



## सिकंदर की रिलीज से पहले लाफ्टर शेफ्स में नजर आएंगे सलमान

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसमें रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म इस महीने के अंत में रिलीज होने वाली है। ऐसे में अब सलमान खान ने फिल्म का प्रचार भी शुरू कर दिया है। अब खबर आई है कि सलमान खान सिकंदर का प्रचार एक शो में करेंगे।

रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान खान फिल्म को प्रमोट करने के लिए लाफ्टर शेफ्स-अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 2 में नजर आएंगे। इंडिया फोरम की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सलमान खान की आगामी एपिसोड में कुकिंग-आधारित शो लाफ्टर शेफ्स-अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट में एक विशेष उपस्थिति होगी। हालांकि, इस बारे में अभिनेता या निर्माताओं की ओर से आधिकारिक मुहर का इंतजार है।

### इस दिन आएगा फिल्म का ट्रेलर

इससे पहले फिल्म के ट्रेलर पर अपडेट सामने आया था। सलमान खान की सिकंदर का ट्रेलर आठ दिनों के भीतर रिलीज होने वाला है। निर्माताओं ने फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बनाए रखने के लिए कई प्रोमो और दो टीजर जारी किए हैं। यहां तक कि फिल्म के दो गाने भी रिलीज हो चुकी हैं। अब खबर है कि फिल्म का ट्रेलर सिनेमाघरों में इसकी रिलीज से ठीक एक हफ्ता पहले जारी किया जाएगा।

### फिल्म की शूटिंग पूरी

आज निर्माताओं ने फिल्म का तीसरा गाना सिकंदर नाचे का टीजर भी जारी किया है। सलमान खान और एआर मुरुगादॉस ने सिकंदर के लिए पहली बार साथ काम किया है। सलमान ने अपने किक के निर्देशक साजिद नाडियाडवाला के साथ फिर हाथ मिलाया है। हाल ही में सलमान खान ने फिल्म का आखिरी सीन शूट किया था, जो इसका डांस नंबर ही था। फिल्म का संपादन पूरा हो चुका है और वीएफएक्स और बैकग्राउंड पर काम चल रहा है।

### कब रिलीज होगी फिल्म

सलमान खान ने फिल्म के लिए डबिंग भी शुरू कर दी थी। इस फिल्म में सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल, सत्यराज और प्रतीक बब्बर भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। सलमान के साथ यह रश्मिका की पहली फिल्म है। यह फिल्म ईद 2025 के मौके पर 30 मार्च को सिनेमाघरों में आने वाली है।



# जगन शक्ति की मूवी में तमन्ना की एंट्री? साथ दिखेंगे अजय देवगन



निर्देशक जगन शक्ति की आगामी फिल्म में कथित तौर पर तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। वहीं इस फिल्म में उनके साथ अजय देवगन और संजय दत्त की भी होने की उम्मीद है। इस फिल्म की शूटिंग मार्च के आखिर में शुरू होगी। यह एक एक्शन-ड्रामा फिल्म हो सकती है। तमन्ना भाटिया मिशन मंगल फिल्म निर्माता जगन शक्ति द्वारा निर्देशित एक रोमांचक नई फिल्म में अजय देवगन और संजय दत्त के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हालांकि, फिल्म के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फिल्म में तीनों का एक्शन अवतार देखने को मिल सकता है। कथित तौर पर इस फिल्म का नाम रेंजर रखा गया है। इसे लव फिल्म्स बना रही है, जिसके साथ अजय देवगन पहले दे दे प्यार दे फिल्म पर काम कर चुके हैं। इस फिल्म में संजय दत्त विलेन की भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म की शूटिंग मार्च के आखिर में शुरू होगी। खबर के मुताबिक, फिल्म के डायरेक्टर जगन शक्ति ने तमन्ना भाटिया को मुख्य भूमिका के लिए चुना है। तमन्ना अप्रैल के पहले हफ्ते में अजय देवगन और संजय दत्त के साथ शूटिंग शुरू करेंगी। यह फिल्म एक्शन और रोमांच से भरी होगी।

### मार्च के आखिरी में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

कथित तौर पर तमन्ना इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं। उनकी भूमिका अच्छी तरह लिखी गई है और इसमें एक खास मोड़ भी है। उन्होंने फिल्म के लिए अपनी कई तारीखें दी हैं और तैयारी शुरू कर दी है। तमन्ना ने डायरेक्टर जगन शक्ति के साथ स्क्रिप्ट पर भी कई बार चर्चा की है। फिल्म में कई बड़े कलाकार होंगे, लेकिन उनके नाम अभी छिपाए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म को पूरे साल में अलग-अलग चरणों में शूट किया जाएगा और 2026 में सिनेमाघरों में बड़े स्तर पर रिलीज होगी। कथित तौर पर यह एक महंगी फिल्म होगी। फिल्म में नए तरह के सींस होंगे और अजय नई तकनीक से कुछ खास करने के लिए तैयार हैं।



## इम्तियाज अली बना सकते हैं रॉकस्टार 2

बॉलीवुड निर्देशक इम्तियाज अली कथित तौर पर अपनी फिल्म रॉकस्टार का सीक्वल बन सकता है। जब 2011 में रणबीर कपूर की फिल्म रॉकस्टार रिलीज हुई थी, तब दर्शकों ने इसे बेहद पसंद किया था। यही वजह है कि इस फिल्म का सीक्वल बन सकता है।

क्या बनेगी रॉकस्टार 2

रणबीर कपूर को दर्शकों ने फिल्म रॉकस्टार में जॉर्डन के करिदार में बेहद पसंद किया था। फिल्म की कहानी से लेकर इसका म्यूजिक दर्शकों के बीच काफी मशहूर हुआ। ओटीटी प्ले की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इम्तियाज ने कहा है कि शायद अब सही वक्त है कि रॉकस्टार 2 बनाई जाए। सवाल यह है कि क्या यह सच में होगा और अगर हां, तो कब?

### रॉकस्टार को लेकर इम्तियाज का नजरिया

ओटीटीप्ले की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इम्तियाज ने हाल ही में एक इंटरव्यू में फिल्म रॉकस्टार को लेकर कहा, कभी ना नहीं कहना चाहिए। हो सकता है कोई नया आइडिया आए और मुझे लगे कि यह रॉकस्टार की कहानी को आगे बढ़ा सकता है। कभी-कभी कोई अजीब विचार भी दिमाग में आ जाता है। इम्ताज की इन बातों से लगता है कि वह रॉकस्टार 2 बना सकते हैं।

### क्या रणबीर कपूर रॉकस्टार 2 में होंगे?

रणबीर की फिल्म एनिमल में उनके किरदार में जॉर्डन जैसी तेजी देखने को मिली थी। जिस तरह उन्होंने भावनाओं को दिखाया, वह लोगों को बहुत पसंद आया। तो अगर स्क्रिप्ट अच्छी हुई, तो रणबीर जॉर्डन या किसी ऐसे ही किरदार के साथ वापसी कर सकते हैं। लेकिन मूल फिल्म में नरगिस फाखरी का किरदार मर गया था, तो उनका सीक्वल में लौटना मुश्किल है।

## गांधारी की शूटिंग हुई पूरी, अभिनेत्री ने फिल्म को लेकर शेयर किए अनुभव



बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री तापसी पन्नू जल्द ही एक शानदार फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसके सेट से कुछ तस्वीरें सामने आईं हैं। अपनी आगामी फिल्म गांधारी की शूटिंग पूरी होने को लेकर उन्होंने एक बड़ा अपडेट किया है, जिसे लेकर उनके फैंस में उत्साह देखने को मिल रहा है। आइए जानते हैं क्या है पूरी खबर।

### जब वह धारा के विपरीत जाती हैं

हाल ही में तापसी पन्नू ने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'गांधारी' के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर कीं हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग पूरी होने का संदेश दिया है। साथ ही पोस्ट के कैप्शन में अभिनेत्री ने फिल्म से जुड़े अनुभवों को शेयर किया है। इसमें तापसी ने लिखा कि अगर इच्छा शक्ति और धैर्य नाम का कोई फ्यूल होता है, तो उन्होंने इस फिल्म में देखा। इसके अलावा एक्ट्रेस ने कहा कि जब वह धारा के खिलाफ जाने का प्रयास करती हैं, तो उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। अभिनेत्री ने लिखा कि जल्द ही वह 'गांधारी' लेकर आ रही हैं।

### मां के रोल में दिखेंगी अभिनेत्री

यह वीडियो एक्शन थ्रिलर फिल्म एक अलग तरह के प्यार को दर्शाएगा। फिल्म में मां और बच्चे के बीच गहरे संबंधों को यह फिल्म रेखांकित करेगी। पिछले कुछ महीनों पहले फिल्म को लेकर जारी हुए एक शॉर्ट वीडियो से यह जानकारी मिला थी।

### कनिका ढिल्लों के साथ आएंगी नजर

बता दें कि तापसी पन्नू और कनिका ढिल्लों 'फिर आई हसीन दिलरुबा' में एक साथ काम कर चुकी हैं। इस फिल्म को कनिका ने ही लिखा है। अब एक बार फिर दोनों की जोड़ी इस फिल्म में नजर आएगी।


## निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी फिल्म में नजर आने वाले हैं चिरंजीवी

निर्देशक अनिल रविपुडी ने इस संक्रांति के मौके पर वेंकटेश के साथ संक्रांतिकी वस्तुन्नम जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दी। इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। फिल्म ने वैश्विक रूप से बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर संक्रांति के त्योहार को और भी ज्यादा खास बना दिया था। अब अनिल एक नए प्रोजेक्ट के साथ तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म में मेगास्टार चिरंजीवी नजर आने वाले हैं। ताजा खबरों के मुताबिक अनिल ने चिरंजीवी की अगली फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी कर ली है। खबर है कि अनिल ने इस फिल्म में एक खास फ्लैशबैक सीन तैयार किया है जो रायलसीमा की पृष्ठभूमि पर आधारित होगा। चिरंजीवी इसमें लंबे समय बाद सीमा बोली में बात करते नजर आएंगे जो फैंस के लिए एक बड़े तोहफे से कम नहीं होगा। फिल्म की शूटिंग जून के पहले हफ्ते से शुरू होने की उम्मीद है।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

इस प्रोजेक्ट को साहू गरपति अपनी शाइन स्क्रीन्स बैनर तले प्रोड्यूस करेंगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो चिरंजीवी इन विश्वभरा के लिए भी काफी ज्यादा चर्चा में हैं। इस फिल्म का निर्देशन मल्लिदी वशिष्ठ ने किया है। फिल्म को इसी साल 9 मई को रिलीज करने की तैयारी है।





# स्टारकिड्स के समर्थन में उतरे हंसल मेहता

फिल्म 'नादानियां' से डेब्यू करने के बाद से सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। वजह है फिल्म को लेकर हो रही आलोचना। फिल्म में इब्राहिम के साथ एक और स्टारकिड खुशी कपूर भी नजर आई थीं। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म की काफी आलोचनाएं हो रही हैं और सोशल मीडिया पर तो लोग नेटफ्लिक्स की टीम तक को खरी-खोटी सुना रहे हैं। तो वहीं फिल्म के दोनों कलाकारों को भी लगातार ट्रोल किया जा रहा है। अब दिग्गज फिल्ममेकर हंसल मेहता इन स्टारकिड्स के समर्थन में आए हैं और उन्होंने इन टिप्पणियों को लोगों का खराब टेस्ट बताया है।

### हंसल मेहता ने किया बचाव

बातचीत में निर्देशक-निर्माता हंसल मेहता ने नादानियां फिल्म की आलोचना और स्टारकिड्स के बारे में दर्शकों की राय पर कहा, मुझे लगता है कि लोग बहुत कठोर और गलत हैं। दुख की बात यह है कि क्या हमने इन्हें मौका मिलने से पहले, इन बच्चों की तैयारी देखी है? लोग जिस तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं, वे बहुत ही खराब हैं। मुझे यकीन है कि ये टिप्पणियां इन नए बच्चों के लिए काफी दर्दनाक होंगी, लेकिन हम भूल जाते हैं कि एक समय में उनके माता-पिता ने भी बहुत ही अजीब शुरुआत की थी। बात बस इतनी है कि वे उस समय लोगों की नजरों में उतने नहीं थे, जितने अब सोशल मीडिया के कारण हैं।

### स्टारकिड होने से कोई अच्छा एक्टर नहीं हो सकता

हंसल मेहता ने इस बात पर जोर दिया कि फिल्मों को बनाने, निर्माण करने और निर्देशन के लिए जिम्मेदार लोगों को पहले यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि कलाकार और उनकी टीम उन्हें लॉन्च करने से पहले पूरी तरह से तैयार हो। निर्देशक ने कहा कि यह मान लेना गलत है कि कोई व्यक्ति सिर्फ अपने वंश के कारण या परिवार के कारण अच्छा एक्टर होगा।

### बड़े बैनर से लॉन्च होना चाहते हैं स्टारकिड

हंसल मेहता ने आगे कहा, स्टारकिड्स किसी बड़े बैनर से ही लॉन्च होना चाहते हैं, भले ही उनके पास कोई बड़ा और बढ़िया आइडिया हो या न हो। वो चाहते हैं कि कोई बड़ा इंसान उन्हें हर समय सलाह देता रहे। फिर जब मैं देखता हूं कि लोग उनका मजाक उड़ा रहे हैं, तो मुझे बहुत दुख होता है। मेरा उनसे बस यही कहना है कि वो अपना सिर नीचे रखें और सिर्फ अपने काम पर ध्यान दें। जैसे ही वे किसी चीज में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, चाहे वह बॉक्स ऑफिस पर कितनी भी अच्छी या बुरी क्यों न हो, उन्हें सम्मान मिलेगा। उनका पहला लक्ष्य अपने काम से सम्मान पाना होना चाहिए।

## मां बनने के बाद काम पर लौटने की तैयारी में दीपिका पादुकोण



हाल ही में दीपिका पादुकोण ने एक अंतराष्ट्रीय इवेंट में खुलासा किया कि वह किस तरह जिम्मेदारियों और काम के बीच संतुलन बना रही थी। अभिनेत्री ने बताया कि वह पता लगा रही थी कि मां बनने के बाद बिना पश्चाताप के काम पर कैसे लौटें। उन्होंने मां बनने के बाद सिनेमाई परदे पर वापसी को लेकर कहा कि वह इससे जूझ नहीं रही थी, बल्कि समझ रही थी। दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री हैं, वह जल्द ही फिर से काम पर लौटने वाली हैं। साल 2024 में अभिनेत्री आखिरी बार 'सिंघम अगेन' फिल्म में नजर आई थीं। इस बात से उन्होंने संकेत दे दिया है कि वह बहुत जल्द अपने अभिनय का जादू बिखेरती दिखेंगी।

एनसीआर समाचार प्रा. लि. की ओर से मुद्रक, प्रकाशक मो. हनीफ द्वारा आर.डी. प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड, ए-41 सेक्टर-8 नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित व जी-12/276बी, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा। **संपादक : मो इस्माईल खान** RNI No. DLHIN/2010/37009